# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार, 23 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 67 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1920:** ब्रिटेन के कब्जे वाले पूर्वी अफ्रीका का नामकरण केन्या किया गया और इसे ब्रिटिश उपनिवेश बना दिया गया।

**1927:** मुंबई से रेडियो सेवा का नियमित प्रसारण शुरू हुआ।

**1974:** यूनान में सैन्य शासन का अंत और पूर्व प्रधानमंत्री कौन्सटैनटिन कारमनालिस को दोबारा सत्ता संभालने का न्योता दिया गया।

### सरकारी अस्पतालों को मिले 126 नये विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी

# झारखंड में बनेगा मेडिको सिटी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के लिए आज का दिन खास रहा। चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे सरकारी अस्पतालों को 126 नये विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी मिल गए हैं। हालांकि इनकी नियुक्ति अनुबंध आधारित हुई है जिसका कार्यकाल प्रारंभ में एक साल और अधिकतम तीन वर्षों की होगी। रांची में नामकुम के आईपीएच प्रेक्षागृह में आज 22 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने नवनियुक्त इन विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर बधाई दी। जिन 126 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है उनमें सबसे अधिक 22 शिशु रोग चिकित्सक सम्मिलित हैं। इसके बाद 20 सर्जन, 19 गायनेकोलाजिस्ट, 17 एनेस्थेटिक्स, 11 जेनरल मेडिसिन, 10 हड्डी रोग विशेषज्ञ, नौ नेत्र रोग विशेषज्ञ, पांच ईएनटी विशेषज्ञ, पांच साइकेट्रिस्ट, चार रेडियोलाजिस्ट और इतने ही त्वचा रोग विशेषज्ञ सम्मिलित हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने अनुबंध पर 219 चिकित्सकों की टेंडर के जरिए नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था जिसमें 126 ने ही रुचि दिखाई। इस मौके पर नियुक्ति पत्र पानेवाले चिकित्सकों ने खुशी जताते हुए सरकार



का अनुबंध आधारित नियुक्ति पॉलिसी की सराहना की। राज्य के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की भारी कमी है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर 1000 नागरिकों पर एक डॉक्टर होना चाहिए, जबकि झारखंड में एक डॉक्टर पर करीब 3000 मरीजों का बोझ है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में करीब 37,000 डॉक्टरों की आवश्यकता है जिसमें करीब 7500 ही उपलब्ध हैं। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी है। वर्तमान में 1200 विशेषज्ञ चिकित्सक पद के विरुद्ध मात्र 300 कार्यरत हैं। ऐसे में सरकार अनुबंध पर चिकित्सकों की नियुक्ति कर सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर की कमी को दूर करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि सरकार चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी है जो सफल हो रही है। यही कारण है कि रांची सदर अस्पताल बेहतर प्रबंधन के लिए देश का दूसरा सरकारी अस्पताल बन गया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जल्द ही रिम्स-2 का शिलान्यास करने की बात कहते हुए कहा कि इसके नाम पर राजनीति करनेवाले इसे छोड़ दें। रिम्स में मरीजों का भारी दवाब है इसलिए मेडिकल सुविधा बढाने के लिए रिम्स-2 का निर्माण जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्री ने न्यूरो हॉस्पिटल बनाने के लिए चल रही कवायद की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में मेडिको सिटी बनाया जाएगा। मेडिको सिटी हर तरह का हॉस्पिटल होगा जिससे झारखंड के मरीजों को बाहर इलाज कराने नहीं जाना होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बाइक एंबुलेंस की शुरुआत हमने देवघर से की है। जल्द ही राज्यभर में इसकी शुरुआत की जायेगी। एंबुलेंस की कमी जल्द दूर होगी, सरकार 206 एंबुलेंस खरीद करने जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 100 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में रिनपास का शताब्दी समारोह अगस्त के प्रथम सप्ताह में मनाया जाएगा जिसके लिए राष्ट्रपति और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को आमंत्रित किया गया है। अपने पुत्र कृष द्वारा पिछले दिनों रिम्स का दौरा किए जाने पर सफाई देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मीडिया में बेबजह यह बातें आ गई थी।

## वाहन जांच के दौरान औरंगाबाद के दो युवक हथियार के साथ धराये



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान बिहार के दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। हुसैनाबाद-हैदरनगर मुख्य मार्ग पर नहर के पास चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान औरंगाबाद जिले के मिर्ज़ापुर के रहने वाले सुमेर कुमार और रविकांत कुमार के रूप में हुई है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी के अनुसार दोनों की तलाशी में 12 बोर का एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली मिली। पुलिस ने उनकी मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**संक्षिप्त समाचार**

### सड़क दुर्घटना में पिता की मौत, पुत्र घायल

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** बंपास टाउन में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। संत जेवियर्स स्कूल की बस ने स्कूटी सवार पिता-पुत्र को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 37 वर्षीय सिविल इंजीनियर आलोक सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनका चार साल का बेटा अर्पण आनंद घायल हो गया। पिता बेटे को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। मृतक देवघर के करनीबाद मोहल्ले के रहने वाले थे। वह पेशे से सिविल इंजीनियर थे।

### तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में नावाजयपुर थाना क्षेत्र के घोरीघाट बाजार के तालाब से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मंगलवार को ग्रामीणों ने तालाब में शव को तैरता देखा और पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान कसवाखाड पंचायत के रोल गांव निवासी मुखलाल उर्फ मुखदेव उरांव (52) के रूप में हुई है।

### बरहड़वा-फरक्का पथ पर आवागमन ठप

**साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क बरहड़वा-फरक्का एनएच 80 पर स्थित निशिंदरा क्षेत्र में कटान के कारण पिछले चार दिनों से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। तेज बहाव के चलते कटान की स्थिति गंभीर हो गई है जिससे आम जनजीवन और व्यवसायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। विशेष रूप से पत्थर और पेट्रोल पंप के व्यवसायों को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है, जो सरकार के राजस्व पर भी असर डाल रहा है।

### तालाब में डूबने से छात्र की मौत

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** भभुआ थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव में मंगलवार सुबह सात वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृत बालक की पहचान जमुआंव गांव निवासी जमुना बिंद के पुत्र ईश्वर कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार ईश्वर रोज की तरह सुबह करीब 7 बजे गांव में ट्यूशन पढ़ने निकला था। रास्ते में तालाब के पास से गुजरते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया।

### दो कांवरियों की मौत

**छपरा (नबिटा ब्यूरो)।** सारण जिले में सावन माह की पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो कांवड़ यात्रियों की मौत हो गई। यह हादसा सोमवार की देर रात रिविलगंज थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर हुआ। मृतकों की पहचान जनता बाजार थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव निवासी दीपक कुमार साह और दीपक कुमार मांझी के रूप में हुई है।

## पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दो राजनीतिक दलों ने ही सीइओ के पास रखा अपना पक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत वैसे पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त सात राजनीतिक दलों जिनका कोई पता नहीं चल पा रहा था एवं इन्हें सूची से हटाने के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग से निर्देश प्राप्त हैं, इन राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/महासचिव को पार्टी के तरफ से शपथ पत्र सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष लिखित पक्ष रखने हेतु पत्र निर्गत किया गया था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष बैठक में रांची के जनसाधारण पार्टी एवं झारखंड विकास दल के सक्षम पदाधिकारियों द्वारा अपने राजनीतिक दल के अस्तित्व हेतु अपना पक्ष रखा गया। उक्त राजनीतिक दलों के अलावा अन्य पांच राजनीतिक दलों यथा देवघर के भारत विकास मोर्चा, पलामू के भारतीय जनमुक्ति पार्टी एवं मानव मुक्ति मोर्चा, गढ़वा के नवजवान संघर्ष मोर्चा एवं रांची के राष्ट्रीय मजदूर किसान प्रजातांत्रिक पार्टी के कोई प्रतिनिधि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुए। विदित हो कि उक्त राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सूची से हटाने के क्रम में आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में अध्यक्ष/महासचिव को पार्टी के तरफ से शपथ पत्र सहित लिखित पक्ष मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखण्ड, राँची को भेजने हेतु 15 जुलाई तक एवं 22 जुलाई को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड द्वारा पूर्वाह्न 11.00 बजे सुनवाई हेतु तिथि एवं समय निर्धारित की गई थी। इस आशय की सूचना राजनीतिक दलों को आयोग द्वारा पंजीकृत पत्राचार के पते पर भेजी गई थी। साथ ही इसकी जानकारी समाचार पत्रों में आम सूचना के माध्यम से एवं विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी प्रसारित की गई थी।

## झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश आज लेंगे शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान को राज्यपाल संतोष गंगवार बुधवार सुबह 10 बजे राजभवन के बिरसा मंडप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। वे झारखंड हाईकोर्ट के 17वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। इसके अलावा झारखंड हाईकोर्ट ने न्यायाधीशगण, वरिष्ठ अधिकारीगण और अधिवक्ताओं के अलावा अन्य गणमान्य मौजूद रहेंगे। नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण को लेकर राजभवन के बिरसा मंडप में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद मुख्य न्यायाधीश सीधे हाईकोर्ट पहुंचकर दायित्व संभाल लेंगे। इससे पहले मंगलवार 22 जुलाई को रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। उनके साथ परिवार के कई सदस्य रांची



पहुंचे हैं। तरलोक सिंह चौहान मूल रुप से हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में सीनियर जज थे। उनकी स्कूली शिक्षा शिमला में हुई है। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई की। साल 1989 में उन्होंने वकालत शुरु की और 2014 में न्यायिक सेवा से जुड़े और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश बने।

### गोपाल गोप हत्याकांड का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** धनबाद पुलिस ने कालूबथान ओपी क्षेत्र में हुई एक हत्या का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि 4 जुलाई 2025 को जागृति उच्च विद्यालय के पीछे जंगल में एक अज्ञात शव मिला था। जांच में मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान जिले के रक्ता गांव निवासी गोपाल गोप के रूप में हुई। मृतक के पिता राजू गोप के बयान पर कालूबथान ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने मामले की जांच के लिए एक विशेष अनुसंधान दल का गठन किया। टीम ने निरसा थाना क्षेत्र के बड़बाड़ी निवासी देवदास दसौंधी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आपसी विवाद में देवदास ने गोपाल की हत्या की थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मृतक का लाल रंग का गमछा, होंडा साइन मोटरसाइकिल, घटना के समय पहने गए खून से सने कपड़े, चप्पल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

### वज्रपात की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में मंगलवार दोपहर को वज्रपात से दो महिलाओं की मौत हो गई। दोनों महिलाएं अलग-अलग गांवों में अपने खेतों में धान रोप रही थीं। पाटन थाना क्षेत्र के सहदेवा गांव में 45 वर्षीय आशा देवी खेत में काम कर रही थीं। अचानक बारिश शुरू हुई और वज्रपात की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आशा देवी दिलीप महतो की पत्नी थीं। वहीं, इस घटना में हेमंती देवी और सुवचना देवी जख्मी हो गईं। इसी तरह बसडीह गांव में 40 वर्षीय मानती देवी भी खेत में धान रोप रही थीं। मौसम में अचानक बदलाव आया और बारिश के साथ वज्रपात हुआ। मानती देवी भी वज्रपात की चपेट में आ गईं और उसकी भी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मानती देवी दयाल महतो की पत्नी थीं। इधर, चेतमा किशुनपुर गांव में हुए वज्रपात से महमूद अंसारी घायल हो गए। महमूद भी खेत में काम कर रहे थे।

## वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों का हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने सोमवार की शाम हमला कर दिया। टीम जब गिरफ्तार आरोपी महेश बांडों को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची तभी लाठी-डंडों से लैस उसके दर्जनों समर्थक वहां आ गए। समर्थकों ने अचानक टीम पर हमला कर दिया। हमले में एक वनकर्मी की वर्दी फट गई और कई जवान घायल हो गए। इस दौरान हमलावर महेश बांडों को हथकड़ी समेत छुड़ाकर ले भागे। घायल वनकर्मियों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वन विभाग डाढ़ा गांव में वन भूमि से अतिक्रमण हटाकर पौधारोपण करा रहा था। इसी दौरान पौधा लगाने के लिए किए गए



गड्ढ़ों को महेश बांडों भरवाने लगा। इसलिए उसे गिरफ्तार किया गया था। महेश सेना से सेवानिवृत्त है। गांव लौटने के बाद राजनीति में सक्रिय हुआ। डाढ़ा और आसपास के ग्रामीणों को गोलबंद कर चुका है। बीते लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। हालांकि, जमानत जब्त हो गई थी। इधर रेंजर कमल कुमार ने बताया कि सोमवार को टीम वन भूमि से अतिक्रमण हटाने गई थी। टीम ने महेश बांडों को गिरफ्तार किया था। शाम को मेडिकल जांच के दौरान योजनाबद्ध तरीके से हमला किया गया और महेश को छुड़ाकर ले गए। पुलिस और वन विभाग ने फरार आरोपी महेश बांडों और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ओडिशा से देवघर जा रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** चांडिल-पुरुलिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 32 पर मंगलवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। यह हादसा पितकी गांव के पास उस समय हुआ जब एक कार और ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में सवार तीन अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग ओडिशा से झारखंड के देवघर स्थित बाबाधाम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। मृतक की पहचान ओडिशा के बरगढ़ जिले के बरबली थाना क्षेत्र निवासी संजय मिहिर (38) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में संजीव साहू (38), रोहित मिहिर (45) और राजीव महाकुड (44) शामिल हैं। ये सभी श्रद्धालु एक साथ बाबा बैद्यनाथ धाम की यात्रा पर निकले थे। हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चांडिल और नीमडीह थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकालकर चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, मृतक संजय मिहिर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# खादी और ग्रामोद्योग ने गांव-गांव तक जगाई 'कारीगर क्रांति' की अलख : मनोज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** 'नए भारत की नई खादी' के सपने को साकार करने की दिशा में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मंगलवार को हजारीबाग के डाक बंगला, कार्मेल चौक स्थित पाराडाईज रिसार्ट में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत एक भव्य वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार थे। इस अवसर पर हजारीबाग के बरही विधानसभा क्षेत्र से विधायक मनोज कुमार यादव भी उपस्थित रहे। वितरण कार्यक्रम में कुम्हारों को कुम्हार सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 232 विद्युत चालित चाक और वर्चुअल माध्यम से 40 लाभार्थियों को 4 तेल घानी मशीन का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम के उपरांत झारखंड की 22 खादी संस्थाओं के साथ 'खादी संवाद' कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग का अभूतपूर्व कायाकल्प हुआ है। आज खादी केवल आत्मनिर्भरता का प्रतीक नहीं, बल्कि स्वदेशी गर्व का सजीव प्रतिरूप बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आज जिन 272 महिला एवं पुरुष कारीगरों को 236 मशीनें तथा अन्य उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं, वे उनके जीवन में नया आधार, आत्मविश्वास और सम्मान प्रदान करेंगे। ग्रामीण भारत की समृद्धि का मार्ग इन्हीं कुशल हाथों से होकर गुजरता है।




केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से खादी और ग्रामोद्योग ने गांव-गांव तक 'कारीगर क्रांति' की एक नई अलख जगाई है। वित्त वर्ष 2024-25 में खादी और ग्रामोद्योग का कुल उत्पादन 1,16,599 करोड़ रुपये और बिक्री 1,70,551 करोड़ रुपये रही है, जिससे 1.94 करोड़ लोगों को रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र में उत्पादन 4 गुना, बिक्री 5 गुना और रोजगार 49 प्रतिशत तक बढ़ा है। यह अभूतपूर्व प्रगति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए आर्थिक और सामाजिक बदलाव की मिसाल है। राज्य कार्यालय, रांची की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए चेयरमैन ने बताया कि झारखंड में 22 खादी की संस्थाओं के माध्यम से 2903 कारीगरों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। पिछले पांच वर्षों में यहां पर 95.10 करोड़ रुपये का खादी उत्पादन और 212.80 करोड़ रुपये की बिक्री हुई है। उन्होंने बताया की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत पिछले 5 वर्षों में झारखंड में 8620 नई इकाइयों की स्थापना हुई है, जिसके लिए भारत सरकार ने 215.82 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी का वितरण किया है। पीएमईजीपी के माध्यम से पिछले पांच वर्षों में झारखंड में 73316 नये रोजगार का सृजन हुआ है। झारखंड में ग्रामोद्योग विकास योजना की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष केवीआईसी ने बताया कि यहां पर पिछले 5 वर्षों में 2862 लाभार्थियों को 4891 मशीन और टूलकिट का वितरण किया गया है। केवीआईसी के गैर विभागीय प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से यहां पर पिछले 5 वर्षों में 1731 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान कर विकसित भारत अभियान से जोड़ा गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कारीगर, महिला लाभार्थी, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि, अन्य ग्रामीण उद्यमी, झारखंड सरकार और केवीआईसी के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### श्रावणी मेले के दौरान आधा दर्जन बाइक की चोरी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** श्रावणी मेले के दौरान नगर और मिठनपुरा थाना क्षेत्र से आधा दर्जन से अधिक बाइक चोरी हुई है। सभी घटनाएं भीड़ वाले इलाकों व पार्किंग स्थलों के पास हुई। चोरों ने पहले से रेकी कर वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर संबंधित वाहन मालिकों ने दोनों थानों में शिकायत की है। उसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोर गिरोह का पर्दाफाश हो जायेगा।

### श्रावणी मेले में युवक कम दाम पर बेच रहा था प्रसाद, पड़ोसी ने बाट से किया हमला

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** श्रावणी मेला में कम कीमत पर मुकुनदाना (प्रसाद) बेचने पर शहर के पंकज मार्केट के पीछे शंकरबाग मोहल्ला निवासी कैलाश महतो (62) पर पड़ोसी दुकानदार ने हमला कर दिया। एक किलो के बाट से उसकी आंख पर मारा गया। गंभीर स्थिति में उसका सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। उसने नगर थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उसने पुलिस को बताया कि वह 60 रुपये प्रति किलोग्राम के दर से प्रसाद बेच रहा था। पड़ोसी दुकानदार जबरन 80 रुपये प्रति किलोग्राम बेचने का दबाव बना रहा था। नहीं मानने पर उसने हमला कर दिया। दो भाइयों ने मिलकर मारपीट की और पटक कर बाई आंख पर बाट से मारा। कैलाश ने पुलिस को बताया है कि वर्षों पूर्व पश्चिम बंगाल में काम करने के दौरान उसकी दाईं आंख खराब हो गयी थी। उससे दिखाई नहीं दे रहा है। आरोपितों ने बाई आंख फोड़कर अंधा कर देने का प्रयास किया है। नगर थानेदार शरत कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। एफआईआर दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया जायेगा।

### बीमारियों की रिपोर्टिंग करने में मुजफ्फरपुर देश में 425वें स्थान पर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बीमारियों की रिपोर्टिंग में मुजफ्फरपुर जिला देश में 425वें स्थान पर है, जबकि राज्य में 24वां स्थान है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की समीक्षा रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। मंत्रालय ने जून की समीक्षा रिपोर्ट जारी की है। बीमारियों की आउटब्रेक की रिपोर्टिंग में फिसड्डी रहने पर मुजफ्फरपुर का स्थान पीछे हो गया। जिले में जून महीने में 2.6 प्रतिशत ही बीमारियों की आउट ब्रेक की रिपोर्टिंग की है।

### एसकेएमसीएच में तीसरी मंजिल से गिरा 65 साल का मरीज, मौत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित एसके मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में छत से गिरकर एक बुजुर्ग मरीज की मौत हो गई। एसकेएमसीएच में तीसरी मंजिल के शौचालय की खिड़की से बुजुर्ग मरीज संदिग्ध परिस्थिति में नीचे गिरा पाया गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। किडनी रोग से पीड़ित मरीज वार्ड नौ के बेड नंबर 24 पर एक सप्ताह से भर्ती था। मरीज कैसे गिरा और तैनात सुरक्षा कर्मी क्या कर रहे थे, ये सवाल उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। मेडिकल ओपी पुलिस को आवेदन देकर दाह संस्कार के लिए शव लेकर चले गए। मरीज का दाह संस्कार भी करा दिया गया है। इस मामले में मेडिकल ओपी प्रभारी सरवरी खातून ने बताया कि मृतक अहियापुर थाने के बखरी गांव निवासी देवेन्द्र ठाकुर (65) के परिजनों ने बताया कि देवेन्द्र की दोनों किडनी खराब थी। पूरे शरीर में सूजन था। एक सप्ताह से मरीज यहां भर्ती था। आसपास के मरीजों ने बताया कि सोमवार को दोपहर में कुछ अंतराल में दो बार शौचालय जाना पड़ा। इसी दौरान देवेंद्र ठाकुर संदिग्ध परिस्थिति में खिड़की से नीचे गिर गया। गिरने की आवाज आई तो लोग वहां दौड़कर पहुंचे। उठाकर इमरजेंसी में पहुंचाया, लेकिन तब तक मरीज की मौत हो चुकी थी। मरीज की मौत ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। आखिर मरीज शौचालय की खिड़की से कैसे गिरा इस बात पर कई तरह की चर्चा हो रही है। मरीज के परिजन गरीब परिवार से हैं। डॉक्टर ने बताया कि उनका इलाज किया जा रहा था।

### संसद में मंत्री ने बताया- पटना एयरपोर्ट से सार्क, आसियान देशों की विमान सेवा हो सकती है शुरू

**पटना, एजेंसी।** पटना हवाईअड्डा से सिंगापुर और थाईलैंड समेत 15 देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा शुरू हो सकती है। नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने संसद में सोमवार को डॉ. भीम सिंह के सवाल पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटना हवाई अड्डा एक सीमा शुल्क अधिसूचित हवाई अड्डा है, जहां से वर्तमान में कोई सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ान नहीं है। केंद्र सरकार ने पटना हवाई अड्डे को देश के उन 18 पर्यटन गेटवे गंतव्यों में शामिल किया है, जहां से भारतीय विमानन कंपनियां, पांच सार्क देशों (बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव, श्रीलंका) तथा 10 आसियान देशों (सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, इंडोनेशिया, म्यांमार, कंबोडिया, फिलीपींस और लाओस) के लिए असीमित उड़ानों का संचालन कर सकती हैं। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत और अन्य देशों के बीच हुए हवाई सेवा समझौतों के तहत भारतीय नामित एयरलाइनों को पटना सहित किसी भी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से खाड़ी देशों तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों तक उड़ानें संचालित करने की अनुमति प्राप्त है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की उड़ानों का संचालन मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता और वाणिज्यिक निर्णयों पर आधारित होता है।

# हालचाल पूछा, फिर पत्नी के सामने पति की हत्या: बेगूसराय में बीच सड़क सिर में मारी 3 गोली

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में सोमवार रात अपराधियों ने पत्नी के सामने उसके पति की गोली मारकर हत्या कर दी। हरेराम पासवान उर्फ हरिया (42) के सिर में 3 गोलियां लगी हैं। घटना रात 8 बजे डंडारी थाना क्षेत्र की है। परिजनों के मुताबिक, हरेराम पासवान अपनी पत्नी के साथ मछली खरीद कर घर लौट रहा था। इस दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने राजोपुर गांव में बूढ़ी गंडक के पास हाल-चाल पूछने के बहाने रोका। फिर सिर में गोली मारकर फरार हो गए। वारदात के बाद परिजन और ग्रामीणों ने हंगामा किया। लोगों ने मौके पर पहुंची डंडारी थाने की पुलिस पर हमला कर दिया। पत्थरबाजी में थानाध्यक्ष विवेक कुमार को चोट लगी है। बताया जा रहा है मछली मारने के धंधे में विवाद के बाद हत्या को अंजाम दिया गया।

**घात लगाकर मार दिया :** मृतक के बेटे चांद ने बताया, मम्मी-पापा बाइक से हाट पर मछली लाने गए थे। वहां से लौटने के दौरान पापा को गोली मार दी। मम्मी लगातार बेहोश हो रही है, उसने गोली मारने वाले का नाम बताया है। पहले से ही मछली के कारोबार को लेकर बिरजू यादव, मंजेश यादव, कारी यादव और इंदल यादव से विवाद चल रहा है। इन लोगों ने घात लगाकर हमला किया है।

**फायरिंग के बाद दुकानदार भाग गए :** मृतक की पत्नी लालो देवी ने कहा, घर से करीब 1 किलोमीटर दूर



राजोपुर कटरमाला नाव घाट के समीप बदमाशों ने बात करने के लिए रोका। हाल-चाल पूछा और फिर गोली चला दी। कनपटी में गोली लगते ही मेरे सामने पति की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। फायरिंग होते ही वहां मौजूद दुकानदार दुकान बंद करके भाग गए। लंब समय से चल रही है जातीय जंग प्रारंभिक जांच में जलकर विवाद(मछली कारोबार) बताया जा रहा है। हालांकि स्थानीय लोगों के बीच राजोपुर गांव में लंबे समय से दो जाति के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। किसी एक पक्ष के साथ कोई भी घटना होती है तो दूसरे जाति के लोगों को आरोपी बनाया जाता है। यह जातीय जंग लंबे समय से चलती आ रही है। वर्चस्व की लड़ाई में हत्या के प्रयास के आरोप में हरेराम पासवान जेल भी गया था। जहां से करीब 3 साल पहले निकला। तब से कैथ कोला नदी में पट्टा लेकर जलकर(मछली मारने) का कारोबार करता था। कारोबार को लेकर दोनों गुट में बराबर वर्चस्व की लड़ाई होती थी। मंगलवार को हरेराम तालाब में मछली की बीज गिराने वाला था। सोमवार दिन से ही हत्या की प्लानिंग थी। कुछ लोगों ने उसे शराब भी पिलाया था। इधर-उधर चलने के लिए कहते रहे, लेकिन वह कहीं नहीं गया। शाम में पत्नी के साथ मछली लाने इस्फा घाट गया था। वहां से लौटते समय गोली मार दी। जानकारी के मुताबिक घटना के काफी देर बाद पुलिस पहुंची। जिससे लोग आक्रोशित हो गए और पुलिस पर ईंट-पत्थर चलाना शुरू कर दिया। जिसमें ईंट लगने से डंडारी थानाध्यक्ष विवेक कुमार चोटिल भी हुए। इसके बाद मामला बिगड़ते देख सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई तो बलिया डीएसपी पहुंचे। नीमा चांदपुरा थाना से भी पुलिस पहुंची। लेकिन आक्रोशित लोग कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। इसके बाद एसपी मनीष घटनास्थल पर पहुंचे और हत्यारे को पकड़ कर कड़ी सजा देने का आश्वासन दिया। तब लोगों ने लाश वहां से उठाया।

# 882 करोड़ से माता सीता की जन्मभूमि का होगा विकास

## बिहार विधानमंडल के चालू मानसून सत्र में 12 विधेयक होंगे पारित

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानमंडल के चालू मानसून सत्र में 12 विधेयक पारित होंगे। सोमवार को विधानसभा की शुरुआत होते ही इन सभी विधेयकों की प्रति सार्वजनिक की गई। जमीन सर्वे में शत-प्रतिशत शुद्धता के लिए भी विधेयक लाया गया है। बिहार भूमिगत पाइप लाइन (भूमि में उपयोग कर्ता के अधिकार का अर्जन) संशोधन विधेयक 2025 जल, गैस या अन्य सामग्री ले जाने की खातिर भूमिगत पाइप लाइन बिछाने के लिये जमीन उपयोग कर्ता के अधिकार के लिए विधेयक लाया जा रहा है। हालांकि ये अधिनियम गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए भूमि अधिग्रहण पर प्रभावी नहीं होगा। संशोधन के बाद मुआवजे की राशि को उस भूमि के बाजार मूल्य के 10त्न किया जा सकेगा। यदि मुआवजा अथवा बाजार मूल्य अथवा उसके किसी भाग के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होगा तो उसका निराकरण भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 अन्तर्गत बना प्राधिकार करेगा। बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2025 बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद का प्रत्यक्ष निर्वाचन पद्धति से निर्वाचित होने का प्रावधान है। उक्त प्रावधान में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद द्वारा विकास कार्य हेतु निर्णय लिया जाता है। इससे उन्हें अधिक स्वायत्तता प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद को अधिक स्वायत्तता प्रदान किए जाने के उद्देश्य से बिहार नगर



पालिका अधिनियम (संशोधन) 2024 के प्रावधान में संशोधन किया जाना आवश्यकता है। इससे नगर निकाय के विकास हेतु मुख्य पार्षद, उप पार्षद त्वरित निर्णय ले सकेंगे। कारखाना (बिहार संशोधन) विधेयक 2025 बिहार राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं राज्य में निवेश के अवसर को आकर्षित करने के उद्देश्य से कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों में राज्य संशोधन किया जाना जरूरी है। संशोधन विधेयक लागू होने के राज्य के दखलकार कारखानों का संचालन निर्बाध रूप से होगा। कारखानों में नियोजित कामगारों को अधिक ओवर टाइम करने का अवसर मिलेगा। बिहार पशु प्रजनन विनियमन विधेयक 2025 बिहार में सीमेन का अवैध कारोबार अपराध घोषित होगा। इसके लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग पशु प्रजनन विनियमन विधेयक 2025 लाया जा रहा है। राज्य में पशुओं की उत्पादकता एवं अन्य विशेषताओं में सुधार लाने के लिए ये जरुरी है। पशुओं में प्रजनन के उपयोग सहित पशुओं में सीमेन और भ्रूण का उत्पादन भंडारण, विक्रय और वितरण एवं कृत्रिम गर्भाधन सेवाओं और उससे संबंधित मामलों के लिए पशुओं में प्रजनन संबंधित गतिविधियों को विनियमित करने के लिए पशु प्रजनन विनियमन विधेयक 2025 लाया जा रहा है। बिहार कृषि भूमि (गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए सम्परिवर्तन) संशोधन विधेयक 2025 राज्य में कृषि भूमि के गैर-कृषि प्रयोजनों में बदलाव करने के लिए इस विधेयक की जरुरत पड़ी है। इस विधेयक के लागू होने के बाद ÷अनुमंडल पदाधिकारी÷ के स्थान पर अनुमंडल पदाधिकारी या सरकार द्वारा अधिसूचित डीसीएलआर से अन्यून स्तर के पदाधिकारी सक्षम प्राधिकार घोषित किए जा सकेंगे। सम्परिवर्तन (जमीन बदलाव) शुल्क का निर्धारण तथा अपील एवं पुनरीक्षण के लिए समय-सीमा का भी निर्धारण सरकार समय-समय पर करेगी। एडीएम अपीलीय प्राधिकार होंगे। डीएम पुनरीक्षण प्राधिकार होंगे। इससे मामलों का तेजी से एवं पारदर्शितापूर्वक निपटारा किया जा सकेगा। बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास (संशोधन) विधेयक 2025 सीतामढ़ी में देवी सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम में पहले से उपलब्ध 17 एकड़ जमीन/मंदिर के साथ अतिरिक्त 50 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होगा। पुनौराधाम का भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या की तर्ज पर समग्र विकास होगा। 882.87 करोड़ खर्च होंगे। इससे जुड़ा बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 (बिहार अधिनियम, 01, 1951) की धारा-32 में संशोधन कर बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास (सशोधन) विधेयक, 2025 पारित होगा। अभी धार्मिक न्यास पर्षद के अधीन पुनौरा मठ एक पंजीकृत सार्वजनिक न्यास है। इस विधेयक के पारित होने के बाद वो भंग हो जाएगा। शहरों में किये जाने वाले जमीन सर्वे में शत-प्रतिशत शुद्धता, पारदर्शिता एवं तेज गति से काम करने के लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (यथासंशोधित) अधिनियम, 2011 के कुछ प्रावधानों में संशोधन किया जा रहा है। अभी राज्य के गांवों में जमीन का नया अधिकार अभिलेख (खतियान) एवं भू-मानचित्र (नक्शा) तैयार किया जा रहा है। इस विधेयक से लागू होने से नगर क्षेत्रों के राजस्व ग्रामों के भू-सर्वेक्षण कार्य में सुविधा होगी तथा संबंधित ग्रामों/नगर क्षेत्रों की जनता की सक्रिय भागीदारी होगी।

### पलायन का दंश और पूजा कर गंगा मइया से लौटने की गुहार, बिहार में कोसी नदी भी उफनाई; बाढ़ का कहर




**भागलपुर, एजेंसी।** गंगा में आई बाढ़ ने भागलपुर में हलचल मचा दी है। सुल्तानगंज, राघोपुर और इस्माईलपुर बिंदटोली में खतरे के निशान से ऊपर बह रही गंगा अब कहलगांव में भी 'रेड बॉर्डर' के पार हो गई। कहलगांव में खतरे के निशान से 14 सेमी ऊपर गंगा बह रही है। भागलपुर में वार्निंग लेवल के पार हो चुकी गंगा लाल निशान से मात्र 40 सेमी कम पर बह रही है। कोसी भी बेतहाशा बढ़ रही है। दोनों प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखकर डीएम ने सोमवार को आपात बैठक बुलाकर स्थिति की समीक्षा की। साथ ही संभावित आपदा से निपटने के उपायों पर मातहतों के साथ मैराथन बैठक की। डीएम ने जल संसाधन विभाग के अभियंताओं की छुट्टियां मुख्यालय के निर्देश पर रद्द करते हुए तमाम तटबंधों पर अभियंताओं और आपदा मित्री की तैनाती के साथ-साथ पेट्रोलिंग कराने के निर्देश दिए। डीएम ने हरेक आधे घंटे की रिपोर्ट जिला नियंत्रण कक्ष को देने का आदेश दिया है। केंद्रीय जल आयोग की जारी रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार की शाम छह बजे जलस्तर की ली गई रिपोर्टिंग में कहलगांव का जलस्तर 31.23 मीटर पाया गया है। यहां लाल निशान 31.09 मीटर पर निर्धारित किया गया है। इस तरह से 14 सेमी की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को 20 सेमी की बढ़ोतरी संभव है। भागलपुर के शहरी क्षेत्र में गंगा का पानी बढ़ता जा रहा है। सोमवार सुबह ही बूढ़ानाथ मंदिर के निचले हिस्से पार्क और मसानी काली मंदिर के पास पानी आ गया है। बरारी में सीढ़ी घाट और पुल घाट के करीब गंगा आ गई है। रिवर फ्रंट की अधिकतर सीढ़ियां डूब गई हैं। टीएमबीयू गेस्ट हाउस तक पानी आ गया है। विवि के पीछे पूरा हिस्सा जलमग्न हो गया है। खेतों में लगी सब्जियां और फसलों को तोड़कर महिलाएं पानी में ही शहर आने लगी हैं।

# बिजली कंपनी ने बताया- स्मार्ट मीटर के ग्राहकों को 125 यूनिट तक खपत में रिचार्ज की जरूरत नहीं

**पटनाझ्र, एजेंसी।** स्मार्ट प्रीपेड मीटर के ग्राहक अगर महीने में सवा सौ यूनिट तक ही बिजली खपत करते हैं तो उनको रिचार्ज कराने की जरूरत नहीं है। उनको बिजली की सुविधा मिलती रहेगी। कंपनी ऐसे ग्राहकों की बिजली नहीं काटेगी। लेकिन जिन ग्राहकों का पूर्व का बकाया है तो वे रिचार्ज अवश्य कराएं, ताकि हर महीने काटी जाने वाली राशि का समायोजन हो सके। वहीं पोस्टपेड ग्राहकों को अगले महीने के बिल में सवा सौ यूनिट खपत को घटाकर ही बिजली बिल दिया जाएगा।

कंपनी की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार बिहार सरकार ने हाल ही में सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक शत-प्रतिशत अनुदान (मुफ्त) बिजली देने की घोषणा की है। सरकार के इस निर्णय का लाभ राज्य के एक करोड़ 86 लाख 60 हजार उपभोक्ताओं को होगा। इसमें से एक करोड़ 67 लाख 94 हजार ऐसे उपभोक्ता हैं जो महीने में 125 यूनिट ही खपत करते हैं। फिक्सड चार्ज नहीं वसूले जाने के कारण इन उपभोक्ताओं को एक भी पैसा नहीं देना होगा। पोस्टपेड मीटर



में 125 यूनिट तक खपत करने वालों को शून्य बिजली बिल दिया जाएगा, जबकि प्रीपेड मीटर के ग्राहक बिना रिचार्ज कराए भी बिजली की सुविधा का उपभोग कर सकेंगे। वहीं सवा सौ यूनिट से अधिक खपत करने पर उपभोक्ताओं को पूर्व की तरह ही अनुदानित दर पर बिजली मिलती रहेगी। ग्रामीण इलाकों के लिए बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने 7.42 रुपए प्रति यूनिट बिजली दर तय की है। इसमें से बिजली कंपनी पूर्व की तरह ही 4.97 रुपए प्रति यूनिट का अनुदान देगी। इस तरह सवा सौ यूनिट से अधिक खपत करने वाले ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को मात्र 2.15 रुपए प्रति यूनिट की दर से ही बिजली शुल्क देना होगा। शहरी इलाके में एक से सौ यूनिट तक के लिए आयोग ने 7.42 रुपए प्रति यूनिट दर तय की है। इसमें से सरकार 3.30 रुपए प्रति यूनिट अनुदान देती है और उपभोक्ताओं को 4.12 रुपए प्रति यूनिट ही देना पड़ रहा था। अब चूकि सवा सौ यूनिट तक बिजली शत-प्रतिशत अनुदानित (मुफ्त) कर दिया गया है। ऐसे में उपभोक्ताओं को दूसरे स्लैब यानी 100 यूनिट से अधिक की दर से बिजली बिल देना होगा। दूसरा स्लैब आयोग ने 8.95 रुपए प्रति यूनिट तय किया है। इसमें सरकार पहले की तरह ही 3.43 रुपए प्रति यूनिट का अनुदान देगी और उपभोक्ताओं को 5.52 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली बिल भुगतान करना होगा।

# देवर से एकतरफा इश्क में भाभी ने की खुदकुशी: बेटी को भी मार डाला

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में फंदे से लटकी मां और बेटी की लाश मिली है। जिस कमरे में लाशें मिली हैं, उस कमरे में तीन फंदे लटके थे, जो 4 फीट की हाइट पर थे। तीसरा फंदा बेटे के लिए लगाया था, लेकिन वो बच गया। पति रौशन चौधरी कहते हैं, मेरी शादी 7 साल पहले हुई थी। मेरी पत्नी मेरे भाई गुलशन से एकतरफा प्यार करती थी। भाई ओडिशा में रहता है। मैंने उसे काफी समझाया था कि ऐसा नहीं हो सकता है, लेकिन वो 3 साल से शादी के लिए जिद कर रही थी। वो बदमाश थी। मेरी बात नहीं सुनती थी। अपनी जिद मनवाने के लिए उसने पहले भी सुसाइड करने की कोशिश की थी। भाई से शादी की बात को लेकर ही कल से घर में विवाद हो रहा था। आज जब घर में कोई नहीं था तो उसने बेटी के साथ आत्महत्या कर ली। मैं तो उसकी शादी अपने भाई से करवाने के लिए राजी भी हो गया था। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र मनियारपुर पंचायत के वासुदेवपुरम गांव की है। सुमन के बेटे आदर्श (5) ने कहा, मम्मी ने पहले बहन आराध्या (6) को फंदे से लटकाया था। फिर मुझे लटका दिया और अंत में वो खुद लटक गई। मेरा फंदा बड़ा बन गया था, इसलिए मैं फंदे से निकल गया। मैंने भागकर कमरे का दरवाजा खोला। बाहर दीदी (पड़ोसी) मिली, मैंने उन्हें बताया कि आराध्या और मम्मी मर गईं। आदर्श के इतना कहने के बाद आसपास के लोग जुटे। मृतका की



सास इंदू भी घर के पास पहुंची। सभी कमरे में गए तो मां-बेटी की लाश रस्सी से लटकी हुई थी। जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पहले बेटे-बेटी को कमरे में ले गई, फिर खुद भी गई मृतका की सास इंदू ने बताया, घर में काफी विवाद चल रहा था। मैंने मायके वालों से कहा था कि अपनी बेटी को यहां से ले जाएं, लेकिन मायके वालों ने उसे ले जाने से इनकार कर दिया। बहू घर के पास अकेले बैठी हुई थी। मैंने उसे खाना खाने के लिए बोला था। वो बोली कि मैं कुछ नहीं खाऊंगी। वो फूल तोड़ने के लिए चली गई। ग्रामीण रीना देवी ने कहा, सुमन को देवर से लगाव था। अपने पति की नहीं सुनती थी। 4 दिन पहले से बहू के मायके वालों को फोन किया गया कि लड़की को समझाएं, लेकिन वे लोग कह रहे थे कि बेटी ठीक है।

### सीतामढ़ी में 9 थानाध्यक्षों समेत 32 पुलिस अधिकारियों का तबादला

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बड़ा फेरबदल किया है। आदेश संख्या 1023/2025 के तहत 32 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। नए तबादलों में रूपेश कुमार को नानपुर थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। अभिषेक त्रिपाठी को रीगा थाने की जिम्मेदारी मिली है। संध्या रानी को अनुसूचित जाति/जनजाति थाना की कमान सौंपी गई है।

सुमित कुमार को परसौनी से परिहार भेजा गया है। जितेन्द्र कुमार सीतामढ़ी थाना से सहियारा के थानाध्यक्ष बने हैं। चन्द्रगुप्त कुमार को भुतही थाना की जिम्मेदारी दी गई है। ओम पुकार प्रिय सुप्पी के नए थानाध्यक्ष बने हैं। आत्मानंद कुमार को गाढ़ा का थानाध्यक्ष बनाया गया है। मुकेश कुमार-1 को सोनबरसा से परसौनी थाना की कमान मिली है। पुलिसिंग में पारदर्शिता लाना उद्देश्य अन्य तबादलों में राकेश कुमार को साइबर थाना, सोहित यादव और संवेदना स्नेही को सीतामढ़ी थाना भेजा गया है। ओमप्रकाश गुप्ता को रीगा थाना, विमलेश कुमार सिंह को डुमरा थाना, मुकेश कुमार को रुन्नीसैदपुर और संजीव कुमार को महिन्दवारा थाना की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस प्रशासन के अनुसार यह नियमित प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और पुलिसिंग में पारदर्शिता लाना है।

# चंदन मिश्रा हत्याकांड के 2 शूटर मुठभेड़ में घायल, भागने में मदद करने वाला गिरफ्तार

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** बिहार के आरा में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ ) और गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या से जुड़े कुछ आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें दो बदमाशों को गोली लगी है। एक को गिरफ्तार किया गया है। हथियार भी बरामद किए गए हैं। एसटीएफ को गैंगस्टर मर्डर केस से जुड़े 3 अपराधियों बलवंत, रवि रंजन और अभिषेक के बिहियां थाना क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। टीम ने मंगलवार सुबह 5 बजे कटिया रोड के पास उन्हें घेर लिया। बदमाशों को सरेंडर करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बलवंत और रवि रंजन को पैर में गोली लगी है। दोनों को आरा सदर अस्पताल भेजा गया है। अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो मैगजीन और 4 कारतूस बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में स्ङ्गस्न के 2 जवान रोहित कुमार और उत्तम कुमार भी जख्मी हुए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार चंदन मिश्रा हत्याकांड के पीछे संगठित गिरोह का हाथ है। जिसकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही थी।

पारस अस्पताल में चंदन मिश्रा की हत्या में बलवंत नामजद आरोपी था। मृतक चंदन के पिता ने उसका नाम दिया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बलवंत ने चंदन मिश्रा को 7 गोलियां और रवि रंजन ने पांच गोलियां मारी थीं। घटना के बाद इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। स्क्भोजपुर राज ने बताया कि फरार आरोपियों की



तलाश तेज कर दी गई है। जल्द ही पूरे गैंग का भंडाफोड़ किया जाएगा।

**भागने में मदद करने वाला अभिषेक गिरफ्तार :** एसटीएफ पटना को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदन मिश्रा हत्याकांड में शामिल 3 अपराधी बिहियां रेलवे स्टेशन के पास हथियार लेकर पहुंचे हैं। इनपुट के आधार पर एसटीएफ और भोजपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अभिषेक को पकड़ा गया। इस दौरान फायरिंग करते हुए 2 शूटर बलवंत और रवि रंजन भागने लगे। इसके बाद टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधियों के पैर में गोली मार दी। अपराधियों के द्वारा ग्रामीणों को भी निशाना बनाने की कोशिश की गई, लेकिन समय रहते पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए 3 अपराधियों में 2 बक्सर और एक भोजपुर का रहने वाला है। इनकी पहचान बक्सर जिले के चक्की थाना क्षेत्र के लिलाधरपुर गांव निवासी बलवंत कुमार सिंह, अभिषेक कुमार चक्की के परसिया गांव के रहने वाले के तौर पर हुई है।

एक अपराधी रवि रंजन कुमार भोजपुर के बिहियां थाना क्षेत्र के चकड़ही गांव का है। बलवंत को हाथ-पैर में 2 गोलियां लगी हैं। वहीं रवि रंजन की जांघ में एक गोली लगी है। 17 जुलाई को पटना के पारस हॉस्पिटल में भर्ती गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या की गई थी। हॉस्पिटल के कमरे में ही उसे 5 शूटर्स ने गोलियों से भून दिया था। चंदन की हत्या के पीछे शेरू गैंग का हाथ बताया जा रहा है।

# डीडीसी ने योजनाओं को पारदर्शिता के साथ ससमय पूरा करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** जिले में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने और क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त (डीडीसी) इश्तियाक अहमद ने मंगलवार को सदर प्रखंड के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आंगनबाड़ी केंद्र, लक्षित जन वितरण प्रणाली की दुकानें तथा स्थानीय विद्यालयों की स्थिति का गहन अवलोकन किया। डीडीसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाएं तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं होगा। वहीं मनरेगा योजनाओं में समयबद्धता और मजदूरों की पारिश्रमिक भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार नियमित रूप से मिले, जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर खाद्यान्न का वितरण तय मानकों के अनुसार हो और विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति एवं पठन-पाठन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए – यह सभी निर्देश उप विकास आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के पश्चात प्रखंड सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में डीडीसी ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता को योजनाओं का त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों की सक्रियता और जिम्मेदारी अनिवार्य है। डीडीसी ने कहा कि इस तरह के निरीक्षण और समीक्षा बैठकें नियमित रूप से जारी रहेंगी, ताकि जमीनी कार्यों की निगरानी और आवश्यक सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

## जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने प्रखण्ड कार्यालय व अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार ने प्रखण्ड कार्यालय तथा अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरान्त तय कार्यक्रम के तहत विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत किसी भी सरकारी विद्यालय का निरीक्षण किया जाना है, इसके तहत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, विष्णुगढ़ खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी पीयूष कुमार सिन्हा के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुसुम्भा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षक की उपस्थिति, छात्रों की उपस्थिति मध्यान्ह भोजन एवं छात्रों के पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता की जांच की गई, जांचोपरांत जिलाधिकारी संतुष्ट दिखाई दिए। इसके पश्चात मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बीडीओ अखिलेश कुमार एवं अन्य सहयोगियों के संग विद्यालय के छात्रों के साथ जमीन पर बैठकर विद्यालय में बनने वाले मध्यान्ह भोजन को खाया।

# शराब की दुकान में सीओ ने किया निरीक्षण, पाई गई भारी गड़बड़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के अस्पताल चौक के समीप स्थित सरकारी अनुज्ञप्ति प्राप्त कंपोजिट शराब दुकान का विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी नित्यानंद दास के द्वारा सोमवार की रात्रि औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण में भारी गड़बड़ी पाई गई, बता दें कि उक्त दुकान के संबंध में पूर्व में दो बार ग्राहकों से एमआरपी से अधिक मूल्य की वसूली, शराब की कालाबाजारी और दुकान के स्थान को लेकर खबर प्रकाशित हो चुकी है। औचक निरीक्षण को लेकर विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ने बताया कि लंबे समय से मिल रही सूचना के आधार पर उनके द्वारा बीती रात्रि कार्रवाई की गई, जिसमें दुकान में भारी गड़बड़ी पाई गई। दुकान में न तो कोई स्टॉक रजिस्टर पाया गया और न ही आगत-निर्गत पंजी। ऐसा प्रतीत होता है जैसे यह सरकारी शराब दुकान न होकर कोई किराने की दुकान संचालित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान ही एक ग्राहक से दुकानदार के द्वारा बैड मंकी नामक बीयर को अधिकतम मूल्य 180 रुपए की जगह 190 रुपए की वसूली की गई। इस अवैध वसूली को लेकर संचालक के विरुद्ध कंज्यूमर एक्ट के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही अंचल अधिकारी ने बताया कि उक्त सरकारी शराब की दुकान भी प्लस 2 उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ के समीप स्थित है जो कि नियम संगत प्रतीत नहीं होता है, इस संबंध में भी जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सूचना प्राप्त है कि इस दुकान का संचालन राजेश गोल्डी नामक एक अनाधिकृत व्यक्ति के द्वारा किया जा रहा है और इस दुकान से भारी मात्रा में शराब की कालाबाजारी की जा रही है। जल्दी ही मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पूर्व में उक्त दुकान के द्वारा सरकारी नियमावली की धज्जियां उड़ाने को लेकर खबर प्रकाशन के उपरांत दुकान के अनाधिकृत संचालक के द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को लेकर सोशल मीडिया में अपमानजनक एवं अप्रिय बातें भी कही गई थी। वर्तमान कार्रवाई से स्पष्ट प्रतीत होता है कि यह वही बात हो गई कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। बहरहाल कार्रवाई के बाद अवैध वसूली पर लगाम लगने की उम्मीद है। औचक निरीक्षण के दौरान अंचलकर्मी लोकेश कुमार और सागर कुमार भी मौजूद थे।

# पूर्व सांसद की पहल पर हजारीबाग में सिन्हा हेल्थ इंस्टिटयूट का भूमिपूजन


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** 'सेवा परमो धर्मः' की भावना को साकार करते हुए पूर्व सांसद जयंत सिन्हा की दूरदर्शी पहल पर आज हजारीबाग में सिन्हा हेल्थ इंस्टिट्यूट का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह गैर-लाभकारी संस्थान स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगा, जिसका उद्देश्य झारखंड के नागरिकों को आधुनिक, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

संस्थान में एमआरआई पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे, सिटी स्कैन, ओपीडी और मेडिकल शॉप जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से, यहां टेस्ला तकनीक से युक्त उन्नत एमआरआई मशीनें स्थापित की जाएंगी, जिससे अब मरीजों को एमआरआई जैसी जाँच के लिए रांची या राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

इस संस्थान की बिल्डिंग आगामी 6 से 9 महीनों में पूरी तरह से तैयार हो जाएगी और सभी मेडिकल उपकरण स्थापित कर दिए जाएंगे।

मरीजों को त्वरित और तकनीक-संलग्न सुविधा देने के लिए एक डिजिटल वेबसाइट भी तैयार की गई है, जिससे ऑनलाइन टेस्ट बुकिंग, रिपोर्ट डाउनलोड और अन्य सेवाएं सरलता से प्राप्त की जा सकेंगी।



पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने बताया कि झारखंड मेरी जन्मभूमि के साथ-साथ मेरी कर्मभूमि है। स्वास्थ्य सेवा में यह मेरा संकल्प है कि राज्य के लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उनके ही जिले में प्राप्त हो। यह संस्थान आने वाले समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि इस संस्थान को आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि जरूरतमंदों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल सके। इस संस्थान से देश और विदेश के विशेषज्ञ डॉक्टरों का जुड़ाव सुनिश्चित किया गया है, जो अपने अनुभव और ज्ञान से मरीजों को श्रेष्ठतम इलाज प्रदान करेंगे। हजारीबाग और आसपास के जिलों के लिए यह संस्थान एक नए युग की शुरुआत है, जो न सिर्फ चिकित्सा सेवा देगा, बल्कि क्षेत्र की स्वास्थ्य संरचना को भी मजबूत करेगा।

# कुम्हार उद्यमियों को मिले उपकरण, मुख्य अतिथि रहे केवीआईसी चेयरमैन मनोज गोयल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत कुम्हार समाज के उद्यमियों को विद्युत चालित चाक और अन्य आधुनिक मशीनरी का वितरण पालाडाइज रिसोर्ट, हजारीबाग में किया गया। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के चेयरमैन मनोज कुमार गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक कुम्हार शिल्प को तकनीकी नवाचार और सरकारी सहयोग से सशक्त बनाना था, ताकि कुम्हार समाज आत्मनिर्भर बन सके और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिले। चेयरमैन श्री गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को साकार करने की दिशा में कुम्हार समाज की भूमिका अहम है। विद्युत चालित चाक और आधुनिक उपकरणों से अब ये कारीगर अधिक गुणवत्ता के साथ, कम समय में उत्पादन कर सकेंगे। वहीं विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यह पहल ग्रामीण उद्यमिता को एक नई दिशा देगी। हम मिलकर प्रयास करेंगे कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। इस योजना के तहत वितरित मशीनों से कुम्हार समुदाय को पारंपरिक मिट्टी शिल्प के कार्य में गति, सटीकता और उत्पादन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।




कार्यक्रम में कुम्हार समाज के दर्जनों उद्यमी लाभान्वित हुए। सभी लाभुकों ने सरकार और आयोग का आभार जताया तथा इस सहयोग को रोज़गार और आत्मनिर्भरता की दिशा में सार्थक कदम बताया। यह आयोजन ग्रामोद्योग और कुम्हारी कला के पुनरुत्थान की दिशा में एक प्रभावशाली पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# अवैध बालू खनन पर प्रशासन सख्त, बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

चौपारण (हजारीबाग)। प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के विरुद्ध प्रशासन की सख्ती लगातार जारी है। सोमवार देर रात जीटी रोड नरैना के समीप चौपारण के अंचलाधिकारी (सीओ) संजय यादव के नेतृत्व में की गई छापेमारी में बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। कार्यवाही के दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। बाद में जब ट्रैक्टर मालिक ने वाहन छुड़ाने का प्रयास किया, तो वह वैध चालान या खनन अनुमति से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। ऐसे में प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर चौपारण थाना को सुपुर्द कर दिया। आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है।

जानकारी के अनुसार यह ट्रैक्टर मयूरहंड प्रखंड के पेटादरी नदी से बालू लेकर आ रहा था। स्थानीय सूत्रों से सूचना मिलने के बाद सीओ ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर यह कार्रवाई की।

सीओ संजय यादव ने कहा कि खनन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर मालिक और चालक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध खनन या बालू ढुलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना वैध अनुमति के खनिज पदार्थों का उठाव और परिवहन गैरकानूनी है, और इस पर जुर्माना व कानूनी कार्रवाई तय है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चौपारण प्रखंड में खनन गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है। रात के समय हो रही बालू ढुलाई से न केवल सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, बल्कि सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है।

ग्रामीणों ने सीओ द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना की और उम्मीद जताई कि ऐसी सख्ती से अवैध खनन पर रोक लगेगी।

प्रशासन की यह सख्त कार्यवाही एक स्पष्ट संदेश है कि अवैध बालू कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के निर्देश पर विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण, जनता की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के निर्देश पर मंगलवार को विधायक टीम व नगर निगम के जूनियर इंजीनियर ने शांति आश्रम बड़कागांव रोड से मार्खम कॉलेज रोड तक विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य सड़क, जलनिकासी और सौंदर्यीकरण से संबंधित जनसमस्याओं का अवलोकन कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। कुछ दिन पूर्व स्थानीय निवासियों ने विधायक प्रदीप प्रसाद से मिलकर जलजमाव और जर्जर सड़कों की समस्याएं रखी थीं। उसी के क्रम में विधायक स्वयं क्षेत्र में पहुंचे थे और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे। मंगलवार को पुनः विधायक टीम द्वारा क्षेत्रीय निरीक्षण किया गया जिसमें जलनिकासी की गंभीर समस्या को लेकर नाली निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए।

**जल्द शुरू होगा शांति आश्रम से मार्खम कॉलेज तक नाली निर्माण कार्य**

निरीक्षण के दौरान न्यू कॉलोनी जबरा की जर्जर सड़कों और नालियों की स्थिति भी देखी गई। यहां नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैलने से आवागमन बाधित हो रहा था। टीम ने नगर निगम के जेई को निर्देश दिया कि नालियों की सफाई और मरम्मत कार्य तुरंत प्रारंभ किया जाए तथा सड़क मरम्मत को भी प्राथमिकता पर लिया जाए।



इसके अलावा टीम ने कृष्णापुरी तालाब क्षेत्र का निरीक्षण भी किया और सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की। तालाब के चारों ओर लाइटिंग व्यवस्था सुधारने, परिसर की नियमित सफाई, मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाने और नई नाली निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विधायक के प्रयासों की सराहना की और उन्हें क्षेत्रीय विकास के लिए धन्यवाद दिया।इस मौके पर प्रमुख रूप से रवि कुमार, बन्द्री रजक, मुन्ना मोदी, बालगोविंद मंडल, मुकेश कुमार, राधा देवी, मुकेश प्रसाद, नवीन साव, बसंत मंडल, खुबलाल साव, गौतम प्रसाद, संदीप साव, चंदन सिंह, मोनू प्रसाद, सुमन सौरभ, राहुल मंडल समेत सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# वज्रपात से धनरोपनी कर रही महिला की मौत, सांसद ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत कुसुंभा में एक दुखद घटना सामने आई। जहां धनरोपनी कर रही एक लगभग 35 वर्षीया महिला सुनीता देवी की वज्रपात से मौत हो गई। मृतका की पहचान हजारीबाग सदर प्रखंड के ग्राम मंडई निवासी भोला यादव की पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। वह अपने मायके कुसुंभा आई हुई थी और अपने भाई और बड़ी भाभी के साथ पाण्डेय पगार के पास खेत में धान रोप रही थी। अचानक शाम को कुदरत का कहर बरसा और बिजली गिरने से उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। गनीमत रही कि उनकी भाभी, जो उनके साथ ही धान रोप रही थी वह पूरी तरह सुरक्षित बताई जा रही है। घटना के बाद मृतका के भाई और भाभी ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें उठाकर हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**सांसद मनीष जायसवाल ने जताया गहरा शोक**

इस दुखद घटना की सूचना मिलने पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने तत्काल अपने लोकसभा मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को अस्पताल भेजा। जिन्होंने यहां पहुंचकर तत्काल मृतका के शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया। बुधवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। सांसद मनीष जायसवाल ने मृतक परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस घटना पर मिलने वाली मुआवजा राशि उपलब्ध करवाने में हरसंभव सहयोग का वादा किया। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि वे खेतों में काम करते समय बारिश और गरज के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरतें ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि मानसून के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

# स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता योजनाओं की गुणवत्ता का किया मूल्यांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के दारु प्रखंड अंतर्गत एफएनएचडब्ल्यू (फूड, न्यूट्रिशन, हेल्थ एंड वॉश) कार्यक्रम के तहत बुधवार को विभिन्न राज्यों से पहुंचे वरीय पदाधिकारियों ने क्षेत्र भ्रमण किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों से आए एसआरएलएम (स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन) से जुड़े अधिकारी शामिल हुए। पदाधिकारियों ने भ्रमण के दौरान आजीविका महिला ग्राम संगठन, इरगा, आंगनबाड़ी केंद्र, पोषण वाटिका, महिला संकुल संगठन, दारु तथा अन्य स्थलों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने पोषण संबंधी नवाचारों, स्थानीय संसाधनों के उपयोग और महिला समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। जेंडर रिसोर्स सेंटर की दीदियों से मुलाकात कर उनके कार्यों और जागरूकता अभियानों की भी जानकारी ली गई। भ्रमण के दौरान जेएसएलपीएस हजारीबाग कार्यालय के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालय, दारू में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य व स्वच्छता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर चल रही योजनाओं की प्रगति का अवलोकन किया और आवश्यक सुझाव भी दिए। इस क्षेत्र भ्रमण का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के अनुभवों का आदान-प्रदान करना और जमीनी स्तर पर चल रहे स्वास्थ्य संबंधित कार्यों की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना था, जिससे भविष्य में इन कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।






**ख़ुदा बख़्श ओरिएन्टल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना**
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान
**आवश्यकता है**

**बाइंडर (1-GEN)** मेंडर **(1-OBC) लाइब्रेरी अटेंडेंट (2-GEN, 1-OBC)**
(वेतनमान **₹18,000 - ₹56,900/- लेवल–1**) (इस पुस्तकालय के नियमाधीन अन्य भत्तों के साथ)।
**आवश्यक योग्यताएँ:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास।
**अनुभव:**
(i) बाइंडर/मेंडर के लिए पांडुलिपियों, उत्कृष्ठ प्रलेखों, पुरानी पुस्तकों की जिल्दसाज़ी और मरम्मत का अनुभव।
(ii) फारसी/अरबी भाषा का कार्यसाधक ज्ञान।
**आयु: 18–25** वर्ष के बीच।
**इन पदों के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में छूट उन आवेदकों को दी जाएगी जो माननीय पटना उच्च न्यायालय के वाद संख्या CWJC 143/2016 और CWJC 4371/2015 में याचिकाकर्ता हैं।**
पुस्तकालय में कार्यरत अस्थायी Group D कर्मचारियों को आयु में छूट दी जाएगी।
फूलस्कैप साइज के सफेद काग़ज पर साफ टाइप की हुई आवेदन, बायोडाटा, अनुप्रमाणित शैक्षिक तथा अनुभव प्रमाण पत्र और एक ताजा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निम्नहस्ताक्षरित के कार्यालय में दिनांक **30 अगस्त, 2025** तक पहुँच जाना चाहिए। लिफाफे पर पद का नाम लिखा होना चाहिए जिसके लिये आवेदन पत्र भेजा जा रहा है।

**निदेशक,**
ख़ुदा बख़्श ओरिएन्टल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना–800004

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा प्रणाली के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना सं. डीसीई/सीओएन/एएसएन/II/02 ऑफ 2025–26, दिनांक: 21.07.2025,** उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/II/पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** जसीडीह–दुमका डबल लाइन (71.58 किमी) के लिए अंतिम लोकेशन सर्वे, ट्रैफिक सर्वे का संचालन, सभी सिविल, विद्युत और एस एंड टी कार्यों के लिए व्यापक डीपीआर प्रस्तुत करना, विस्तृत अनुमान तैयार करने के साथ अलाइन्मेंट प्लान, यार्ड प्लान, छोटे पुलों, बड़े पुलों, आरओबी/आरयूबी, एफओबी के लिए ड्रॉइंग, लेवल क्रॉसिंग ड्रॉइंग्स, हाइड्रोलॉजिकल एवं जियोटेक्निकल जांच तथा अन्य सभी सहायक कार्य, विद्युत, टीआरडी और एस एंड टी सहित सभी कार्यों के लिए ईपीसी निविदा कागजात तैयार करना और जमा करना। **अनुमानित मूल्य :** रु.1.42 करोड़, **निविदा का माध्यम:** एकल पैकेट प्रणाली। **निविदा कागजात का मूल्य (रु.):** शून्य। **बोली प्रतिभूति राशि :** रु.2,21,300/– **समापन अवधि :** 06 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.08.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
ASN-128/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 22-07-2025 21:56 Page 1



# पटना मेट्रो के ट्रायल की तारीख जल्द होगी तय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना में मेट्रो परियोजना ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुणे से लाई गई पटना मेट्रो की बोगियों को न्यू आईएसबीटी डिपो में मंगलवार को सफलतापूर्वक असेंबल कर लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, अगले एक-दो दिनों में ट्रायल रन की तारीख तय कर ली जाएगी।

यह ट्रायल रन मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक 6.5 किलोमीटर लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर पर होगा।

31 जुलाई तक मेट्रो का दो से तीन बार ट्रायल होगा। इस कारिडोर पर पांच एलिवेटेड स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं।

बता दें कि 15 अगस्त 2025 को इस कॉरिडोर का उद्घाटन प्रस्तावित है। ट्रायल रन के लिए सिग्नल, इलेक्ट्रिकल और टेलीकॉम सिस्टम का कार्य तेजी से चल रहा है। पटनावासियों को जल्द ही आधुनिक मेट्रो सेवा का लाभ मिलेगा।

- दो फेज में होगा काम
- 15 अगस्त को प्रस्तावित है उद्घाटन

पटना मेट्रो रेल परियोजना दो प्रमुख कॉरिडोरों पूर्व-पश्चिम (लाइन-1) और उत्तर-दक्षिण (लाइन-2) के साथ 30.91 किलोमीटर लंबी है, जिसमें 24 स्टेशन शामिल हैं। इसका निर्माण पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएमआरसीएल) द्वारा किया जा रहा है, जिसमें दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) सामान्य सलाहकार के रूप में सहयोग कर रहा है। परियोजना की आधारशिला 17 फरवरी 2019 को रखी गई थी।

अब तक प्रायोरिटी कॉरिडोर (मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक 6.1 किमी) में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। इस खंड में पांच उन्नत स्टेशन मलाही पकड़ी, खेमनीचक, भूतनाथ, जीरो माइल और पाटलिपुत्र बस टर्मिनल शामिल हैं। कॉरिडोर-2 के भूमिगत खंड में 1.7 किमी लंबी सुरंग (गांधी मैदान से पटना जंक्शन) और 1.48 किमी लंबी सुरंग (मोइन उल हक स्टेडियम से पटना विश्वविद्यालय स्टेशन) का निर्माण पूरा हो चुका है।

कॉरिडोर-1 के लिए 7.01 किमी उन्नत और 10.17 किमी भूमिगत खंड का निर्माण कार्य भी जोरों पर है।

परियोजना की कुल लागत 13,365.77 करोड़ रुपये है, जिसमें 60% जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) से ऋण, 20% बिहार सरकार और 20% केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। मेट्रो डिपो का निर्माण बैरिया चक में 30.5 हेक्टेयर में हो रहा है।

## छापेमारी में जब्त अभ्रक ने अवैध खनन के खोले राज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** वन विभाग की टीम ने गुरुवार की देर शाम अवैध अभ्रक खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फुलवरिया डैम के पास एक मैजिक वाहन को पकड़ा, जिसमें भारी मात्रा में अवैध अभ्रक लदा हुआ था। इस दौरान वाहन चालक को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

वन क्षेत्र पदाधिकारी नारायण लाल सेवक ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि भानेखाप स्थित अभ्रक माइंस से अवैध खनन कर एक मैजिक वाहन पर अभ्रक लादकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही फॉरेस्टर रवि रंजन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और मौके पर घेराबंदी की गई।

जांच के दौरान जब मैजिक वाहन संख्या बीआर 27 पी 3127 को रोका गया, तो उसमें 9 बोरा अभ्रक लदा हुआ पाया गया। बरामदगी के बाद वाहन चालक सुनील राजवंशी (निवासी न्यू सिंगर टोला, हरदिया) को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार चालक के विरुद्ध वन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उसे स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं जब्त किए गए मैजिक वाहन को वन विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। वन विभाग की यह कार्रवाई अवैध खनन और तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की निगरानी लगातार की जा रही है और ऐसी कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

## दुकान से ही दुकानदार की लाश बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र के केवटसा चौक स्थित कटरा मोड़ पर एक दुकानदार का शव उसकी ही दुकान से बरामद किया गया। मृतक की पहचान मिश्रौलिया गांव निवासी 21 वर्षीय मनीष बैठा के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, सुबह दुकान के अंदर मनीष का शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने मनीष की हत्या की आशंका जताई है।मृतक की मां ने बताया कि मनीष पहले गांव से आकर दुकान संभालता था, लेकिन पिछले करीब 10 दिनों से वह दुकान में ही रह रहा था और वहीं सोता भी था। आज सुबह काफी देर तक उससे कोई संपर्क नहीं हो पाया, जिसके बाद वे दुकान पहुंचे तो देखा कि मनीष मृत अवस्था में पड़ा है। उन्होंने दावा किया कि मनीष का पहले एक युवक से विवाद हुआ था और उसी ने हत्या की है। घटना की सूचना मिलते ही बेनीबाद थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया है।

घटना के संबंध में ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि मृतक बीते कुछ दिनों से दुकान में ही रह रहा था। आज परिजन जब उसे खोजते हुए पहुंचे, तो वह मृत अवस्था में मिला। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, ताकि तकनीकी जांच के आधार पर घटना के पीछे की सच्चाई सामने लाई जा सके। परिजनों के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध अवस्था में मिले युवक की लाश मामले ने लिया नया मोड़

### एसपी ने खुद लिया घटनास्थल का जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** रविवार को तारगिर-लालू मोड़ पथ स्थित कुतलूपुर मोड़ के समीप एक पैन में संदिग्ध अवस्था में मिले दरियापुर निवासी संजय कुमार (22 वर्ष) के शव के बाद उनकी संदेहास्पद मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के भाई उदय कुमार उर्फ चिंटू ने थाना में दिए आवेदन में चार युवकों पर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मृतक दरियापुर निवासी संतोष कुमार सिंह का पुत्र था, जो तारगिर बाजार में दो वर्षों से नवल प्रसाद के मकान में मोटर-पंखा रिपेयरिंग की दुकान चला रहा था।

आवेदन के अनुसार 16 जुलाई 2025 की शाम संजय अपने भाई चिंटू के साथ दुकान पर मौजूद था। तभी तारगिर निवासी लड्डू कुमार, पिता शैलेंद्र प्रसाद, सौरभ कुमार, पिता अमरेश प्रसाद, पिंटू कुमार और चंदन कुमार पिता का नाम ना मालूम हथियार के साथ दुकान में पहुंचे और 50 हजार रुपया की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। हालांकि इस घटना के बाद पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस को तत्काल कोई सूचना नहीं दी गई थी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि 16 जुलाई की घटना की पुलिस को न तो कोई मौखिक सूचना दी गई थी और न ही कोई लिखित शिकायत प्राप्त हुई थी।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के भाई के आवेदन के आधार पर चारों युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।घटना की गंभीरता को देखते हुए नवादा एसपी अभिनव धीमान ने स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** जिले के भोरे थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में 40 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई। यह हादसा भिंगारी-सिसई मुख्य मार्ग पर हुआ। मृतक की पहचान हरिहरपुर गांव निवासी इश्तियाक अहमद के रूप में की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, इश्तियाक अहमद किसी कार्य से अपनी बाइक से भिंगारी बाजार जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इश्तियाक अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल भोरे स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने गोरखपुर रेफर कर दिया। लेकिन गोरखपुर ले जाने के दौरान रास्ते में देवरिया के पास उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही भोरे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, इश्तियाक अहमद की असामयिक मृत्यु से हरिहरपुर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजन गहरे सदमे में हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## दारोगा ने खुद को मारी गोली

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां हरनौत थाना में पदस्थापित एक दरोगा ने खुद को गोली मार ली है। गोली लगने से उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए पटना के पारस अस्पताल रेफर किया गया है।

घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। आत्महत्या की कोशिश करने वाले दरोगा की पहचान रामपुकार यादव के रूप में हुई है, जो डायल 112 वाहन पर कार्यरत थे। उन्होंने अपनी ही सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी।

घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ-2, सुरक्षा डीएसपी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर हरनौत थाना का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया है और किसी को भी भीतर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने पुष्टि करते हुए बताया कि एक पुलिसकर्मी ने आत्महत्या का प्रयास किया है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है।

## रेलिंग तोड़कर नदी में गिरी पिकअप, एक की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** नारायणी ब्रिज पर ट्रक और पिकअप में जबरदस्त टक्कर, रेलिंग तोड़ नदी में गिरी पिकअप, एक की मौत, दो घायमुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र में एनएच-722 स्थित रेवा रोड पुल पर मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। कोल्ड ड्रिंक से लदी एक ट्रक और सब्जी लदी पिकअप वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे गंडक नदी में जा गिरी।

हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वैन में सवार दो लोगों में से चालक किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा, जबकि सहचालक की नदी में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही सरैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। क्रेन की सहायता से नदी में गिरी पिकअप वैन को बाहर निकाला गया।

मृतक की पहचान मोतीपुर बाजार स्थित पानी टंकी चौक निवासी रघुनाथ साह के 25 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार के रूप में हुई है। वह एक थोक सब्जी विक्रेता था और रोजाना पटना से सब्जी लाकर मोतीपुर सब्जी मंडी में बेचने का काम करता था। हादसे में घायल पिकअप चालक और ट्रक चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सरैया थाना प्रभारी सुभाष मुखिया ने बताया कि ट्रक और पिकअप की टक्कर में पिकअप वैन नदी में गिर गई थी। एक की मौत हुई है, जबकि दो लोग घायल हैं। मृतक और घायलों की पहचान कर ली गई है। क्रेन की मदद से वाहन को बाहर निकाल लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## दरवाजे पर सोये बुजुर्ग पर धारदार हथियार से हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरांव (बक्सर)।** कोरान सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मठिला गांव में सोमवार की रात एक बुजुर्ग पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना रात करीब 10.30 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित 60 वर्षीय बुजुर्ग प्रतिदिन की तरह सोमवार की रात खाना पीना के बाद अपने घर के दरवाजे पर सो रहे थे। तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन पर धारदार हथियार से पेट पर वार कर फरार हो गया। हमले में वृद्ध का पेट फट गया और आंत बाहर आ गई, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। घायल की पहचान मठिला गांव निवासी स्वर्गीय केदार यादव के पुत्र आदित्य यादव के रूप में हुई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवार के द्वारा थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, हालांकि पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस इस हमले को गंभीरता से ले रही है और हर पहलू पर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमलावर की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। गांव में इस बात की चर्चा है कि इस बुजुर्ग व्यक्ति का किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, तो फिर जानलेवा हमला क्यों किया गया? पुलिस हर संभावना को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

## टॉप-10 में शामिल कुख्यात बदमाश को पुलिस ने दबोचा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के टॉप 10 वांछित बदमाशों में शामिल कुख्यात बदमाश को बिदुपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया बदमाश बिदुपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी वासुदेव सिंह के पुत्र राजीव कुमार उर्फ रंजन बताया गया। उसके विरुद्ध लूट अपहरण हत्या के प्रयास आर्म्स एक्ट चोरी का मामला दर्ज है।

यह जानकारी सदर वन एसडीपीओ सुबोध कुमार ने दी।

उन्होंने कहा कि वैशाली जिले के टॉप 10 बदमाशों में शामिल एवं दो कांडो मे वांछित बदमाश राजीव कुमार उर्फ रंजन पिता वासुदेव सिंह, ग्राम गोपालपुर, थाना बिदुपुर, जिला वैशाली की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर वन सुबोध कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष बिदुपुर के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

गठित टीम द्वारा वांछित आरोपित की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में बीते सोमवार को चोरी, लूट, अपहरण, हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर कांडो में संलिप्त राजीव कुमार उर्फ रंजन को गोपालपुर से गिरफ्तार किया गया है। उक्त बदमाश पर कुल सात कांड दर्ज है एवं अन्य अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपी राजीव कुमार उर्फ रंजन का आपराधिक इतिहास है। वह बिदुपुर थाना कांड संख्या 242/24 एवं 57/25 में वांछित है। उसके विरुद्ध राजापाकड़ थाना कांड संख्या 230/19, औद्योगिक क्षेत्र थाना कांड संख्या 206/19, 187/19, 175/19,211/19 दर्ज है।

## जेठ पर लगाया हत्या का आरोप

**कांटी(मुजफ्फरपुर)।** थाना क्षेत्र के सदातपुर सुधा डेयरी के समीप धर्मेंद्र कुमार राय की संदिग्ध मौत की गुत्थी नहीं सुलझ सकी। इस बीच उसकी पत्नी खुशबू कुमारी ने जेठ (युवक के बड़े भाई) मिथिलेश कुमार राय पर हत्या का शक जता दिया।

वहीं मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने वाले मिथिलेश ने भी खुशबू के दो नाम से आधार बनवाने और दूसरे नाम से खाता खुलवाने की जानकारी देकर शक बढ़ा दिया। इस बीच रविवार को पुलिस ने घटनास्थल का दोबारा बारीकी से मुआयना किया और कई महत्वपूर्ण सुराग जुटाए।

मृत धर्मेंद्र के स्वजन की मौजूदगी में केस के आइओ सह थानाध्यक्ष रविकांत पाठक ने कमरे की गहन छानबीन की। पुलिस ने अगल-बगल की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को भी एकत्रित किया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि धर्मेंद्र गुस्सैल स्वभाव का था। उसने सुधा डेयरी में भी एक वरीय अधिकारी के साथ मारपीट की थी। इसमें अधिकारी का दांत टूट गया था। ड्यूटी के दौरान भी धर्मेंद्र का संवेदकों और अन्य साथियों के साथ अक्सर नोकझोंक होता रहता था।

## बिजली विभाग पर दस करोड़ का मुकदमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** खलीफाबाग चौक स्थित कृष्णा सिल्क की मालकिन मंजू देवी ने बिहार सरकार के खिलाफ भागलपुर कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें बिजली विभाग के मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, प्रबंध निदेशक साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के साथ मोजाहिदपुर विद्युत सबस्टेशन के कार्यपालक अभियंता व सहायक अभियंता के खिलाफ याचिका दायर की गई है। ये बातें सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरिष्ठ अधिवक्ता अभय कांत झा ने कहीं।

उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के पूर्व सचिव संजीव हंस को बचाने और मंजू देवी झुनझुनवाला (वादी) को तरह-तरह से परेशान करने व बदनाम करने के आरोप में ऊर्जा विभाग के खिलाफ 10 करोड़ की मांग को लेकर भागलपुर कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वादी ने पूर्व में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें दर्ज कराई थीं।

विभाग ने उन पर कोई संज्ञान नहीं लिया, बल्कि वादी को ही दंडित करने का प्रयास किया। यह पूरा मामला न्याय का मखौल, दुरुपयोग का उदाहरण और ईमानदार नागरिकों की आवाज को दबाने का प्रयास है। अगर वादी की शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई की गई होती तो संजीव हंस कब के जेल में होते।

यह याचिका न केवल एक व्यक्ति की प्रतिष्ठा की लड़ाई है, बल्कि शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बहाल करने की पहल भी है। अधिकारियों को आवेदन देने के बाद भी जब मंजू देवी की शिकायत दर्ज नहीं हुई और उसका समाधान नहीं हुआ, तो उन्हें कोर्ट का सहारा लेना पड़ा। इससे पहले विजिलेंस, केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और मुख्य सचिव द्वारा मामले की जांच के निर्देश पर भी अमल नहीं किया गया।

# वज्रपात से दो महिलाओं की मौत, छह अन्य घायल

### मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले में मंगलवार की शाम हल्की बूंदाबांदी के बीच वज्रपात से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। इनमें एक महिला को उपचार के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य का उपचार गांव में ही ग्रामीण चिकित्सक ने किया है।

वज्रपात की घटनाएं कमतौल थाना क्षेत्र के करजापट्टी और मब्बी थाना क्षेत्र शाहपुर चौर में शाम करीब पांच बजे हुई है। मृतकों में कमतौल थाना के करजापट्टी गांव के फिरन राम की पत्नी राधिका देवी (36) एवं मब्बी थाना के शाहपुर के स्व. प्रसादी मंडल की पत्नी सुजान देवी (72) शामिल हैं।

घायलों में करजापट्टी गांव के गनौर दास की पत्नी गीता देवी (27) व गणेश सहनी की पत्नी रामतोला देवी (22) और शाहपुर गांव के उमेश मंडल के पुत्र सूरज कुमार (8), शत्रुध्न मंडल की पत्नी बबीता देवी (37), मिथलेश मंडल की पत्नी ममता देवी (34), लक्ष्मी मंडल की पुत्री सरिता कुमारी (10) शामिल हैं।


केवटी अंचलाधिकारी भास्कर कुमार मंडल ने बताया कि राधिका देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है। जख्मी गीता देवी का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। सभी महिलाएं गांव के पास ही अपने जानवरों को चरा रही थी।

आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से वज्रपात के पीड़ित को मिलने वाली अनुदान राशि देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दूसरी घटना के बारे में बताया जाता है कि शाहपुर चौर में सभी एक साथ बकरी चरा रहे थे। अचानक वज्रपात की चपेट में सभी आ गए। हादसे के बाद ग्रामीण घायल सभी लोगों को उठाकर आनन फानन में अस्पताल ले गए, जबकि सुजान देवी की मौत मौके पर हो चुकी थी।

देर शाम स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पंचनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। हादसा को लेकर गांव में मातम छा गया है। स्वजन रो रोकर बदहवास बने हुए हैं।

सिमरा नेहालपुर के पसंस प्रतिनिधि राजेश कुमार शाह, सरपंच शिवजी बैठा, उप सरपंच चुन्नू मिश्रा ने बताया कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से मदद दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जा रही है। मब्बी थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने वज्रपात से एक की मौत हुई है। घायलों के बारे में सूचना नहीं है।

## वंदे एक्सप्रेस के सामने आया युवक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड के चैलाहां हॉल्ट व सेमरा स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या- 170/5 -7 के समीप गाड़ी संख्या -26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर अप वंदे भारत ट्रेन के सामने मंगलवार को अचानक एक व्यक्ति आ गया। वह सामने से ट्रेन से टकराया।

घटना में ट्रेन के इंजन के अगला हिस्से में लगा कवर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस के पायलट ने सुगौली स्टेशन पर रुककर ट्रेन से एक अज्ञात व्यक्ति की टकराने की सूचना समस्तीपुर कंट्रोल को दी।

सूचना के बाद बापूधाम आरपीएफ पोस्ट के एएसआई शैलेंद्र सिंह मौके पर पहुंच कर ट्रेन से टकराने वाले व्यक्ति की खोजबीन की। काफी खोजबीन के बाद भी संबंधित व्यक्ति घटनास्थल के समीप मृत या जख्मी अवस्था में नहीं मिला।

आरपीएफ के जवानों ने स्थानीय लोगों से भी जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बताया गया है कि टकरानेवाले व्यक्ति के स्वजन उसे उठाकर कर ले गए होंगे।

धर, सुगौली स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के इंजन के अगले हिस्से को इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने मरम्मत की। इस दौरान यह ट्रेन 23 मिनट तक स्टेशन पर रुकी रही।

रेलवे सुरक्षा बल के कमांडर भरत प्रसाद ने बताया कि घटना स्थल पर जांच के लिए पदाधिकारी को भेजा गया है। ट्रेन आगे के लिए रवाना हो गई है।

ट्रेन के सामने कौन आया था, इस बारे में पता लगाया जा रहा है।


## तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल सवार को कुचला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के हिसुआ प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 120 पर बजरा मोड़ और डोमन बीघा के बीच हुआ, जहां एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान हिसुआ प्रखंड के सकरा गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह, पिता आदित्य सिंह के रूप में हुई है। वे अपनी साइकिल से सड़क किनारे जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर लगते ही अरविंद सिंह दूर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर हंगामा शुरू कर दिया और सड़क को जाम कर दिया। लोगों ने दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन को जब्त कर लिया और चालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। परिजनों और ग्रामीणों का कहना था कि जब तक थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी



और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचेंगे, तब तक सड़क जाम नहीं हटेगा।

सूचना मिलने पर हिसुआ थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को शांत कराया और बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया है। प्रशासन की ओर से कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। साथ ही पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिया गया। प्रशासनिक आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त कर दिया और स्थिति सामान्य हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया है।


CMYK

# सहकारी समितियों के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही सरकार : डॉ. प्रेम कुमार

## बिहार के 6 जिलों में सहकारी विकास परियोजना पर 315.51 करोड़ रुपये की लागत से कार्य जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि समेकित सहकारी विकास परियोजना के माध्यम से राज्य में सहकारी समितियों का आधारभूत ढांचा तेजी से मजबूत किया जा रहा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाना और किसानों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ताकि वे सुरक्षित भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन के जरिये अपनी आय में वृद्धि कर सके। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान में बिहार के 6 जिलों– पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी), औरंगाबाद, बेगूसराय, दरभंगा, पश्चिमी चम्पारण (बेतिया) और पूर्णिया में समेकित सहकारी विकास परियोजना पर 315.51 करोड़ रुपये की लागत से कार्य चल रहा है।



उन्होंने कहा कि अब तक विभिन्न क्षमताओं के 2126 नए गोदामों का निर्माण पूरा किया जा चुका है जबकि 322 समितियों में पुराने गोदामों की मरम्मत का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। इससे राज्य में कुल 3,33,850 मीट्रिक टन भंडारण क्षमता सृजित हुई है जो किसानों के लिए कृषि उत्पादों के सुरक्षित भंडारण में सहायक होगी। सहकारिता मंत्री ने बताया कि 108 समितियों में राइस मिल का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा 145 समितियों में कम्पोजिट यूनिट, 787 वर्मी कम्पोस्ट इकाई की स्थापना और अन्य गतिविधियों के जरिए समितियों को सशक्त किया गया है। अब तक 1,54,571 सहकारी समिति सदस्यों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से दक्ष किया गया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि परियोजना की विस्तारित अवधि 30 सितंबर 2025 तक निर्धारित की गई है और कई जिलों में भवन निर्माण एवं आधारभूत संरचना का कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीण विकास को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने बताया कि समेकित सहकारी विकास परियोजना की शुरुआत वर्ष 1988 में सासाराम और भोजपुर (बक्सर) जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की गई थी। इसकी सफलता को देखते हुए वर्ष 2001 से इसे अन्य जिलों में भी विस्तार दिया गया। अब तक राज्य के 20 जिलों में कुल 559.59 करोड़ रुपये की लागत से परियोजना लागू की जा चुकी है। इस परियोजना के तहत गोपालगंज, मधुबनी, गया, सीतामढ़ी, आरा, छपरा, सिवान, कैमूर, खगड़िया, शिवहर, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद, अररिया, मोतिहारी, औरंगाबाद, बेगूसराय, दरभंगा, बेतिया और पूर्णिया में सहकारी समितियों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने का कार्य हो रहा है। परियोजना के तहत बेगूसराय में 4.17 करोड़ रुपये की लागत से एक कोल्ड स्टोरेज का आधुनिकीकरण और विस्तार किया गया है। वहीं दरभंगा में मखाना उत्पादकों के लिए दो कॉमन फैसिलिटी-कम-प्रोसेसिंग सेंटर और एक मखाना होलसेल-सह-रिटेल मार्केटिंग सेंटर का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा 24 बैंकिंग सेक्टर में भी अधिसंरचना विकास और आधुनिकीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि समेकित सहकारी विकास परियोजना से सहकारी समितियों की आर्थिक ताकत बढ़ेगी। किसानों को भंडारण और प्रसंस्करण की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी जिससे वे अपने उत्पाद बेहतर दामों पर बेच सकेंगे। इसके अलावा ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित कर ग्रामीण विकास की दिशा में यह एक ठोस कदम है।

# बिहार में 18 लाख मृत मतदाता, 7 लाख के नाम दो जगह दर्ज, 26 लाख मतदाता गायब

## विशेष सारांश पुनरीक्षण के दौरान सामने आए चौंकाने वाले आंकड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में चल रहे विशेष सारांश पुनरीक्षण में अब तक मतदाता सूची की जांच के दौरान कई अहम तथ्य सामने आए हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक अब तक करीब 18 लाख मृत मतदाताओं की पहचान की गई है, वहीं 26 लाख मतदाता ऐसे पाए गए हैं जो अपने निर्वाचन क्षेत्र से अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके हैं। इसके अलावा 7 लाख मतदाता ऐसे भी हैं जिनके नाम दो स्थानों पर दर्ज पाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार 1 अगस्त 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके लिए पूरे बिहार में मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है ताकि सूची में सभी पात्र मतदाताओं का नाम दर्ज हो और अपात्र या दोहरी प्रविष्टियां हटाई जा सके। इस अभियान में लगभग 1 लाख बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी), 4 लाख स्वयंसेवक और सभी 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। इनकी जिम्मेदारी उन मतदाताओं की खोजबीन करना है जिनका गणना प्रपत्र अब तक जमा नहीं हुआ है या जो अपने पते पर नहीं मिल रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बीएलओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कई बैठकें की हैं। इन बैठकों में उन 21.36 लाख मतदाताओं की सूची साझा की गई है जिनके आवेदन या प्रपत्र अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं। इसके साथ ही लगभग 52.30 लाख ऐसे मतदाताओं की सूची भी साझा की गई है जो मृत, स्थानांतरित या एक से अधिक स्थानों पर नामांकित पाए गए हैं। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि विशेष सारांश पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो। एसआईआर आदेश के अनुसार प्रारूप मतदाता सूची 1 अगस्त से प्रकाशित की जाएगी और इसके बाद 1 सितंबर 2025 तक नागरिकों को अतिरिक्त नाम जोड़ने, विलोपन कराने और सुधार के लिए आपत्ति दर्ज कराने का अवसर मिलेगा। इस दौरान किसी भी मतदाता को अपने नाम की पुष्टि करने, त्रुटि सुधार कराने और नाम जुड़वाने का मौका रहेगा। चुनाव आयोग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने बूथ स्तर पर जाकर मतदाता सूची की जांच करें और यदि कोई गलती पाते हैं तो निर्धारित समय में सुधार कराएं। आयोग ने यह भी कहा है कि किसी भी तरह की अनियमितता की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। विशेष सारांश पुनरीक्षण के तहत इस बार चुनाव तंत्र पूरी पारदर्शिता और व्यापक भागीदारी के साथ मतदाता सूची को बेहतर और निष्पक्ष बनाने में जुटा है।

# उप राष्ट्रपति बनना चाहते हैं या नहीं यह फैसला नीतीश कुमार लेंगे : अशोक चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद एक बार फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उप राष्ट्रपति बनाने की मांग शुरू हो गई है। भाजपा की तरफ से यह मांग की गई है जिस पर अब मंत्री अशोक चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने नीतीश कुमार के उप राष्ट्रपति बनाने की मांग पर भाजपा को धन्यवाद अदा किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस पर हमारे नेता फैसला लेंगे कि वह क्या चाहते हैं? वह उप राष्ट्रपति बनना चाहते हैं या नहीं यह फैसला उन्हें लेना है। इस दौरान एसआईआर को लेकर विधानसभा में विपक्ष द्वारा कुर्सी टेबुल उठाए जाने पर उन्होंने कहा कि सब कुछ का एक प्रोटोकॉल बना हुआ है, लेकिन देखिए किस तरीके से टेबुल उठाकर चला रहे हैं। 15 साल के शासन ने उन्होंने बिहार का क्या हाल कर दिया। थोड़ा नंबर बढ़ गया तो विधानसभा को भी कहां से कहां यह लोग बना कर रख देंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव की स्थिति पर उन्होंने कहा कि हमें यही जानकारी है कि उन्होंने अभी कोई इस्तीफा नहीं दिया है जब देंगे तब इस पर कोई प्रतिक्रिया दी जा सकती है। मतदाता सूची पुनरीक्षण पर उन्होंने कहा कि कई जिले में लोगों से ज्यादा आधार कार्ड बना है इसका मतलब फर्जी है तो चुनाव आयोग का कहना है कि हम किसी हालत में कोई फर्जी व्यक्ति को वोट गिरने नहीं देंगे और जो सही व्यक्ति है वह वोट गिराएगा यह गलत बात तो नहीं है।

# सेना के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की पोशाकें सिलेंगी वीरांगनाएं

## पोशाक सिलने का प्रशिक्षण और स्वचालित मशीन उपलब्ध करा रहा स्टेट बैंक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय सेना के शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं और पूर्व सैनिकों की पत्नी या पुत्रियों को स्वाबलंबी बनाने के लिए सैनिक कल्याण निदेशालय ने एक नई पहल की है। अब सेना के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के स्कूली पोशाकों को सिलने की जिम्मेदारी इन वीरांगनों को सौंपी जा रही है। इसके लिए सैनिक कल्याण निदेशालय ने भारतीय स्टेट बैंक और नव अस्तित्व फाउंडेशन के सहयोग से राजधानी के अल्बर्ट एक्का भवन में इन वीर महिलाओं को कपड़े सिलने का दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के बाद इन वीरांगनों को भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा स्वचालित सिलाई मशीन और सिलाई टूल किट्स प्रदान किये जाएंगे। इन महिलाओं के लिए सिलाई का प्रशिक्षण गैर सरकारी संस्था नव अस्तित्व फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। बिहार रेजीमेंटल सेंटर के ब्रिगेडियर केडी जसपाल ने अल्बर्ट एक्का भवन में इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि सैनिकों की पत्नियों और बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस नेक काम के लिए सैनिक कल्याण निदेशालय, भारतीय स्टेट बैंक और नव अस्तित्व फाउंडेशन को बधाई दी और कहा कि इस प्रशिक्षण से इन वीरांगनाओं को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि आप अपना काम शुरू कीजिए, आपके उत्पाद को बाजार सेना उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के देशभर में सैकड़ों स्कूल चलते हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की पोशाक का ऑर्डर इन्हीं वीरांगनाओं को दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वीर नारी और उनके आश्रितों के लिए यह एक उत्कृष्ट पहल है। इस तरह का प्रशिक्षण शिविर राज्य के अन्य जिलों में भी समय-समय पर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर बिहार रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट केडी जसपाल के अलावा भारतीय स्टेट बैंक के बिहार-झारखंड के चीफ जेनरल मैनेजर बीके बंगारराजू, सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेंद्र कुमार, सहायक निदेशक कर्नल संतोष कुमार त्रिपाठी, जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल मनोज कुमार कई पूर्व सैनिक मौजूद थे।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 02 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने की उच्चस्तरीय बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, मानसून के दौरान उठाये जाने वाले आवश्यक सावधानियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। एसेट मेंटेनेंस, कॉशन ऑर्डर एवं स्पीड रिस्ट्रिक्शन आदि विषयों पर भी बैठक में विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों के साथ चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में चल रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य एवं विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने पर भी महाप्रबंधक ने बल दिया।

# निर्माण स्थलों पर श्रमिकों को उपलब्ध कराई जाएगी स्वास्थ्य व सुरक्षा

## बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भवन व अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिकों के कल्याण के लिए श्रम संसाधन विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हो गई। सरकारी कार्यों को नियमानुसार एवं द्रुत गति से संपादित करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला-सह-सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में राजधानी के दशरथ मांझी श्रम नियोजन एवं अध्ययन संस्थान में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यशाला में राज्य के सभी उप श्रमायुक्त, सहायक श्रमायुक्त तथा प्रत्येक प्रमंडलों से तीन-तीन श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। आयोजित कार्यशाला में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत उपकर का निर्धारण एवं संग्रहण, चारों श्रम संहिता यथा- कोड ऑन वेजेज-2019, कोड ऑन सोशल सिक्युरिटी-2020, कोड ऑन इंडस्ट्रियल रिलेशंस - 2020 और कोड ऑन ऑक्युपेशनल सेफ्टी हेल्थ एण्ड वर्किंग कंडीशन - 2020 तथा निर्माण स्थलों पर कार्यरत निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। विषय के जानकार ओंकार शर्मा, सेवानिवृत मुख्य श्रमायुक्त (केन्द्रीय), राम बाबू, अधीक्षण अभियंता, अंचल-1, भवन निर्माण विभाग, बिहार सरकार तथा वैशाली लाहिड़ी, राष्ट्रीय परियोजना समन्वयक द्वारा विस्तृत जानकारी उपस्थित पदाधिकारियों को दी गयी। विगत अप्रैल-मई माह में कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इसी कड़ी में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बोर्ड द्वारा नियमित रूप से पदाधिकारियों के उन्मुखीकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जाता रहेगा।

# अंगदान कर मिसाल बने रेलवे कर्मचारी रवि वर्मा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पूर्व मध्य रेलवे, पटना मंडल के परिचालन विभाग में पदस्थापित रवि वर्मा ने एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए अंगदान कर समाज में मानवता और सेवा की नई मिसाल पेश की है। श्री वर्मा ने अंगदान का संकल्प लेकर यह दर्शाया है कि एक व्यक्ति का निर्णय कई जिंदगियों को नया जीवन दे सकता है। उनके इस कदम से नेत्रहीन को दृष्टि, किसी रोगी को नई सांसें और जरूरतमंद को जीवनदान मिलने की संभावना बनती है। ऐसे समय में जब अंगदान को लेकर समाज में कई प्रकार की भ्रांतियां फैली हुई हैं।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिता के अंतर्गत मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना की सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2025 की श्रृंखला में 21 जुलाई एवं 22 जुलाई को क्रमशः मेहंदी प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। दोनों ही प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा, सांस्कृतिक संवेदना एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहनीय झलक देखने को मिली। मेहंदी प्रतियोगिता में कुल 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्राओं ने पारंपरिक एवं समकालीन डिजाइनों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडलों यथा- डॉ. सीता सिन्हा, डॉ. रेखा रानी, डॉ. ममता शर्मा द्वारा किया गया। निर्णायकों ने कलात्मकता, डिजाइन की



मौलिकता, संतुलन एवं सफाई के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रथम स्थान- अंजलि कुमारी, द्वितीय स्थान- जबीन महताब, तृतीय स्थान (संयुक्त)-रिया कुमारी एवं सलोनी कुमारी। इस प्रतियोगिता में कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्राओं ने पारंपरिक शैलियों के साथ-साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकारों को समेटते हुए आकर्षक रंगोलियां प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडलों यथा प्रो. शत्रुघ्न शरण सिंह, डॉ. राहुल अमृतराज, डॉ. सीमा कुमारी द्वारा किया गया। विजेता समूह- प्रथम स्थान- साहब बाबू एवं मुस्कान सिंह। द्वितीय स्थान- मनीषा एवं शिल्पा, तृतीय स्थान (संयुक्त)- अनाध्या, दीप्ति एवं सपना, समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. विनीता तिवारी ने आयोजन की सफलता हेतु सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों, शिक्षकों एवं आयोजन सहयोगियों का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कहा- इस आयोजन की सफलता का सम्पूर्ण श्रेय हमारे प्राचार्य प्रो. विवेका नंद सिंह को जाता है जिनके मार्गदर्शन, सहयोग एवं निरंतर प्रोत्साहन से यह संभव हो सका। साथ ही निर्णायकों की निष्पक्षता, शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता एवं छात्राओं की रचनात्मकता इस कार्यक्रम की विशेषता रही। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. विवेका नंद सिंह ने प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उत्साह, अनुशासन एवं सांस्कृतिक प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने आयोजन की सफलता हेतु सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. विनीता तिवारी सहित संपूर्ण समिति के सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि- इस प्रकार के आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता विकसित होती है, बल्कि उनमें सांस्कृतिक चेतना और आत्मविश्वास भी सुदृढ़ होता है।

# रोटरी क्लब ऑफ अद्विका पाटलिपुत्र ने किया अन्न दान महादान कार्यक्रम आयोजित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र अद्विका द्वारा 'अन्न दान महादान' कार्यक्रम के अंतर्गत 'अपना घर' (गाय घाट) में मानसिक रूप से विच्छिप्त 60 से अधिक लोगों को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया। इस सेवा भाव से ओतप्रोत आयोजन की अध्यक्षा बबिता बिदसरिया रहीं। कार्यक्रम को अपना घर के इंचार्ज रंजीत के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। क्लब की सेक्रेटरी नीतू बिरला, श्वेता सिन्हा, कंचन रॉय समेत अन्य सदस्यों की भी सक्रिय उपस्थिति रही। एम पी जैन ने बताया कि यह आयोजन रोटरी क्लब के सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना का एक उदाहरण है जिसमें समाज के उपेक्षित और जरूरतमंद वर्ग के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाया गया।

# बैंकों के प्रदर्शन में सुधार के लिए रैंकिंग इंडेक्स को स्वीकृति : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि बैंकों के प्रदर्शन में सुधार के लिए रैंकिंग इंडेक्स बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। श्री चौधरी ने कहा कि बैंकों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग/स्कोरिंग इंडेक्स लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। यह इंडेक्स बैंकिंग प्रदर्शन- वार्षिक साख योजना के लक्ष्य की प्राप्ति, क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात में वृद्धि, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र - कृषि, पशुपालन, मत्स्य आदि में ऋण वितरण, स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्धता तथा सरकार की योजना जैसे मुद्रा- योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमईजीपी आदि में भागीदारी को आधार बनाकर तैयार किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आर्थिक विकास में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। बैंक का काम केवल बचत को सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं हैं बल्कि ये राज्य की आर्थिक गति को भी बल प्रदान करते हैं। कृषि, उद्योग, व्यापार, सेवा, शिक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में ऋण उपलब्ध कराकर बैंक रोजगार सृजन के अवसर सृजित करने में भी सहायता प्रदान करते हैं। बैंकों की इसी महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के माध्यम से वार्षिक साख योजना के तहत बैंकों के लिए साख प्राप्ति का लक्ष्य तय किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान अधिकांश बैंक इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहे हैं। राज्य का क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात यानि सीडी रेसियो भी वर्तमान में राष्ट्रीय औसत से कम है। श्री चौधरी ने कहा कि इस स्थिति में सुधार लाने और बैंकों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग/स्कोरिंग इंडेक्स लागू करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। श्री चौधरी ने कहा कि यह बैंकों के लिए अलार्मिंग की तरह है। इस इंडेक्स में न्यूनतम 40 अंक प्राप्त करने वाले बैंकों को ही राज्य सरकार की योजनाओं में शामिल किया जाएगा और उन्हें ही सरकारी जमा स्वीकार करने तथा सार्वजनिक उपक्रमों, प्राधिकरणों एवं सोसाइटीज से बैंकिंग लेन-देन की अनुमति दी जाएगी।

# बिहार में उर्वरकों की कोई कमी नहीं : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में बिहार राज्य में किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा शारदीय (खरीफ) 2025 के मौसम के लिए बिहार राज्य हेतु 10.32 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 2.20 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 2.50 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.50 लाख मीट्रिक टन एमओपी और 0.75 लाख मीट्रिक टन एसएसपी उर्वरक की आवश्यकता का निर्धारण किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जुलाई तक राज्य में यूरिया का 3.92 लाख मीट्रिक टन, डीएपी का 1.10 लाख मीट्रिक टन, एनपीके का 2.28 लाख मीट्रिक टन, एमओपी का 0.64 लाख मीट्रिक टन तथा एसएसपी का 1.00 लाख मीट्रिक टन स्टॉक उपलब्ध है। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सही दर एवं सही समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य में उर्वरकों की कालाबाजारी, अधिक मूल्य पर बिक्री और टैगिंग जैसी अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मूर्तिकार प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा पारंपरिक शिल्प को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। 21 जुलाई 2025 से संस्थान परिसर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मूर्तिकार ट्रेड में दूसरा बैच के 11 प्रतिभागियों के लिए 40 घंटे का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ है जो 25 जुलाई 2025 तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक मूर्तिकला शिल्प को संरक्षित करते हुए उसमें आधुनिक तकनीकों का समावेश कर शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रतिभागियों को निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ-साथ टूल किट,




स्टाइपेंड तथा अन्य सुविधा भी प्रदान की जा रही है। संस्थान पूर्व में भी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत निम्नलिखित ट्रेडों में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर चुका है।

यह प्रशिक्षण न केवल पारंपरिक शिल्प को जीवित रखने का माध्यम है, बल्कि इससे शिल्पकारों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से बिहार की हस्तशिल्प परंपरा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह पहल शिल्पकला के संरक्षण, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले डाबर च्यवनप्राश के साथ करें मानसून का स्वागत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मानसून के आगमन के साथ ही संक्रमणों का खतरा भी बढ़ जाता है, खासकर बच्चों में। ऐसे में उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को सशक्त बनाने हेतु डाबर इंडिया लिमिटेड ने मंगलवार को आरपीएस रेजिडेंशियल स्कूल, पटना में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों के बीच डाबर च्यवनप्राश का वितरण किया गया। डाबर इंडिया लिमिटेड के हेल्थ सप्लीमेंट्स के मार्केटिंग प्रमुख, अमित गर्ग ने कहा आयुर्वेद की गहराई और आधुनिक विज्ञान के समन्वय से तैयार किया गया डाबर च्यवनप्राश आज की जीवनशैली और मौसमी बदलावों से बचाव के लिए एक सुरक्षित और विश्वसनीय समाधान है।

# आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स ए.एफ.पी. मैन्युफैक्चरिंग कंपनी प्रा. लि. अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति मिथिलेश कुमार जो हाजीपुर में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी-कविता कुमारी, पुत्र- मयंक राज एवं वेदान्त कश्यप को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. मिथिलेश कुमार की मृत्यु 30-11-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात



इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 318 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (9540/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 66780 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

## संपादकीय

# बहस हो, हंगामा नहीं

संसद का मॉनसून सत्र शुरू गया है, सत्र शुरु होते विपक्षी ने जोरदार हंगामा किया। देश के सामने अमेरिका के साथ ट्रेड डील और बिहार में चल रही वोटर लिस्ट की समीक्षा समेत कई मुद्दे हैं, जिन पर इस सेशन में चर्चा होने की पूरी उम्मीद है। विपक्ष ने एकजुटता दिखाते हुए अपना अजेंडा तय कर लिया है, लेकिन ध्यान रखना होगा कि सत्र शोर-शराबे की भेंट न चढ़ जाए। पाकिस्तान के साथ हुए टकराव को लेकर सरकार समय-समय पर जवाब दे चुकी है। पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए उसने जब कई देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजे, तो उनमें विपक्षी सदस्यों को भी जगह दी गई। लेकिन, फिर भी कुछ सवाल हैं, जिन पर विपक्ष सीधे प्रधानमंत्री से जवाब की उम्मीद कर रहा है। इसमें सबसे अहम हैं ये सवाल कि टकराव में भारत को कितना नुकसान हुआ और सीजफायर में अमेरिका ने क्या भूमिका निभाई। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप लगातार दोहरा रहे हैं कि उन्होंने दोनों पड़ोसियों में शांति कराई। अब तो उन्होंने यह भी दावा कर दिया है कि संघर्ष में कुछ जेट गिरे थे। सरकार पर स्थिति स्पष्ट करने का दबाव होगा। इसी तरह, चुनाव आयोग का स्पेशल इंटेनसिप रिवीजन केवल वोटिंग लिस्ट की समीक्षा तक सीमित नहीं रह गया है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी स्ढ्ढक्रकी टाइमिंग को सही नहीं माना है, तो सरकार को कुछ कठिन प्रश्नों का सामना करना पड़ सकता है। संसद के बाहर सरकार और विपक्ष के सदस्यों में हाल में बेहद तल्खी देखने को मिली है। बांग्लादेशियों की अवैध घुसपैठ, भाषा विवाद जैसे मुद्दों को लेकर टकराव हुआ है, लेकिन आशा की जानी चाहिए कि यह टकराव सदन के भीतर सकारात्मक बहस तक सीमित रहेगा। इस मामले में बजट सत्र को नजीर बनाया जा सकता है, जहां वक्फ बिल पर तीखी चर्चा के बावजूद दोनों सदनों ने अपनी क्षमता से बढ़कर काम किया। इस साल बजट सत्र में राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी 119 प्रतिशत, जबकि लोकसभा की 118प्रतिशत रही। विपक्ष ने नई शिक्षा नीति, मणिपुर के हालात और बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल पूछे थे। इस दौरान कुल 16 बिल पास हुए। बजट सत्र के आंकड़े भले थोड़े अच्छे दिख रहे हों, पर आमतौर पर संसद से हंगामे की तस्वीरें ही ज्यादा आती हैं। पिछला शीत सत्र उदाहरण है, जब लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हो गए। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है।

# बाजार बनाम किसान: कृषि उत्पादन में उत्प्रेरकों की सच्चाई



**अवधेश मिश्र**

भारतीय कृषि अब एक नई टकराहट के केंद्र में है–जहां खेतों की ज़रूरतों और बाजार की आपूर्तियों के बीच सामंजस्य नहीं, बल्कि संघर्ष पनप रहा है। उत्पादन में सुधार के नाम पर प्रचारित किए जा रहे उत्प्रेरक उत्पाद जैसे बायोस्टिमुलेंट, नैनो यूरिया और अन्य कृषि इनपुट्स की सच्चाई अब किसानों की ज़मीनी शिकायतों, वैज्ञानिक प्रमाण की कमी और संस्थागत उदासीनता के बीच जांच के घेरे में है।

हालिया विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान जब किसानों की शिकायतों को सुना गया, तब यह स्पष्ट हुआ कि प्रचारित उत्पादों की प्रभावशीलता को लेकर जमीन पर गहरी निराशा फैली हुई है। किसान बताते हैं कि बायोस्टिमुलेंट्स के प्रयोग से उत्पादन में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। कई बार तो मिट्टी की संरचना बिगड़ी और फसल की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई। यह विरोधाभास तब और गंभीर हो जाता है जब उत्पादों को ÷जैविक वृद्धि प्रोत्साहक÷ कहकर विज्ञापित किया जाए, लेकिन उनके प्रभाव का कोई वैज्ञानिक आधार न हो।

बायोस्टिमुलेंट को वर्ष 2021 में उर्वरक नियंत्रण आदेश (स्नष्ट्ह) की अनुसूची ड्क्ढ्ढ में शामिल किया गया था। इसके तहत किसी भी उत्पादक को पंजीकरण और वैज्ञानिक परीक्षण करवाना अनिवार्य है। बावजूद इसके, एक समय पर करीब 30,000 उत्पाद बाज़ार में बिक रहे थे–जिनमें से अधिकतर बिना वैज्ञानिक प्रमाण के ही किसानों तक पहुँच गए। सख्ती के बाद यह संख्या घटकर लगभग 650 रह गई है, जो इस बात का संकेत है कि पूर्ववर्ती स्वीकृति व्यवस्था बेहद लचर रही।

प्रशासनिक चुप्पी और वैज्ञानिक संस्थानों की निष्क्रियता पर सवाल उठते ही एक केंद्रीय बिंदु उभरता है–क्या किसानों की जरूरतें बाज़ार की रणनीति में शामिल ही नहीं हैं? केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से पूछा था–÷क्या हमारे पास ऐसा कोई वैज्ञानिक डेटा है जिससे यह सिद्ध हो सके कि बायोस्टिमुलेंट से कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है?÷ यह प्रश्न सिर्फ एक मंत्रालय के लिए नहीं, बल्कि पूरे तंत्र के लिए चुनौती है। यदि उत्तर नहीं है, तो स्वीकृत उत्पादों की भूमिका किस आधार पर तय की गई?

इस पूरे परिप्रेक्ष्य में ढ्ढष्ट्रक्र जैसी वैज्ञानिक संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। केंद्रीय कृषि मंत्री की चेतावनी भी यही थी कि ÷ढ्ढष्ट्रक्रकिसानों के लिए है, कंपनियों के लिए नहीं।÷ लेकिन यदि इन संस्थानों से जुड़ी परीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है, और उत्पादन से पहले कोई विश्वसनीय परीक्षण रिपोर्ट सामने नहीं आती, तो यह संदेह बढ़ता है कि कहीं न कहीं संस्थागत स्वीकृति बाज़ार के दबाव में दी जा रही है।

नैनो यूरिया और नकली खाद-बीज की बिक्री भी इस संकट को और गहरा करती है। किसानों ने शिकायत की है कि नैनो यूरिया पारंपरिक यूरिया की तरह प्रभावकारी नहीं है। वहीं घटिया बीजों की बिक्री ने उत्पादन को प्रभावित किया और किसानों को आर्थिक नुकसान पहुँचाया। ऐसे मामलों में उत्पादों को ÷सरकारी मान्यता प्राप्त÷ बताकर बेचना किसानों की भरोसेमंद प्रणाली पर गहरा आघात है।

राजस्थान और बीकानेर में घटिया उत्पादों के गोदामों की सीलिंग और अधिकारियों के निलंबन जैसी घटनाएं यह सिद्ध करती हैं कि इस संकट की जड़ें केवल नीति में नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर भी फैली हुई हैं। यदि निगरानी और स्वीकृति प्रणाली अपने उद्देश्य से भटकती है, तो किसान केवल उपभोक्ता नहीं, प्रयोगशाला के विषय बन जाते हैं।

अब ज़रूरत है कि वैज्ञानिक परीक्षण को पंजीकरण से पहले अनिवार्य किया जाए। सैंपल टेस्टिंग की प्रक्रिया पारदर्शी और सार्वजनिक हो, और उसकी रिपोर्ट सुलभ तरीके से किसान समुदाय को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, यदि कोई उत्पाद मानकों पर खरा नहीं उतरता है तो उसकी बिक्री पर पूर्ण रोक लगाई जाए। दोषी अधिकारियों और कंपनियों पर एफआईआर दर्ज हो, लाइसेंस रद्द किए जाएं, और किसानों को मुआवज़ा देने की विधिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

यह प्रश्न अब केवल तकनीकी नहीं रह गया है, बल्कि नैतिक और संस्थागत जवाबदेही का बन चुका है। जब वैज्ञानिक संस्थाएं कंपनियों के दबाव में आकर कार्य करें, और नियामक संस्थाएं उत्पादन की कसौटी को दरकिनार करें, तो किसान के पास कोई विकल्प नहीं बचता। यह स्थिति उस सामाजिक और नीति संकट की ओर इशारा करती है, जिसकी अनदेखी अब संभव नहीं।

भारतीय कृषि को नई नैतिक दिशा की आवश्यकता है–जहां किसानों की आवाज़ केवल खेत तक सीमित न रह जाए, बल्कि नीति निर्माण की नींव बन सके। उत्प्रेरकों के नाम पर चल रहा यह बाज़ारीकरण अब वैज्ञानिक कसौटी पर परखा जाना चाहिए। तभी किसान, विज्ञान और नीति एक साझा उद्देश्य के तहत जुड़ सकेंगे।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

## बिहार



**...रवि तिवारी**

ये बिहार है,
मैं बिहारी हूं
ऐसा लोग कहते है
मैं सब पर भारी हूं।

ऐसा चर्चित है
जाति ही भारी
नहीं आती पारी
ना हो जो जाति यारी

जंगल राज हो,
या पलटू राज .
यहां नहीं छिपा
किसी से कोई राज

अब आया है स्वराज
कर रहा है आगाज
नव जवानों को दे रहा आवाज
आओ बनाए नया बिहार राज

पलायन से मुक्ति
शिक्षा में वृद्धि
रोजगार की युक्ति
सम्मान की बुद्धि

जाति बंधन से दूरी
उद्योग से नजदीकी
पैसों का समायोजन
करेगा गरीबी से दूरी

जाति नहीं बच्चों के लिए
वोट करो इस बार
यही नारा दिया इस बार
देखे कौन बनेगा इस बार

बिहार बदलेगा
अब सेंध लगेगी
जाति के कलंक पर
बिहारी पड़ेगा भारी

जंगल राज देख लिया
पलटू राज देख लिया
घर घर चर्चा चल पड़ी
बदलाव की बात हो पड़ी

समय की है मांग
अब दिखा देने का
सबको बता देने का
बिहारी होता है भारी

**( कवि वरिष्ठ साहित्यकार और दीर्घ अनुभव वाले प्रबंधन से जुड़े अधिकारी हैं )**

# आम आदमी के क्षितिज को अनुप्राणित करती भारत की अंतरिक्ष यात्रा

**डॉ. जितेन्द्र सिंह**
**(केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री )**

इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखाई दे रही एक दरार से हुई–जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवत÷ एक छोटी सी खामी रही होगी। लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब माँगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाए, मरम्मत पर ज़ोर दिया और ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ़ एक मिशन की रक्षा की बल्कि–एक सपने की भी हिफाजत की।

उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के ज़रिए कक्षा में पहुँचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह –न सिर्फ़ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भी भारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए।

यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटी प्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहाँ पोषण का प्रत?येक ग्राम मायने रखता है, वहाँ यह समझना कि माइक्रोग्रैविटी में भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है।

इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययन–इन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक?सप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज़ में सहायक हो सकता है।




शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएँ अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। ये निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा।

अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि–ये ऐसे जीव हैं, जो संभवत÷किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं–तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में आना शामिल है। इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें।

यहाँ तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है - जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है।

ये कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। ये समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है–चाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो।

इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा ज़ोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहाँ भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है।

पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ़्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नज़र रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे।

शुक्ला अब लौट आए हैं, और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी।

यह सिर्फ़ एक अंतरिक्ष यात्री की बात नहीं है। यह एक राष्ट्र के उत्थान की बात है। यह अंतरिक्ष विज्ञान को जनसेवा में बदलने की बात है। यह माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान के लाभ भारत के कोने- कोने तक –दूरदराज के गाँवों में सैटेलाइट इंटरनेट से लेकर शहरी अस्पतालों में पुनर्योजी चिकित्सा तक पहुँचाना सुनिश्चित करने की बात है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों में, गगनयान का आशय है किसी भारतीय को भारतीय साधनों के द्वारा अंतरिक्ष में पहुँचाना। एक्सिओम-4 एक पूर्वाभ्यास है, अवधारणा का प्रमाण है, आकांक्षा और उपलब्धि के बीच का सेतु है।

और जब हम तारों को देखते हैं, तो हम उन्?हें सिर्फ़ अचरज भरी निगाहों से ही नहीं निहारते, बल्कि इरादे से देखते हैं। क्योंकि भारत के लिए आकाश कोई सीमा नहीं, बल्कि प्रयोगशाला है।

# घुसपैठी वोट बैंक, राष्ट्रघाती टैंक

**राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी चुनाव आयोग को बीजेपी का पिट्ठू बता रहे हैं. विपक्षी नेताओं का रवैया यह संदेह उत्पन्न कर रहा है कि, घुसपैठी उन्हीं के वोट बैंक हैं. बिहार में वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण पर कांग्रेस और आरजेडी द्वारा खड़े किए जा रहे विवाद को तो समझा जा सकता है, क्योंकि वहां चुनाव बहुत करीब है. सीमित समय में गहन पुनरीक्षण को अंजाम दिया जा रहा है. लेकिन पश्चिम बंगाल में तो अभी चुनाव काफी दूर है। चुनाव आयोग ने पूरे देश में वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण की मंशा ज़ाहिर कर दी है. इसका मतलब है बंगाल और दूसरे राज्य में भी पुनरीक्षण होगा. ममता बनर्जी ने इसको घुसपैठियों के खिलाफ नहीं बल्कि अपने खिलाफ मान लिया है. क्योंकि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए अब राजनीतिक रूप से तो गहन पुनरीक्षण को नहीं रोका जा सकता।**

**(सरयूसुत मिश्रा)**

घुसपैठी वोट बैंक के लिए संविधान और देश को दांव पर लगाया जा रहा है। वोटर लिस्ट में घुसपैठियों का नाम हटाने के लिए प्रतिबद्ध संवैधानिक चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से लड़ाने की कोशिश हो रही है..! चुनाव आयोग को नागरिकता जानने का अधिकार नहीं होने की बात कर वोटर लिस्ट से घुसपैठी विदेशी नागरिकों को हटाने की मुहिम को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी चुनाव आयोग को बीजेपी का पिट्ठू बता रहे हैं. विपक्षी नेताओं का रवैया यह संदेह उत्पन्न कर रहा है कि, घुसपैठी उन्हीं के वोट बैंक हैं. बिहार में वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण पर कांग्रेस और आरजेडी द्वारा खड़े किए जा रहे विवाद को तो समझा जा सकता है, क्योंकि वहां चुनाव बहुत करीब है. सीमित समय में गहन पुनरीक्षण को अंजाम दिया जा रहा है. लेकिन पश्चिम बंगाल में तो अभी चुनाव काफी दूर है। चुनाव आयोग ने पूरे देश में वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण की मंशा ज़ाहिर कर दी है. इसका मतलब है बंगाल और दूसरे राज्य में भी पुनरीक्षण होगा. ममता बनर्जी ने इसको घुसपैठियों के खिलाफ नहीं बल्कि अपने खिलाफ मान लिया है. क्योंकि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए अब राजनीतिक रूप से तो गहन पुनरीक्षण को नहीं रोका जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट संवैधानिक रूप से कोई निर्णय कर सकता है लेकिन गहन पुनरीक्षण को तो उसने भी स्वीकार कर लिया है. विवाद पहचान पत्रों पर सिमट गया है. अब विवाद इस पर आ गया है कि, चुनाव आयोग को नागरिकता की जांच करने का अधिकार नहीं है? यह बात सही भी है, कानूनी रूप से यह अधिकार गृह विभाग को है।

संविधान चुनाव आयोग को यह अधिकार देता है कि, अट्ठारह वर्ष आयु से ऊपर के भारतीय नागरिकों को मतदान का अधिकार सुनिश्चित करें. इसी के लिए वोटर लिस्ट बनाई जाती है. हर साल उसका चार बार अपडेशन किया जाता है. पहले एक बार ही यह होता था लेकिन अब यह अपडेशन चार बार होने लगा है. क्योंकि हर तीन महीने में बड़ी संख्या में युवा अठारह वर्ष की आयु पूरी करते हैं. किसी को भी मतदान के अधिकार से वंचित न होना पड़े इसलिए हर तीन महीने में वोटर लिस्ट अपडेशन किया जाता है। विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया पहले भी होती रही है. इसमें चुनाव आयोग इस बात का परीक्षण करता है, कि कोई भी घुसपैठी या विदेशी नागरिक मतदाता सूची में शामिल न रहे. साथ ही पात्र मतदाता तो सभी उसमें रहें लेकिन जिनका निधन हो गया हो, जिन्होंने अपना निवास स्थान बदल दिया हो, उनका नाम हटाकर वोटर लिस्ट को अपडेट कर दिया जाए। आधार कार्ड पहचान के रूप में देश में स्वीकार है लेकिन इसे नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जा सकता. अगर कोई छह माह से अधिक समय तक भारत में निवास करता है तो कानून के मुताबिक किसी विदेशी नागरिक को भी आधार कार्ड पाने की पात्रता हो जाती है. आधार कार्ड को विशेष पुनरीक्षण में स्वीकार नहीं किया जा रहा है. संविधान में भारत के नागरिक के लिए जो आधार बताए गए हैं, उन्हीं आधारों को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों को आयोग द्वारा मांगा जा रहा है।

राजनीतिक दल इस पूरी प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से विवादास्पद बना रहे हैं. पूरे मुद्दे को भटकाया जा रहा है. मीडिया भी इसमें सहयोगी बन जाता है. किसी भी व्यक्ति को एक स्थान पर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने का अधिकार है. अगर कोई पलायन कर गया है और उसने दूसरी जगह अपना नाम दर्ज करा लिया है तो फिर उसका मूल स्थान पर वोटर लिस्ट में नाम नहीं हो



सकता। वोटर लिस्ट रिवीजन चुनाव आयोग राजनीतिक दलों की सहयोग से ही करता है. राजनीतिक दलों के एजेंट बूथ लेवल तक इस पूरी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होते हैं. यह राजनीतिक दलों की ही जिम्मेदारी है कि, अपने बूथ के पात्र मतदाताओं को लिस्ट में शामिल कराएं. इसके लिए जरूरी दस्तावेज तैयार कराएं. इसी से तो उनका वोटर बेस तैयार होता है. जमीन पर चूंकि राजनीतिक दल कटे होते हैं, पूरी राजनीति मार्केट के भरोसे हो गई है. व्यक्तिवाद की राजनीति हावी हो गई है. इसलिए गलत या सही परसेप्शन बनाने में राजनीति व्यस्त रहती है। घुसपैठयों को नागरिकता देने के बारे में सरकार के नियम बने हुए. हर देश में नागरिकता के नियम है. भारत दुनिया का अकेला देश है जहां नागरिकता के लिए कोई अलग रजिस्टर नहीं है. भारत सरकार ने एनआरसी का कानून बनाया है लेकिन उसका भी यही सारे विपक्षी दल विरोध करते पाए जाते हैं. ऐसा बताया जाता है कि पूरे देश में लगभग दो करोड़ घुसपैठिये, जिनमें मुख्य रूप से बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल से आए रोहंग्या मुसलमान बताए जाते हैं। भाजपा हमेशा से घुसपैठियों को कांग्रेस और विरोधी दलों का वोट बैंक मानती है, इसीलिए उनका पुरजोर विरोध करती है. जिन राज्यों के बॉर्डर इन देशों से मिलते हैं, वहां से घुसपैठ होती है. सर्वाधिक विवाद बंगाल से जुड़ा हुआ है. बिहार में भी नेपाल से बड़ी संख्या में घुसपैठ बताई जाती है. सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि घुसपैठियों को क्या भारत के लोकतंत्र को हाईजैक करने का अवसर दिया जा सकता है? क्या घुसपैठियों के समर्थन से राजनीतिक दल सत्ता तक पहुंचने के अपने सपने को पूरा करें, यह देश के हित में है? बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहचान कर उनके देश वापस भेजने की सरकार की मुहिम में बाधा पहुंचाने के लिए ममता बनर्जी बांग्ला भाषियों के अपमान का मुद्दा खड़ा कर रही हैं. इसके लिए कोलकाता में प्रदर्शन कर रही है. बीजेपी आरोप लगाती है कि, बांग्ला भाषी किसी भी व्यक्ति का देश में या राज्य में कोई अपमान नहीं हो रहा है. ममता बनर्जी अपने वोट बैंक रोहंगिया मुसलमान को वोटर लिस्ट से हटाए जाने की प्रक्रिया को रोकने के लिए इस तरह का राजनीतिक अभियान चला रही हैं। घुसपैठी देश के लोकतंत्र को हाईजैक कर रहे हैं. बहुमत के लिए घुसपैठियों को पहचान पत्र दिए जाते हैं. फिर वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जाते है. बहुमत से प्रीति राजनीति की मजबूरी हो सकती है लेकिन ऐसी राजनीति देश को तोड़ने लगी है. एक भी घुसपैठिये का नाम किसी भी राज्य के वोटर लिस्ट में होना चुनाव आयोग की असफलता होगी साथ ही देश की चुनाव प्रक्रिया संविधान मुताबिक नही होगी।

राजनीतिक दलों के विरोधी अभियान से बिना डरे, बिना झुके, चुनाव आयोग को अपनी संवैधानिक सत्ता लोकतंत्र को समर्पित करना चाहिए. राजनीतिक दल और नेता तो आएंगे और मिट जाएंगे लेकिन लोकतंत्र और देश हमेशा रहेगा. घुसपैठियो का कलंक देश से मिटना जरूरी है. यह नहीं कर पाना राष्ट्र घात ही माना जाएगा।

# कोयला उद्योग में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आन्दोलन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर केन्द्र सरकार एवं कोल इण्डिया के कथित मजदूर विरोधी नितियों एवं मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर कोल इण्डिया के अनुशांगिक इकाईयों में चरणवद्ध आन्दोलनात्मक कार्यक्रम किया जायेगा। इसी कड़ी में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में आन्दोलन को पूर्ण रूप से सफल करने हेतु आज धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (भामसं) के पदाधिकारियों एवं प्रभारियों की बैठक कर प्रेस वार्ता सह पोस्टर विमोचन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मुरारी ताँती एवं संचालन संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने किया।




बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महासंघ द्वारा निर्धारित आन्दोलन को बीसीसीएल में प्रभावि ढंग से करने हेतु रणनीति बनाई गई और सभी पदाधिकारियों ने एक सुर में अपना मंतव्य दिया, आन्दोलनात्मक कार्यक्रम की रूपरेखा प्रथम चरण में दिनांक 24 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक बी.सी.सी.एल के मुख्यालय के मुख्य द्वार सहित समस्त कोलियरी/परियोजनाओं/ वाशरियों/ चिकित्सालयों आदि के मुख्य द्वार पर पीट मीटिंग/गेट मीटिंग। द्वितीय चरण में दिनांक 05 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 तक बीसीसीएल के समस्त क्षेत्र और उसकी खदान एवं खदानों के आस-पास के परिसर और आस-पास के गाँव में जनसम्पर्क कर जनजागरण अभियान।तृतीय चरण में दिनांक 25 अगस्त 2025 से 05 सितम्बर 2025 तक बीसीसीएल मुख्यालय सहित समस्त क्षेत्रों में नुक्कड़ सभा, पब्लिक मीटिंग, प्रेस कॉन्फरेंस। चतुर्थ चरण में दिनांक 15 सितम्बर 2025 को बी.सी.सी.एल के समस्त क्षेत्रीय मुख्यालयों के समक्ष एक दिवसीय धरना/प्रदर्शन । इसके पश्चात भी कोयला प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के ज्वलंत समस्याओं का निराकरण नहीं होने की स्थिति में संगठन द्वारा तीव्र आन्दोलन किया जायेगा।संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने बताया कि यह आन्दोलन शुद्ध रूप से उद्योग एवं श्रमिक समस्याओं को लेकर है क्योकिं वर्तमान सरकार देश के कोयला मजदूरों के अस्तित्व को समाप्त कर देना चाह रही है, जिसे भारतीय मजदूर संघ ऐसा कभी नहीं होने देगा क्योकिं यह संघर्ष कोल इंण्डिया एवं मजदूरों के अस्तित्व का सवाल है। संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने बताया कि उपरोक्त समस्याओं को लेकर महासंघ द्वारा मौखिक चर्चा, पत्राचार, आंदोलनात्मक कार्यक्रम के माध्यम से सरकार एवं कोल इण्डिया प्रबंधन का ध्यानाकर्षण कई बार करने के बावजूद भी प्रबंधन द्वारा टालमटोल की नीति अपना रही है फलस्वरूप कोल कामगारों में प्रबंधन के प्रति काफी रोष व्याप्त है। ध.को.क.क.संघ ने बीसीसीएल के तमाम श्रमिकों से अपील है कि दिनांक 23 जुलाई 2025 से 15 सितम्बर 2025 तक होने वाले चरणवद्ध आन्दोलन में तमाम बीसीसीएल के श्रमिक अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए अधिक से अधिक की संख्या भाग लें। बैठक में के. के. सिंह मंत्री एबीकेएमएस धर्मजीत चौधरी मंत्री भामसंघ धनबाद जिला सह महामंत्री भ.नि. एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन भामसंघ झारखण्ड प्रदेश, माधव सिंह कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी बीसीसीएल इसीएल और सीएमपीएफ सुशील कुमार सिंह कार्यसमिति सदस्य भामसंघ झा. प्रदेश, गंगा सागर राय सदस्य ध. को.क. संघ सह कल्याण समिति सदस्य भा. को. को.लि. के साथ-साथ धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी/क्षेत्रीय प्रभारियों की उपस्थितित थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण "के तहत जमुआ में विभिन्न हाई स्कूलों में चलाया गया जागरूकता अभियान

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुआ प्रखंड के अंतर्गत मिजार्गंज के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय मिजार्गंज एवं उच्च विद्यालय मिजार्गंज (बालक) में जलसहिया एवं सहयोगियों की टीम पहुंचकर कक्षा आठवीं,नौवीं, एवं दसवीं के बच्चों को 'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025' के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सभी बच्चों को प्ले स्टोर से सबमस्सग 2025 ऐप डाउनलोड कर सिटिजन फीडबैक देने के लिए सिखाया गया। सभी बच्चों को खुद फीडबैक देने एवं अन्य लोगों से फीडबैक दिलवाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी बच्चों ने वादा किया कि वे अपने घर जाकर अपने आस पड़ोस अपने घर गांव के



लोगों को इसके बारे में जागरूक करेंगे और उनसे फीडबैक दिलवाने का काम करेंगे। टीम के द्वारा विद्याथीर्यों को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि जो छात्र /छात्रा इस कार्य में बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्हें जलसहिया संघ की टीम की ओर से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही यह प्रयास किया जाएगा कि जो बच्चा बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्हें उपायुक्त महोदय के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिलावाया जाए। सभी विद्यालय में बालक एवं बालिकाओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लेने का वादा किया।

## साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, आए दर्जनों फरियादी

### प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना हैल्लजिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मईया समान योजना से जुड़ी समस्याएं, दिव्यागजन हेतु ट्राई-साइकिल की मांग, भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग व विद्यालय संचालन से संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं अन्य व्यक्तिगत व सामुदायिक समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आई। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याएं सहजता,



संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य है।

## भाजपा नेता सुनील साव ने जो जाल बुना था, उस जाल को मैंने काट दिया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डकैती करने के झूठे आरोप में जेल भेजे गए तिसरी थाना काण्ड संख्या 50/2025 के अभियुक्त दलित युवक सिकंदर तुरी सहित चार लोगों को रूबी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गिरिडीह के न्यायालय से शनिवार को जमानत मिलने के बाद उन दलित युवकों ने आप बीती सुनाते हुए पुलिस का जुल्म झूठा और षडयंत्र के बारे में किसान जनता पार्टी के लोगों को साक्ष्य के साथ बताया जिससे आक्रोशित होकर किसान जनता पार्टी ने भ्रष्ट और जुल्मी पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर मंगलवार को झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केन्द्रीय कमिटी अध्यक्ष -सह- डकैती करने के आरोपियों के अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार का खिलाफ करने वाले लोगों को लम्बे समय तक जेल में रखने के लिए थाना प्रभारी, एसडीपीओ और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के चहेते भाजपा नेता सुनील साव ने जो जाल बुना था, उस जाल को मैंने काट दिया और निचली अदालत से ही निर्दोष दलित युवकों को जमानत मिल गया, पर लड़ाई अभी खत्म नहीं हुआ है। चंद पैसों के खातिर निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमे में फसानें वाले पुलिस पदाधिकारियों और दलालों के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद कर उन्हें उनके पापो की सजा दिलवाना होगा ताकि भविष्य में भ्रष्ट पुलिस निर्दोष लोगों को फंसाने के पहले सौ बार सोचे। किसान जनता पार्टी के कार्यालय सचिव विजय कुमार ने कहा कि जो



सही में अपराधी होता है वह पुलिस को पैसा देकर थाना से ही छुट जाता है और भ्रष्ट पुलिस पदाधिकारी निर्दोष लोगों को झूठे आरोप में जेल भेजती है। यही कारण है कि आज 80 प्रतिशत से अधिक निर्दोष लोग जेलों में बंद है। जमानत पर छुटे पीड़ित युवक सिकंदर तुरी ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस हमलोगों का मुंह ढक दिया था और मिडिया वालो को झूठ पर झूठ बोले जा रहे थे। तिसरी के मिडिया वालों ने भी हमलोगों का पक्ष नही सुने धरना के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त गिरिडीह को ज्ञापन देकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का मांग किया गया। धरना में घनश्याम पंडित, छत्रधारी सिंह, भागीरथ राय, बसिया टुडू, जहाँगीर अंसारी, नीलम कुमारी, खुसबू देवी, धनेश्वर मरांडी, विजय सिंह, मुन्ना टुडू, टिप्पण ठाकुर, ठुडा हेम्ब्रोम, जसिन्ता, छोटू टुडू, बडकी किस्कु, शंकर साव, सीता देवी, केसिया देवी, रमेश कुमार, श्रवण कुमार, विक्की दयाल, पानो हेम्ब्रम व थम्मी मंडल आदि उपस्थित रहे।

## फैक्ट्री क्षेत्र की उपजाऊ भूमि को बर्बाद किया गया है, बदला लेगी जनता : पूरण महतो किसान नेता

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुआ टांड़ सदर प्रखंड में हुआ माले की बैठक जिसमें राज्य कमिटी के सदस्य और किसान सभा के राज्यस्तर के नेता पूरण महतो अतिथि थे,वही नगर कमिटी के सचिव राजेश सिन्हा और जिला कमिटी के सदस्य कन्हाई पांडे भी मुख्य रूप से उपस्थित थे, संचालन प्रखंड सचिव मसूदन कोल थे,अध्यक्षता पूरण महतो ने किया माले के वरिष्ठ नेता पूरण महतो ने कहा कि माले 21 जुलाई से 28 जुलाई तक जनता के साथ जुड़कर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज को बुलंद किया जायेगा,कॉमरेड ए के राय की स्मृति दिवस से लेकर 28 जुलाई चारु मजूमदार की शहादत दिवस तक जनता के साथ बैठक कर उनकी समस्या को उजागर करेंगे और भविष्य में सड़क पर जनता के लिए उतरेंगे,फिलहाल दोनों पूर्व के नेताओं को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई,इनके कार्यों को बताया गया, बच्चे को पढ़ाने,शराब इलाके से भगाने की भी बात की गई माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि फैक्ट्री एरिया को बर्बाद करने वाले को बक्सा नहीं




जाएगा,बड़ा आंदोलन में जायेंगे,माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि गरीबों को सताने वाले को भाकपा माले गिरिडीह से खदेड़ देगा,जनता से माले में वोट के जरिए और जुड़कर ताकत लाने की अपील किया है,कहा कि अफसरशाही और पूंजीवाद ने गिरिडीह मजदूरों को बर्बाद कर दिया है भूमि को बर्बाद कर दिया है,माले वैसे पूंजीपतियों फैक्ट्री मालिकों को भी बर्बाद करेगा,केंद्र सरकार और राज्य सरकार गरीबों को आवास नहीं दिया इसके विरुद्ध भी लड़ेंगे माले नेता कन्हाई पांडे और मधुसूदन कोल ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा में लाल झंडा घर घर में होगा उसी को लेकर कार्यक्रम चल रहा है,फैक्ट्री में 70% मजदूरों को क्यों नहीं रखा जाता है राज्य सरकार और संबंधित अफसर को आंदोलन के जरिए घेरने का काम करेंगे।उपस्थित थे,दिलीप हसदा,संजय टुडू,मनोज हांसदा नौशाद आलम, पवन यादव, मजबूल मलिक, कौशल साव,वकील टुडू,राजेश टुडू, लक्ष्य टुडू,रामलाल मुर्मू,लखन कोल्ह, अरविंद लाल टुडू, तबारक चुन्नू, नौशाद आलम, रेहान, गुफरान,मजहर,राज कुमार राय, धनेश्वर कोल्ह, डिलचंद कोल्ह, गुलाब कोल्ह, मुलिया देवी, गुड़िया देवी, देवन्ती देवी, सुमा देवी, गुणवन्ती देवी, मजबूल, टेटू कोल्ह, भीम कोल्ह, भोथारी दास मोहन कोल्ह,दर्जनों महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एके राय अमर रहे,चारु मजूमदार अमर रहे से गूंजा माहौल

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा में लाल झंडा को स्थापित करना लक्ष्य,किया जायेगा बड़ा बड़ा आंदोलन - राजेश सिन्हा, कन्हाई पांडेय ने कहा 21 जुलाई को लाल झंडे के कर्मठ नेता ए के राय की स्मृति दिवस में तस्वीर पर माल्यार्पण किया किया गया,वही 28 जुलाई तक कार्यक्रम माले करेगा,28 जुलाई को वंचितों, छात्र, किसान, नौजवान, बेरोजगार, महिला, दलित, अल्पसंख्यक के साथ खड़ा होने वाली ताकत भाकपा माले है,संगठन बनाने की बात करना है। संविधान, लोकतंत्र और नागरिकता पर फांसीवाद मोदी सरकार के हमलों के खिलाफ प्रतिरोध को मजबूत करना होगा, सभी ब्रांचों को मजबूत करना होगा, कतारों के वैचारिक राजनीतिक स्तर को



माले के संस्थापक चारु मजूमदार की शहादत दिवस के दिन कार्यक्रम की समाप्ति होगी - राजेश सिन्हा गिरिडीह नगर कमिटी और सदर प्रखंड कमिटी ने आज माले नेता राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय की अगुवाई में माले के द्वारा गिरिडीह शहर के आजाद नगर सानू कैंपस में किया गया, कॉमरेड ए के राय की स्मृति दिवस को मनाया गया,उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया उनके नाम और काम के बारे चर्चा की गई ज्ञात हो कि धनबाद के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक कॉमरेड एके राय का 21 जुलाई को स्मृति दिवस से लेकर 28 जुलाई को माले के संस्थाक कॉमरेड चारु मजूमदार की शहादत दिवस तक सामंत वादियों के खिलाफ, मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई तेज करना है, मजदूरों, किसानों, शोषितों, ऊंचा करना होगा, भाकपा माले के जुलाई अभियान के तहत भाकपा माले गिरिडीह के नगर कमिटी और सदर प्रखंड कमिटी की बैठक महुआ टांड़ में हुई जिसमें दर्जनों महिला पुरुष कॉमरेड सामिल हुए इस अवसर पर भाकपा माले गिरिडीह के सदर प्रखंड कमीटी के सचिव के मसूदन कोल, नौशाद आलम, पवन यादव, मजबूल मलिक, कौशल साव, लखन कोल्ह, अरविंद लाल टुडू, तबारक चुन्नू, नौशाद आलम, रेहान, गुफरान,मजहर,राज कुमार राय, धनेश्वर कोल्ह, डिलचंद कोल्ह, गुलाब कोल्ह, मुलिया देवी, गुड़िया देवी, देवन्ती देवी, सुमा देवी, गुणवन्ती देवी, मजबूल, टेटू कोल्ह, भीम कोल्ह, भोथारी दास मोहन कोल्ह, इमाम,वारिस, सलीम, नसीम, शमशुल, रंजीत कुमार राय के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी न पड़े निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गयाः- उप निर्वाचन पदाधिकारी, श्री रंथू महतों आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य में मतदान केंद्रों के नजरीझनक्शा बनाने एवं जियो फेंसिंग करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान यह भी सुनिश्चित करना है कि मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए 2 किलोमीटर से कम की दूरी तय करनी हो साथ ही एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हो। इसके साथ ही मतदान केंद्र के विखंडन के दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि एक परिवार या एक टोले के मतदाताओं को अलग अलग मतदान केंद्र पर जाना न पड़े निर्वाचन कार्य



से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गयाः- उप निर्वाचन पदाधिकारी, रंथू महतो वहीं उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो ने कहा कि आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महोदय द्वारा वीसी के माध्यम से गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 को लेकर दिए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली गई तथा निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है। रंथू महतो ने बताया कि भारत के मतदाता होने के लिए तीन अर्हता निर्धारित किए गए है जिसमें भारत का नागरिक होना, 18 वर्ष की आयु होना एवं देश के किसी भी क्षेत्र का सामान्य निवासी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कोई भी योग्य मतदाता छूटे न और कोई भी अवैध व्यक्ति मतदाता सूची में न जुड़े। उन्होंने कहा कि सुपरविजन का कार्य जारी है। साथ ही निर्वाचन से जुड़े कार्यों को शीघ्रता पूर्वक करने का निर्देश सभी संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ व ऑपरेटर्स को दिया गया है। साथ ही बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ की रिक्तियों को लेकर भी कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान जिला स्तर से सभी निर्वाचन शाखा के अधिकारी व सभी ऑपरेटर्स समेत अन्य उपस्थित थे।

## सहायक अध्यापकों ने मंत्री को सौंपा वेतनमान का ज्ञापनः सुखदेव

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह विधान सभा क्षेत्र के विधायक सह झारखंड सरकार के माननीय मंत्री नगर विकास एवं उच्च तकनीकी शिक्षा व पर्यटन विभाग श्री सुदिव्य कुमार सोनू को गिरिडीह के सहायक अध्यापकों ने समान काम का समान वेतन की आकांक्षाओं को जल्द पूरा करने एवं अन्य समस्याओं के निदान को लेकर आज जिला महासचिव सुखदेव हाजरा के नेतृत्व में एक माँग पत्र सौंपा गया जो निम्नवत है राज्य के सभी सहायक अध्यापकों को समान काम के बदले समान वेतन का लाभ दिया जाय मृत सहायक अध्यापकों के आश्रित को अनुकंपा का लाभ दिया जाए गत आंदोलन में रांची सहित विभिन्न थानों में सहायक अध्यापकों पर दर्ज मुकदमे को शीघ्र वापस लिया जाए पारा शिक्षकों की सेवा 60 से बढ़ा कर 62 वर्ष किए जाएं साथ ही 28अगस्त 2024 को पारा शिक्षकों के साथ हुए समझौते को अविलंब लागू किया जाए राज्य के करीब 1700 पारा शिक्षकों को गैर शिक्षण संस्थान से डिग्री हासिल करने का हवाला देकर बेवजह कार्यमुक्त किया गया है ।

## डाक जीवन बीमा से परिवारों की वित्तीय सुरक्षा होती है सुनिश्चित : डाक निदेशक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएलआई एक सरकारी समर्थित जीवन बीमा योजना है जो राष्ट्रपति की ओर से भारतीय डाक द्वारा प्रदान की जाती है। उक्त बातें डाक निदेशक डाक सेवाएं राम विलास चौधरी ने मंगलवार को डाकघर गिरिडीह डिविजन के द्वारा आयोजित पीएलआई आरपीएलआई मेला में बोल रहे थे। उन्होंने लोगों में डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के प्रति इसकी उपयोगिता और महत्व के बारे में कहा कि इससे परिवारों को वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होती है। अमित कुमार उप विकास प्रबंधक पीएलआई ने पीएलआई की अपनी विशेषता के बारे में कहा कि पीएलआई अपनी गैर-लाभकारी प्रकृति के कारण, बाजार में उपलब्ध अन्य बीमा योजनाओं की तुलना में कम प्रीमियम दरों के लिए प्रसिद्ध है। यह योजना उच्च रिटर्न भी प्रदान करती है, जो इसे एक आकर्षक निवेश विकल्प बनाती है। उन्होंने बताया कि डाक जीवन बीमा केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी,सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारी, रक्षा कर्मी और अर्ध-सैनिक बलों के सदस्य।

## बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. बना डीजी लॉकर से जुड़ने वाला उत्तर और पूर्वी भारत का पहला सहकारी बैंक

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. के मुख्यालय से बैंक के सभी ग्राहकों के लिए डीजी लॉकर की शुरूआत की।




### सहकारिता मंत्री का संदेश

इस मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने संबोधित किया और कहा कि सहकारी बैंक बिहार के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के सूचना पत्र का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर बिहार के सहकारिता मंत्री ने राज्य की जनता से अपील की और कहा कि बिहार राज्य सहकारी बैंकों से जुड़कर सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का सुरक्षित रूप से लाभ उठाएँ एवं राज्य की प्रगति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बिहार राज्य सहकारी बैंक, पटना ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह बैंक उत्तर और पूर्व भारत का पहला सहकारी बैंक बन गया है, जो भारत सरकार के डीजी लॉकर प्लेटफॉर्म से सफलतापूर्वक जुड़ गया है। इस पहल के तहत अब बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. के खाताधारक टीडीएस प्रमाण पत्र, ब्याज प्रमाण पत्र और खाता विवरण जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कहीं से भी, कभी भी डिजिटल रूप में प्राप्त कर सकते हैं।

बिहार राज्य सहकारी बैंक लि डीजी लॉकर से जुड़ने वाला उत्तर और पूर्व भारत का पहला सहकारी बैंक बना है। बिहार राज्य सहकारी बैंक, पटना ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह उत्तर और पूर्व भारत का पहला सहकारी बैंक बन गया है, जो भारत सरकार के डीजी लॉकर प्लेटफॉर्म से सफलतापूर्वक जुड़ गया है।

### डीजी लॉकर की शुरूआत

बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार द्वारा पटना में इस सेवा का शुभारम्भ बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. के मुख्यालय, पटना से किया गया` इस अवसर पर उन्होंने कहा- सहकारी बैंक राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डीजी लॉकर से जुड़ने से बैंकिंग सेवाएं और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और सुलभ होंगी।

अब बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. के खाताधारक टीडीएस प्रमाण पत्र, ब्याज प्रमाण पत्र और खाता विवरण जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कहीं से भी, कभी भी डिजिटल रूप में प्राप्त कर सकेंगे।

### जनता से अपील

मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने राज्यवासियों से अपील की कि वे सहकारी बैंकों से जुड़ें और आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठाकर राज्य की प्रगति में भागीदार बनें।

### आगे की योजना

मंत्री महोदय ने यह भी घोषणा की कि बिहार के सभी जिला केंद्रीय सहकारी बैंक लि. जल्द ही डीजी लॉकर प्लेटफॉर्म से जुड़ेंगे। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### प्रमुख विशेषताएंः

खाता विवरण अब मोबाइल पर एक क्लिक में। ब्याज प्रमाण पत्र टैक्स फाइलिंग के लिए तुरंत डाउनलोड योग्य, एवं डीजी लॉकर प्रमाण पत्र अब सीधे डीजी लॉकर में उपलब्ध। बैंक के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह द्वारा इस परियोजना का सफलतापुर्वक नेतृत्व किया गया एवं उन्होंने कहा- हमारा उद्देश्य था कि हर खाताधारक को डिजिटल रूप से सशक्त बनाया जाए। डीजी लॉकर के माध्यम से हम ग्राहकों को एक सुरक्षित, तेज और भरोसेमंद सेवा प्रदान कर रहे हैं। यह सिर्फ एक तकनीकी एकीकरण नहीं है, बल्कि सहकारी बैंकिंग को भविष्य की दिशा में ले जाने का एक कदम है। हमने सुनिश्चित किया है कि डाटा सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे, और हर दस्तावेज की सत्यता स्वतः प्रमाणित हो सके।

### प्रबंधन का मार्गदर्शन

बैंक के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे ने कहा- हमारा लक्ष्य है कि सहकारी बैंकिंग को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर ग्रामीण और शहरी ग्राहकों को समान रूप से डिजिटल सेवाएं प्रदान की जाएं। डीजी लॉकर से जुड़ना इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

### मिशन और विजन

**मिशनः** हर नागरिक को डिजिटल बैंकिंग की सुविधा देना, विशेषकर ग्रामीण और सहकारी क्षेत्रों में। **विजनः** भारत का अग्रणी डिजिटल सहकारी बैंक बनना, जो पारदर्शिता, सुरक्षा और नवाचार में अग्रणी हो।

## जलजमाव की समस्या से मिली राहत, विधायक मंजु कुमारी की तत्परता से शिवभक्तों को सुविधा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुआ प्रखंड की प्रमुख व्यवसायिक मंडी रेम्बा बाजार स्थित पतारडीह मोड़ पर मुख्य सड़क पर हो रहे जल जमाव की गंभीर समस्या से अब राहत मिली है। लगातार हो रही बारिश के कारण मुख्य मार्ग पर जलजमाव हो जाने से यात्रियों और विशेष रूप से श्रावण मास में झारखंडधाम जाने वाले शिवभक्तों को काफी कठिनाई हो रही थी। समस्या की जानकारी मिलते ही जमुआ की विधायक श्रीमती मंजु कुमारी स्वयं रेम्बा बाजार पहुंचीं और जलजमाव वाले स्थल का निरीक्षण किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने तत्काल पहल करते हुए स्थानीय समाजसेवी दिवाकर द्विवेदी से समन्वय कर उनकी निजी जमीन से जल निकासी करवाई।

# भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता

## दोनों देश 24 जुलाई को लगाएंगे मुहर, सालाना कारोबार में 25 अरब पाउंड उछाल की आशा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल मौजूद रहेंगे।

दिल्ली में ब्रिटेन उच्चायोग की एक अधिकारी ने बताया कि समझौता होने के बाद दोनों देशों के व्यापार में सालाना 25.5 अरब पाउंड (2.97 लाख करोड़ रुपये) का उछाल आने की उम्मीद है। दोनों देशों ने इसी वर्ष 6 मई को एफटीए वार्ता पूरी होने की घोषणा की थी। व्यापार समझौते में श्रम-प्रधान उत्पादों जैसे चमड़ा, जूते और कपड़ों के निर्यात पर कर हटाने, जबकि ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों का आयात सस्ता करने का प्रस्ताव है। पक्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करके 120 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं। पीएम मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं।

इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, निवेश और रक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। एफटीए पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे लागू होने से पहले ब्रिटिश संसद और भारत के मंत्रिमंडल की मंजूरी जरूरी होगी। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद इसे लागू होने में लगभग एक साल का समय लगेगा।

### वार्ता के लिए अगस्त में आएगी अमेरिकी टीम

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी टीम अगस्त में भारत का दौरा करेगी। इससे पहले भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय टीम ने पिछले हफ्ते वाशिंगटन में समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की। अमेरिका की ओर से दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच वार्ता का हिस्सा थे। दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग में दक्षिण एशिया के लिए उप व्यापार आयुक्त, अन्ना शॉटबोल्ट ने कहा, भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में सालाना 25.5 अरब पाउंड की वृद्धि का अनुमान है। उन्होंने कहा, मुक्त व्यापार समझौते के तहत, दोनों देशों के बीच व्यापार किए जाने वाले 90 प्रतिशत सामान पर टैरिफ में कटौती हो जाएगी। शॉटबोल्ट ने कहा, हालांकि, यह केवल टैरिफ के बारे में नहीं है। इससे कई उद्योगों को लाभ होगा। बौद्धिक संपदा वाली कंपनियों को मजबूत कॉपीराइट सुरक्षा मिलेगी और सेवा क्षेत्र को भी लाभ होगा। दोनों पक्षों के श्रमिकों की भी मदद होगी, जिससे अधिक पारदर्शिता और निश्चितता आएगी। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में उद्योग संगठन पीएचडीसीसीआई के एक कार्यक्रम में यह बातें कहीं।

## डीजल-पेट्रोल वाहनों के स्क्रैप में हेराफेरी करने वाले सेंटर पर लगेगा बैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को स्क्रैप (कबाड़) करने वाले स्क्रैप सेंटरों में हेराफेरी पर रुख अपनाया है। सरकार ने कहा है कि मानकों का पालन नहीं करने पर स्क्रैप सेंटरों पर बैन लगाया जाएगा। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्क्रैप नीति के तहत विभाग ने 2021 में दिशा-निर्देश जारी किए थे। पुराने वाहनों को स्क्रैपिंग के लिए इनका पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कई स्क्रैप सेंटर पुराने वाहनों को दूसरे



राज्यों में बेच रहे हैं, जहां पुराने वाहनों का चलाने की अनुमति है।

**स्क्रैप सेंटर में पहुंचने वाले पुराने वाहनों -** सर्टिफिकेट ऑफ डिपोजिट) और वाहनों के स्क्रैप होने के आंकड़ों में भारी अंतर पाया गया है। विशेषकर पुराने सरकारी वाहनों की खरीद में हेराफेरी की जा रही है। अधिकारी ने बताय कि सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर मानकों का पालन नहीं करने वाले स्क्रैप सेंटरों पर बैन लगाने के लिए कहा है।

**ऑडिट रिपोर्ट में पकड़ में आईं गड़बड़ियां-** मोटर वाहन (वाहन स्क्रैपिंग सुविधा का पंजीकरण और कार्य) नियम, 2021 के नियम 14 के अनुसार, स्क्रैप सेंटरों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में ऑडिट करना अनिवार्य है। 31 मई तक राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली पोर्टल पर ऑडिट रिपोर्ट जमा करना होता है।

## मुकेश अंबानी को बड़ा झटका, दौलत में लगी सेंध और अमीरों में घटा रुतबा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को सोमवार को दोहरा झटका लगा। दुनिया के अरबपतियों में उनका रुतबा घटा यानी रैंकिंग कम हुई और नेटवर्थ में बड़ी गिरावट भी दर्ज की गई। दरअसल, इसके पीछे उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर हैं। सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ( के शेयरों में 3.29 प्रतिशत की गिरावट आई।



शेयर 1,428.20 पर आ गया। इस गिरावट की वजह से अंबानी ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में 16वें पोजीशन से लुढ़क कर 17वें पर पहुंच गए और 3.28 अरब डॉलर का झटका भी लगा।

रिकॉर्ड मुनाफा, पर क्यों गिरे शेयर इकनॉमिक टाइम्स की खबर के मुताबिक कंपनी ने 30,783 करोड़ का मुनाफा दिखाया, जो रिकॉर्ड है, लेकिन इसका एक बड़ा हिस्सा (8,924 करोड़) एशियन पेंट्स में अपनी हिस्सेदारी बेचने से आया था। साथ ही, ब्याज और टैक्स का खर्च भी अनुमान से कम आया। कई बड़ी ब्रोकरेज कंपनियों (जेफरीज, एमके, मोतीलाल ओसवाल आदि) का कहना है कि रिलायंस के मुख्य व्यवसायों के प्रदर्शन ने उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। असल कमाई अनुमान से कम रही।

**इस टॉप-10 लिस्ट से भी बाहर-** इस साल दुनिया में सबसे अधिक कमाई करने वालों की टॉप-10 लिस्ट से भी मुकेश अंबानी बाहर हो गए हैं। इस लिस्ट में अंबानी 9वें स्थान से लुढ़क कर 13वें पर पहुंच गए हैं। सोमवार को लगे 3 अरब डॉलर से अधिक के झटके के बाद अब उनकी इस साल की अबतक की कमाई 12.9 अरब डॉलर रह गई है।

## जेन स्ट्रीट को मिली राहत के बाद 9 कंपनियों के शेयरों में तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 22 जुलाई यानी आज वेल्थ मैनेजमेंट लिस्टेड फर्म, ब्रोकरेज फर्म वाली कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। इस तेजी के पीछे की वजह जेन स्ट्रीट को मिली राहत के बाद दर्ज की गई है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने 22 जुलाई को इस बात की पुष्टि की जेन स्ट्रीट पर लगे प्रतिबंध को कुछ कंडीशन्स के हटा लिया गया है। बता दें, निफ्टी कैपिटल मार्केट इंडेक्स आज करीब आधे प्रतिशत की तेजी के साथ 4701 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। कंपनी के शेयरों में यह तेजी लगातार दूसरे कारोबारी दिन देखने को मिली है।



**सेबी का क्या था औपचारिक बयान-** 21 जुलाई के एक्सचेंज ने दी जानकारी में कहा था कि जेन स्ट्रीट की संस्थाओं को निर्देश दिया गया है कि वो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर किसी भी धोखाधड़ी, हेरफेर और अनुचित तरीके से हो रही ट्रेडिंग आदि में शामिल होने से बचें। साथ रेगुलेटरी के नियमों का उल्लंघन ना करें। बता दें, स्टॉक एक्सचेंज को यह निर्देश दिया गया है कि वो जेन स्ट्रीट पर कड़ी नजर बनाए रखें। उनके लेन-देन पर सेबी की जांच पूरी होने तक नजर बनाए रखें।

### इन कंपनियों के शेयरों में 3-3 प्रतिशत की तेजी

एंजल वन और नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट के शेयरों का भाव करीब 3 प्रतिशत चढ़ गया। इस उछाल के बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में क्रमश: 2782 रुपये और 7824 रुपये प्रति शेयर तक पहुंच गया।

आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर

# कर्ज के बदले 64 करोड़ की रिश्वत मामले में दोषी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के एक अपीलीय ट्रिब्यूनल ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर को भ्रष्टाचार का दोषी पाया है। ट्रिब्यूनल के मुताबिक, चंदा ने विडियोकॉन समूह को 300 करोड़ का कर्ज मंजूर करने के बदले में 64 करोड़ की रिश्वत ली। यह रकम उनके पति दीपक कोचर की कंपनी को दी गई थी, जो विडियोकॉन से जुड़ी थी।

### पैसे का सफर

जुलाई 2025 में आए फैसले में ट्रिब्यूनल ने साफ किया कि रिश्वत का लेन-देन एकदम साफ था। आईसीआईसीई बैंक ने जब 27 अगस्त, 2009 को विडियोकॉन को 300 करोड़ दिए, तो अगले ही दिन विडियोकॉन की कंपनी एसईपीएल ने दीपक कोचर की कंपनी न्यूपावर रिन्यूएबल्स (एनआरपीएल) को 64 करोड़ भेज दिए। ट्रिब्यूनल ने इसे क्विड प्रो क्वो (एक तरकीब) बताया, जहां कर्ज के बदले रिश्वत दी गई।



### ट्रिब्यूनल की सख्त टिप्पणी

टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक ट्रिब्यूनल ने चंदा कोचर पर बैंक के नियम तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कर्ज मंजूर करते वक्त यह नहीं बताया कि उनके पति का विडियोकॉन के साथ कारोबारी रिश्ता है। यह बैंक के हितों के टकराव (कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट) नियमों का उल्लंघन था। ट्रिब्यूनल ने कहा, चंदा कोचर यह नहीं कह सकतीं कि उन्हें अपने पति के कामकाज की जानकारी नहीं थी।

### जब्त संपत्ति पर फैसला

इस मामले में जांच एजेंसी ईडी ने कोचर दंपत्ति की 78 करोड़ की संपत्ति जब्त की थी, जिसे ट्रिब्यूनल ने सही ठहराया। इसमें मुंबई के चर्चगेट स्थित उनका फ्लैट भी शामिल है, जिसे विडियोकॉन से जुड़ी कंपनियों के जरिए खरीदा गया था। हालांकि, 10.5 लाख नकदी वापस कर दी गई, क्योंकि उसका स्रोत वैध पाया गया।

### अभी भी जारी है कानूनी लड़ाई

चंदा और दीपक कोचर फिलहाल जमानत पर बाहर हैं, लेकिन उन पर मुकदमा चल रहा है। ट्रिब्यूनल ने कहा कि यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि उन्होंने धोखाधड़ी की और बैंक को नुकसान पहुंचाया। विडियोकॉन को दिया गया कर्ज बाद में डूब गया, जिससे आईसीआईसीआई बैंक को भारी नुकसान हुआ।

## आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

### 4 एक्सपर्ट्स ने बढ़ाया टारगेट प्राइस




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी है। दिग्गज प्राइवेट बैंक के शेयरों का भाव आज करीब 1 प्रतिशत की उछाल के साथ 52 वीक हाई 1482 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। बता दें, इससे पहले मंगलवार को आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बीएसई में 1471.15 रुपये के लेवल पर खुले थे।

### क्या है आईसीआईसीआई बैंक का टारगेट प्राइस

आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजों के सामने आने के बाद कई ब्रोकरेज हाउस ने इस स्टॉक को खरीदने की सलाह भी दी है। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि एक साल में इस बैंकिंग स्टॉक का भाव 1650 रुपये के लेवल तक जा सकता है।

वहीं, एक्सिस सिक्योरिटीज ने 1650 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। ब्रोकरेज ने आउटपरफॉर्म की काल दी है। एचडीएफसी बैंक के बाद यह बैंकिंग स्टॉक ब्रोकरेज हाउस की दूसरी सबसे बड़ी पसंद है।

- **आईसीआईसीआई बैंक के नेट प्रॉफिट में जोरदार इजाफा-** वित्त वर्ष की पहली तिमाही में इस प्राइवेट बैंक का प्रदर्शन अच्छा रहा है। बैंक के नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। अप्रैल से जून 2025 के दौरान आईसीआईसीआई बैंक का नेट प्रॉफिट 12768.21 करोड़ रुपये रहा था। बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 11059.61 करोड़ रुपेय रहा है।

## 70 प्रतिशत उछल सकता है झुनझुनवाला के पोर्टफोलियो का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोतीलाल ओसवाल ने वीए टेक वाबाग नाम की कंपनी पर अपनी रिसर्च शुरू की है और इसे बाय का रेटिंग दिया है। उनका कहना है कि कंपनी की तरक्की के कई कारण हैं, जैसे उसका बढ़ता हुआ ऑर्डर बुक, मुनाफे में सुधार, और मजबूत मुक्त नकदी (फ्री कैश फ्लो) का बनना।



### 100 साल पुरानी पानी की माहिर कंपनी

वीए टेक वाबाग एक अग्रणी कंपनी है जो पानी के क्षेत्र में पिछले 100 सालों से काम कर रही है। यह कंपनी वेस्टवाटर यानी गंदे पानी को साफ करने के पूरे काम (डिजाइन, निर्माण, संचालन) में माहिर है। पानी की कमी, बढ़ता प्रदूषण, सख्त पर्यावरण नियम और कारखानों की जरूरतों के कारण यह सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। अनुमान है कि यह बाजार 2023 के 329 अरब डॉलर से बढ़कर 2032 तक 576 अरब डॉलर का हो जाएगा।

### झुनझुनवाला परिवार का हिस्सा और शेयर का सफर

ट्रेंडलाइन के आंकड़ों के मुताबिक, दिवंगत निवेशक राकेश झुनझुनवाला की पत्नी, रेखा झुनझुनवाला, जून 2025 तिमाही के अंत तक कंपनी में 8.04 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती थीं। कंपनी के शेयर लगातार तीन महीने गिरने के बाद मार्च में फिर चढ़ाई पर आ गए हैं और इस महीने में अब तक 27.6 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है।

### मजबूत ऑर्डर बुक

कंपनी ने पिछले कुछ सालों में अपना ऑर्डर बुक लगातार बढ़ाया है। मोतीलाल के मुताबिक, कंपनी के पास इस वक्त 13,700 करोड़ रुपये का ऑर्डर बुक है, जो उसकी आने वाले साल (वित्तवर्ष 2025) की अनुमानित कमाई से 4.2 गुना ज्यादा है! इसके अलावा, उसके पास 15,000 से 20,000 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर हासिल करने का मौका (बिड पाइपलाइन) भी तैयार है।

इस मजबूत ऑर्डर बुक की वजह से अगले 3-4 सालों में कंपनी की कमाई सालाना 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस ऑर्डर बुक में लंबी अवधि (5-20 साल) के संचालन और रखरखाव के प्रोजेक्ट्स (39 प्रतिशत) और छोटी अवधि (2-3 साल) के निर्माण प्रोजेक्ट्स (52 प्रतिशत) का अच्छा मिश्रण है। कंपनी बड़े प्रोजेक्ट्स कर सकती है, लेकिन वह सोच-समझकर ही बोली लगाती है, उसकी सफलता दर (विन रेश्यो) 25-30 प्रतिशत है।

**कर्जमुक्त होकर बने मुनाफे के मास्टर-** मोतीलाल ने कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य में हुए जबरदस्त सुधार पर भी जोर दिया है। कंपनी ने पिछले पांच सालों में अपनी मुक्त नकदी (फ्री कैश फ्लो) की स्थिति पूरी तरह बदल ली है।

# आरबीआई के ब्याज दर घटाने से...

## देश की अर्थव्यवस्था पर क्या बोले रघुराम राजन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि हाल के दिनों में केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दरों में की गई कटौती कोई 'जादुई की गोली' नहीं है जो एकदम से निवेश को बढ़ावा दे। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में कई अन्य कारक भी भूमिका निभाते हैं। राजन ने कहा कि इस समय ब्याज दर बहुत ज्यादा नहीं हैं और आरबीआई की कटौती का असर दिखने में समय लगेगा।

### क्या बोले राजन

उन्होंने पीटीआई-वीडियो से बातचीत मे कहा, ''... पहले उच्च ब्याज दर को लेकर एक तर्क था, लेकिन मुझे नहीं लगता कि अब यह तर्क बना रह सकता है।'' राजन ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि आरबीआई द्वारा नीतिगत दर में कटौती निवेश को बढ़ावा देने के लिए कोई जादुई गोली साबित होगी।'' बता दें कि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने छह जून को प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.5 प्रतिशत की कटौती की। इससे फरवरी से लेकर अबतक रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती हो चुकी है। इसके अलावा, नीतिगत रुख को उदार से बदलकर न्यूट्रल कर दिया गया।



**भारतीय उद्योग निवेश करते नहीं दिख रहे-** यह पूछे जाने पर कि क्या हाल में आरबीआई द्वारा रेपो दर में कटौती से कंपनियां अपनी निवेश योजनाओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित होंगी, जाने-माने अर्थशास्त्री ने कहा, ''अधिक पारदर्शी चीजें और विभिन्न क्षेत्रों में अधिक प्रतिस्पर्धा से उद्योग जगत अपने लाभ और नेतृत्व को बनाए रखने के लिए निवेश पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित होंगे।''

उन्होंने कहा, ''इसलिए, मुझे नहीं लगता कि यह केवल ब्याज दर की बात है। मुझे लगता है कि इसके पीछे कई कारक हैं... लेकिन मुझे उम्मीद है कि आगे और अधिक कंपनियों के निवेश आएंगे।'' राजन ने कहा कि वैश्विक वित्तीय संकट से पहले हुए बड़े पैमाने पर निवेश के बाद से भारतीय उद्योग निवेश करते नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, ''वे (भारतीय उद्योग) बहुत ज्यादा सतर्क हो गए हैं और वे यह नहीं कह सकते कि घरेलू अर्थव्यवस्था की ऐसी हालत है। पहले वे कहते थे कि निम्न मध्यम वर्ग खर्च नहीं कर रहा है, ग्रामीण क्षेत्र खर्च नहीं कर रहा है।''

# खुलने से पहले ही 92 प्रीमियम पर पहुंचा जीएमपी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप किसी आईपीओ में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। इन दिनों एक के बाद एक आईपीओ निवेश के लिए ओपन हो रहे हैं। इनमें से एक - जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का आईपीओ भी है। कंपनी का यह इश्यू 23 जुलाई को खुलेगा। निवेशक इसमें 25 जुलाई तक पैसे लगा सकेंगे। इसका प्राइस बैंड 237 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में 92 के प्रीमियम पर उपलब्ध हैं। यानी लिस्टिंग पर 39 प्रतिशत तक का मुनाफा हो सकता है।

### क्या है डिटेल

कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा है कि जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बुधवार को इक्विटी शेयरों के अपने आईपीओ के संबंध में प्रस्ताव खोलेगी। एंकर निवेशक प्रस्ताव खोलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले है, जो 22 जुलाई है। प्रस्ताव की अंतिम तिथि शुक्रवार है। कुल ऑफर साइज में दो रुपये फेस वैल्यू वाले इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है, जिसका कुल मूल्य 400 करोड़ रुपये तक है तथा दो रुपये अंकित मूल्य वाले 2,550,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।



### कंपनी की योजना

इस आईपीओ का प्राइस बैंड 225 रुपये से 237 रुपये प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है। न्यूनतम 63 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 63 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगायी जा सकती हैं। कंपनी ने शुद्ध आय का उपयोग कंपनी और उसकी सहायक कंपनी अर्थात इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार एफजेडसी द्वारा लिये गये कुछ बकाया उधारों के सभी या कुछ भाग के पूर्व भुगतान और/ या पुनर्भुगतान, पूर्ण या आंशिक रूप से तथा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव किया है।

# बाढ़ से टूटी बरहड़वा-फरक्का एनएच 80 सड़क

## झारखण्ड और पश्चिम बंगाल संपर्क भंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क, बरहड़वा-फरक्का एनएच 80, पर स्थित निशिंदरा क्षेत्र में कटान के कारण पिछले चार दिनों से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है।

तेज बहाव के चलते कटान की स्थिति गंभीर हो गई है, जिससे आम जनजीवन और व्यवसायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। विशेष रूप से पत्थर और पेट्रोल पंप के व्यवसायों को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है, जो सरकार के राजस्व पर भी असर डाल रहा है।

हाल ही में क्षेत्र में हुई भारी वर्षा और बरहेट बराज परियोजना के गेट खोलने से गुमानी नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई। बाढ़ का पानी निशिंदरा कटान से होते हुए छोटा गंगा तक पहुंच गया। तेज बहाव के कारण कटान में लगभग 40-50 फीट तक कटाव हो गया है।

इस स्थिति के कारण झारखंड और बंगाल की ओर से वाहनों की आवाजाही रुक गई है। बरहड़वा - फरक्का मुख्य पथ पर कई पत्थर लोड ट्रक और अन्य मालवाहक



वाहन खड़े हैं। यह समस्या पिछले 40 वर्षों से हर वर्ष बारिश के मौसम में उत्पन्न होती है। पिछले वर्ष भी लगभग 15 दिनों तक आवागमन बाधित रहा था।

कटान के कारण पत्थर ढुलाई का कारोबार ठप होने से बाजार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। बरहड़वा - फरक्का मुख्य सड़क पर स्थित होटल, ढाबे, चाय और नाश्ता की दुकानों में सन्नाटा छा गया है। मोटर बिक्री और गैराज में भी काम की कमी आई है।

कटान का असर झारखंड, बंगाल के साथ-साथ बंगलादेश पर भी पड़ा है। प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक पत्थर लोड लेकर बंगलादेश पहुंचते थे, लेकिन पिछले चार दिनों से पत्थर नहीं जाने के कारण मंडी में कीमतों में वृद्धि हुई

# माननीय खर्च नहीं कर पा रहे आवंटित राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा सदस्यों के स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत 109 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की गई, लेकिन इसमें से केवल 45 करोड़ रुपये यानि सिर्फ 41.41% ही खर्च हो पाए हैं।

यह आंकड़ा दर्शाता है कि सांसदों ने विकास कार्यों के लिए उपलब्ध धन का आधे से भी कम उपयोग किया, जिससे कई योजनाएं अधूरी रह गईं। विभिन्न राज्यसभा सदस्यों के प्रदर्शन में भी काफी अंतर है।

जहां कुछ ने बेहतर काम किया, वहीं कुछ की प्रगति सामान्य रही। झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी फंड के उपयोग में सबसे आगे हैं। उन्होंने आवंटित राशि का 65% खर्च किया और 75 योजनाओं को पूरा किया।

उनके कार्यों में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, स्कूल भवन और सामुदायिक केंद्र जैसे बुनियादी ढांचे शामिल हैं। वह स्थानीय विकास के प्रति गंभीर दिखीं और उनके क्षेत्र में योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया गया। भाजपा के राज्यसभा सदस्य सबसे अधिक धनराशि खर्च की। लेकिन उनकी योजनाओं की पूर्णता दर कम है। उनके द्वारा शुरू की गई अधिकांश योजनाएं अभी भी अधूरी हैं। भाजपा के ही आदित्य साहू ने खर्च और योजनाओं के बीच संतुलन बनाए रखा।

उन्होंने न केवल आवंटित धन का उचित हिस्सा खर्च किया, बल्कि कई योजनाओं को भी पूरा किया। उनके कार्यों में पेयजल, सड़क निर्माण और शिक्षा से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने सही योजना और कार्यान्वयन से विकास कार्यों में अच्छे परिणाम हासिल किए। जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन की 831 योजनाएं स्वीकृत हुईं।

राज्यसभा सदस्यों के स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के फंड के कम उपयोग के पीछे कई कारण हैं। नौकरशाही का अड़ंगा, प्रशासन के साथ समन्वय की कमी, योजनाओं की निगरानी और कार्यान्वयन पर ध्यान न देने के अलावा कुछ क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की कमी और तकनीकी समस्याएं अहम हैं।

# छापेमारी में बिहार से आ रहे नकली खाद्य पदार्थ जब्त

## कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** पनीर, खोवा, लड्डू-पेड़ा और अन्य मिठाईयां के नाम पर जिले में नकली और मिलावटी उत्पाद बेच रहे कारोबारी पर जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अहले सुबह बिहार से आने वाले बसों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी में भारी मात्रा में नकली खाद्य पदार्थ जप्त किए गए। इसमें 750 किलो पनीर, 80 किलो खोवा, 25 किलो लड्डू और 25 किलो पेड़ा को जप्त किया गया। फूड इंस्पेक्टर राजा कुमार ने मौके पर सभी सैंपल की जांच की। स्टार्च टेस्ट में पनीर समेत सभी खाद्य पदार्थ फेल पाए गए।

इसके बाद सभी खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर रासायनिक जांच के लिए राजकीय खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा गया। इससे पता चलेगा कि खाद्य पदार्थ में कौन से हानिकारक केमिकल का प्रयोग किया गया है। इधर, खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई के बाद कारोबारी में हड़कंप मच गया।

बंगाल और बिहार से हर दिन आती है धनबाद में पनीर और मिठाइयों की बड़ी खेप धनबाद कोयलांचल में हर दिन पश्चिम बंगाल और बिहार से पनीर और विभिन्न प्रकार की मिठाइयां आती हैं। यह मिठाइयां काफी सस्ती होती है।

## हो रही है लोगों की सेहत से खिवाड़

यही कारण है कि धनबाद में अधिकांश मिठाई दुकानदार अब रेडीमेड मिठाई रखने लगे हैं। लेकिन इन मिठाइयों मे भारी मिलावट के साथ ही रासायनिक खाद्य पदार्थों का प्रयोग किया जा रहा है। यह सेहत के लिए बेहद खतरनाक और हानिकारक है। हनुमान के मुताबिक धनबाद में हर दिन चार से पांच क्विंटल पनीर की खपत हो रही है। इसमें 90% पनीर बाहर से आ रहे हैं।

धनबाद में छोटे-बड़े मिलाकर लगभग 1200 होटल और रेस्टोरेंट है, जहां पर पनीर के विभिन्न आइटम बनाए जाते हैं। अधिकांश होटल और ढाबा रजिस्टर्ड भी नहीं है। होटल और रेस्टोरेंट संचालक 180 से 200 में मिलावटी और नकली पनीर खरीदने हैं और ग्राहकों को इसे काफी ऊंचे दाम पर बेचते हैं और मुनाफा कमाते हैं। ग्राहकों के सेहत से खिलवाड़ करते हैं।


फूड इंस्पेक्टर राजा कुमार ने बताया कि मिलावटी और नकली खाद्य पदार्थ से कई गंभीर बीमारी हो सकते हैं। नकली पनीर से पेट संबंधी विभिन्न रोग, कब्ज हो सकते हैं। लगातार इसके सेवन से कैंसर की भी आशंका होती है। शरीर के मेटाबॉलिज्म को यह नकली खाद्य पदार्थ प्रभावित करते हैं।

# गोरखपुर के लिए नई साप्ताहिक ट्रेन चलाने की तैयारी शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली और सूरत के बाद अब धनबाद से गोरखपुर के लिए नई साप्ताहिक ट्रेन चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। नई ट्रेन शालीमार से गोरखपुर के बीच चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन के पाथ पर चलेगी।

धनबाद से गोमो, गया, वाराणसी, जौनपुर, मऊ, भटनी व देवरिया होकर गोरखपुर तक जाएगी। इससे कोयलांचल से पूर्वांचल सीधे जुड़ जाएगा। अभी धनबाद होकर गोरखपुर के लिए मौर्य एक्सप्रेस रांची-गोरखपुर एक्सप्रेस चल रही है। मौर्य एक्सप्रेस के संबलपुर तक विस्तार के कारण धनबाद से इस ट्रेन में टिकट मिलना मुश्किल होता है। रांची-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस सप्ताह में केवल एक दिन ही है। इसके मद्देनजर धनबाद रेल मंडल ने नई ट्रेन चलाने की अनुमति मांगी है। धनबाद से गोरखपुर की नई ट्रेन धनबाद-लोकमान्य तिलक स्पेशल के रैक से चलाई जाएगी। पहले लोकमान्य तिलक की ट्रेन सप्ताह में



दो दिन चल रही थी। हर फेरे में विलंब से चलने के कारण इसका एक फेरा बंद कर दिया गया है। ऐसे में उस रैक का उपयोग कर गोरखपुर की ट्रेन चलाई जा सकेगी।

कोयंबटूर-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन मंगलवार को सुबह 7:50 के बदले शाम 4:15 पर रवाना होगी। धनबाद से कोयंबटूर जानेवाली ट्रेन के विलंब से पहुंचने के कारण वापसी की ट्रेन के चलने के समय में बदलाव किया गया है। विलंब से चलने से गुरुवार को देर से आएगी।

# डायन-बिसाही के नाम पर विधवा के साथ हैवानियत

## शरीर से खून निकालकर किया अनुष्ठान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग)।** झारखंड के हजारीबाग जिला स्थित बरही थाना के जरहिया गांव में डायन-बिसाही के नाम पर एक विधवा के साथ हैवानियत की हदें पार कर दी गई।

घटना शुक्रवार की है, जबकि पीड़िता ने रविवार की रात बरही थाने में आवेदन देकर इससे संबंधित शिकायत दर्ज कराई है। इसके साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बरही थाना को दिए गए आवेदन के अनुसार गांव के ही सात लोगों ने गत शुक्रवार की रात घर में घुसकर निर्वस्त्र कर उसके साथ मारपीट की तथा डायन-बिसाही का आरोप लगाकर उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों को ब्लेड से चीरकर खून निकाल कर्मकांड (कथित अनुष्ठान) किया।

पीड़िता के अनुसार बर्बरता का यह दौर शुक्रवार रात 10 बजे से शनिवार की सुबह लगभग तीन बजे तक चला। आरोपियों ने इस दौरान 20 हजार रुपये लिए और बोलेरो से बिहार के गया स्थित प्रेतशिला ले जाकर सिर मुंडवा कर दोबारा मारपीट की।



वहां उसके बाल झाड़ी में फेंक दिए गए और पुनः 80 हजार रुपये की मांग की गई। इसके बाद पीड़िता के बेटे ने फोन पे से 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए।


इसके बाद शनिवार की रात लगभग 10 बजे उसे बरही बाजार में उसे छोड़ा गया। इसके बाद पीड़िता रात में अकेले पैदल बरही बाजार से अपने घर जरहीया पहुंची।

# सीएस ने किया पीएससी का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव ने मंगलवार को विश्रामपुर स्थित सीएचसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बाथरूम सफाई को ठीक हालत पाया। लेकिन टूटे दरवाजे को देख सीएचसी प्रभारी को प्राप्त फंड से मरम्मती कराने का निर्देश दिया। दवा के स्टोर के निरीक्षण में सभी दावाओं को सही ढंग से रखा हुआ पाया। साथ ही एक्सपायरी दवा नहीं मिला। अल्ट्रासाउंड मशीन ठीक-ठाक रखा हुआ था। लेकिन लाइसेंस नहीं होने के चलते संचालन नहीं हो रहा था। एक्स-रे रूम का निरीक्षण में पाया कि टेक्नीशियन ने सुबह से सात लोगों का एक्स- रे किया है। अटेंडेंस रजिस्टर का अवलोकन किया। पाया कि आने वाले कर्मचारी भी अपना अटेंडेंस चार्ज नहीं किया था। उन्होंने निर्देश दिया कि ड्यूटी पर आने के साथ ही बायोमैट्रिक व रजिस्टर पर अपना अटेंडेंस जरूर करें। एमसीसी वार्ड पूरा भरा हुआ था। सभी बेड पर मरीज पाए गए।

# जिला स्तरीय साइकिल वितरण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में कल्याण विभाग अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण योजना वर्ष 2025-26 के लिए जिला स्तरीय साइकिल वितरण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण से संबंधित विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। समिति द्वारा सभी प्राप्त सूचियों को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया, जिससे पात्र विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 4493 छात्र-छात्राएं योजना के तहत लाभान्वित होंगे, जिसमें 2182 बालक एवं 2311 बालिकाएं शामिल हैं। योजना का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना एवं ड्रॉपआउट दर को कम करना है।

बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि साइकिल वितरण कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। साथ हीं छुटे हुए योग्य बच्चों को उक्त योजना से लाभान्वित करने को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत लगाये पौधे पर बीडीओ ने फेरा पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टाटीझरिया।** मनरेगा के तहत राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में कई स्थानों पर आम के पौधे लगाए गए थे। इन्हीं में एक बागवानी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एक एकड़ जमीन पर वर्ष 2020-21 में की गई थी। अब इसे जेसीबी मशीन से समतल कर पौधों पर मिट्टी डाल दी गई। यह घटना बीडीओ कार्यालय से सटे की है, जिसने सरकारी योजनाओं में राशि की बवार्दी को ले कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

उक्त आम बागवानी की स्वीकृत प्राक्कलित राशि 3,22,586 रुपये थी। इस योजना के तहत बागान के चारों ओर इमारती पौधे भी लगाए गए थे। बागवानी को संरक्षित रखने के लिए लोहे की जाली और जंजीर भी लगाई गई थी।

मजदूरी मद में 62,000 तथा सामग्री मद में 74,884 का भुगतान भी किया गया था। शेष राशि का भुगतान लंबित बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बागवानी में लगे पौधे पूर्णतः स्वस्थ थे। ये भविष्य में आमदनी का स्त्रोत भी बन सकते थे।

बीडीओ आवास जाने के लिए बनाई गई पीसीसी सड़क संकरी थी। आवास के पास लगे पेड़-पौधे

## लोगों में देखा जा रहा रोष, कार्रवाई की मांग

संबंधित अधिकारी को पसंद नहीं आ रहे थे। इसी वजह से बागवानी को जेसीबी लगाकर साफ करा दिया गया।

इस कार्रवाई में कार्यालय परिसर स्थित शौचालय की टंकी भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर कोई आम व्यक्ति सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाता तो तत्काल कार्रवाई होती। अब जब खुद अधिकारी के आदेश से सार्वजनिक धन से बनी योजना बर्बाद की गई है, तो क्या इस पर भी कोई कार्रवाई होगी।

कई लोगों ने मांग की है कि इस क्षति की जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई करते हुए नुकसान की भरपाई कराई जानी चहिए। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि योजनाएं महज दिखावा और लूट का माध्यम बन जाएं, तो इससे शासन और जनता के बीच विश्वास की खाई और गहरी होगी।

# भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने हेमंत सरकार पर कसा तंज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अब ‘नाम परिवर्तन घोटाला’ भी सामने आ गया है। प्रतुल ने दावा किया कि राज्य बनने के बाद कई वर्षों तक नाम परिवर्तन से संबंधित गजट नोटिफिकेशन की प्रक्रिया मैन्युअल थी और इसका रजिस्टर मेंटेन किया जाता था, लेकिन हेमंत सरकार के कार्यकाल में वह सभी रजिस्टर रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि नाम परिवर्तन संबंधी कोई भी दस्तावेज अब उपलब्ध नहीं है।

इस दौरान कितने लोगों ने नाम बदले, किसने बदला झ इसका कोई रिकॉर्ड नहीं मिल रहा। प्रतुल ने यह भी आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बावजूद रिकॉर्ड को सही तरीके से संधारित नहीं किया गया। साथ ही इस प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं की भी आशंका जताई।

प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि क्या यह पूरा मामला राज्य में हुए धर्मांतरण की वास्तविक संख्या को छुपाने की साजिश तो नहीं है? उन्होंने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण में लिप्त शक्तियां सक्रिय हैं और गायब दस्तावेजों के जरिए लोगों की असली पहचान को छुपाया जा सकता है। नाम परिवर्तन का रजिस्टर मतदाता पहचान और आधार जैसी प्रक्रियाओं में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के दस्तावेजों के गायब होने से संबंधित व्यक्ति अपने आधार कार्ड में नाम, उम्र, धर्म और जाति तक में बदलाव कर सकता है, जो कि गंभीर चिंता का विषय है।

यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार इस पूरे मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक इस संबंध में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। केवल राजकीय मुद्रणालय के संजीव कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया है, जबकि दस्तावेजों के गायब होने जैसे मामलों में सामान्यतः एफआईआर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाती है।

# पत्रकार पर जानलेवा हमला करने वाले मुखिया पति को उपायुक्त कराएं गिरफ्तार : प्रदीप

## मुखिया का वित्तीय पावर हो सीज : एबीकेएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** अखिल भारतीय किसान महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा ने नावा बाजार प्रखंड अंतर्गत सोहदाग खूर्द के मुखिया कमला देवी के पति दामोदर चौधरी द्वारा अपराधियों के साथ मिलकर पत्रकार मिथिलेश विश्वकर्मा पर जानलेवा हमला किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। कहा कि मुखिया पति की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि मुखिया के भ्रष्टाचार का अखबारों के माध्यम से पदार्फाश होने के बाद पत्रकार मिथिलेश विश्वकर्मा के साथ मारपीट किया व मोबाइल सहित तीन हजार रुपए नगद भी छीन लिया। इसके बाद भी मन नहीं भरा तो पत्रकार का मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त कर दिया। कहा कि दामोदर चौधरी की पत्नी कमला देवी जब से मुखिया बनी है, तब से सोहदाग खूर्द पंचायत भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन गया है। सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं में भारी लूट मची हुई है। मुखिया कमला देवी ने चुनाव में किए वादों को ताख पर रखकर लूट में शामिल हो गई हैं। उनके पुत्र, पति व सगे संबंधी मिलकर मनरेगा में फर्जी वाउचर बना कर निकासी कर रहे हैं। आवास निर्माण में भी पांच व दस हजार रुपए वसूल रहे हैं।

आवास निर्माण नहीं होने पर पीड़ित लोगों ने इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी से की थी। इससे संबंधित खबर मिथिलेश विश्वकर्मा ने बनाया था। इसी से तिलमिलाये मुखिया के इशारे पर मुखिया पति दामोदर चौधरी ने पत्रकार पर जानलेवा हमला कर दिया। आए दिन पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं किंतु अपराधियो पर कार्रवाई नहीं होने की वजह से भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ते जा रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलेगा कौन। अगर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माने जाने वाले पत्रकार भी भी चुप हो जाएगा तो समाज का क्या होगा। यह विशुद्ध रूप से लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने उपायुक्त से पत्रकार मिथिलेश विश्वकर्मा पर हमले में शामिल मुखिया पति दामोदर चौधरी समेत सभी अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है। मुखिया कमला देवी के वित्तीय शक्ति सहित तमाम अधिकारों को जब्त कर इनके कार्यकाल में चलाई जा रही तमाम योजनाओं की जांच की जाए व भ्रष्टाचार में शामिल मुखिया के साथ सरकारी पदाधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच हो ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह के हरकत करने से बाज आए।

# शीघ्र होगा मनरेगा के लंबित विपत्रों का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची ।** मनरेगा के तहत सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया होने के कारण भुगतान में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था जिसका निदान कर लिया गया है। राज्य सरकार को केंद्र से बकाया मद में 370 करोड़ रुपये मिले हैं जिसका आवंटन अब जिलों को किया जा रहा है।

फिलहाल फंड ट्रांसफर का ट्रायल किया जा रहा है। कुछ दिनों में सभी जिलों तक बकाया राशि से संबंधित आवंटन पहुंच जाएगा। इसके साथ ही कर्मियों को भुगतान भी मिलने लगा है।

ज्ञात हो कि कई कर्मियों को छह माह से मानदेय नहीं मिल रहा था। कर्मियों को राशि नहीं मिलने के पीछे साफ्टवेयर से संबंधित मामले भी रहे हैं। ऋह्ल्लंल्लीू ऊेस्र१३ेल्ल३ के सहयोग से एसएनए स्पर्श की तकनीकी खामियों को दूर किया जा रहा है।

झारखंड के कर्मियों और आपूर्तिकताओं को पिछले कई महीनों से मनरेगा के तहत किए गए कार्यों के एवज में भुगतान नहीं मिल रहा है। आपूर्तिकताओं और कर्मियों की पारिश्रमिक को मिला दिया जाए तो लगभग 800 करोड़ रुपये बकाया है।

इस बकाया को पाने के लिए प्रदेश की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और विभाग के कई अधिकारी पिछले दिनों नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग के अफसरों से मिलने पहुंचे थे और इस मुलाकात का असर दिखने लगा है। सूत्रों की मानें तो झारखंड की समस्या का समाधान भी निकल आया है। पहली किस्त मिलने के बाद कर्मियों को भुगतान किया जाने लगा है। मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय वर्णवाल ने बताया कि ट्रायल शुरू हो चुका है और कुछ ही दिनों में सभी जिलों को राशि का आवंटन कर दिया जाएगा।

# झारखण्ड में महंगी हो सकती हैं शराब की बोतलें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सभागार में मंगलवार को आयुक्त उत्पाद रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में झारखंड और अन्य राज्यों के शराब कारोबारियों की बैठक हुई।


इस बैठक में एक सितंबर से निजी हाथों में जाने वाली शराब की खुदरा बिक्री से संबंधित समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा हुई। कारोबारियों ने सात महीनों के लिए निर्धारित 2402 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य पर चिंता व्यक्त की। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यह लक्ष्य आपसी विचार-विमर्श के बाद तय किया गया है और इसमें संशोधन संभव नहीं है।

साथ ही, उत्पाद नीति में भी कोई बदलाव नहीं होगा।

तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए दुकानदारों से सुझाव मांगे गए, जिन्हें लागू करने का आश्वासन दिया गया। दुकानदारों ने नई उत्पाद नीति और टैक्स स्लैब के कारण शराब की कीमतों में वृद्धि की आशंका जताई, जिससे झारखंड में शराब की कीमतें पश्चिम बंगाल की तुलना में अधिक हो सकती हैं।

उनका कहना था कि कीमतें बढ़ने से राजस्व पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जबकि कम कीमतें होने पर पड़ोसी राज्यों के ग्राहक झारखंड में शराब खरीदने आएंगे, जिससे राजस्व बढ़ेगा। आयुक्त ने कारोबारियों के सुझावों को गंभीरता से सुना और कई सवालों के त्वरित जवाब दिए।

अन्य सुझावों के लिए विभाग की वेबसाइट का लिंक साझा किया गया, जहां कारोबारी अपनी बात रख सकते हैं। बैठक में अर्नेस्ट मनी वापसी की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। शराब दुकानों के लिए आवेदन के




साथ राजस्व लक्ष्य का दो प्रतिशत अर्नेस्ट मनी जमा करना होता है, जो लाखों में होती है।

पहले इसकी वापसी में दो महीने लगते थे, लेकिन आयुक्त ने आश्वासन दिया कि अब यह राशि 15 दिनों में वापस होगी। उन्होंने कारोबारियों को साइबर ठगी से बचने के लिए केवल विभागीय वेबसाइट और लिंक का उपयोग करने की सलाह दी।

बैठक में झारखंड खुदरा शराब व्यवसायी संघ के अध्यक्ष अचिंत्य साव, महासचिव सुबोध जायसवाल सहित राजीव भगत, अजय साहू, उमेश साहू, वीरेंद्र साहू, जय राम, नरेंद्र सिंह, इंदर सिंह, हरेंद्र सिंह, शकुंतला जायसवाल, संजीत चौधरी, वीरेंद्र यादव, देवेंद्र सिंह, राहुल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# सड़क पर लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू ।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के चमतकेरी जंगल में सोमवार की रात तीन अपराधी सड़क जाम कर लूटपाट की तैयारी में थे। लेकिन पुलिस की तत्परता से उनकी मंशा पर पानी फिर गया। छापेमारी कर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

उनके पास से एक टांगी और लोहे की रड भी बरामद हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नावा बजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटवा चमतकेरी जंगल में कुछ अपराधी विश्रामपुर रोड में जाम लगाकरलूटपाट करने वाले हैं। सूचना मिलते ही नावा बजार पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।

तीनों अपराधियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों में मनातू थाना क्षेत्र के टंडवा गांव का रिंकू सिंह 24 वर्ष, नावा बजार थाना क्षेत्र के उलिया गांव का अजय सिंह 21 वर्ष और राजीव सिंह, उम्र 22 वर्ष

## तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शामिल हैं। तीनों सड़क पर बोल्डर लगाकर ट्रैक्टर को रोकने के लिए पहले से घात लगाए बैठे थे।

जैसे ही कोई वाहन आता उसे जबरन रोक कर लूटपाट करते। ग्रामीणों और वाहन चालकों में इनकी गतिविधियों को लेकर पहले से दहशत थी। गिरफ्तार युवकों के खिलाफ नावा बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

नावा बाजार थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपित आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। इलाके में लूटपाट के साथ अशांति फैलाने की मंशा से काम कर रहे थे। समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी।

यूएस ओपन



# ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने यूएस ओपन से नाम वापस लिया

## कोहनी की चोट के कारण लिया फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया में छठी रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग पिछले महीने विंबलडन में पहले दौर में हार गई थीं। झेंग ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि उन्हें ठीक होने में महीनों लगेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित हो गया था कि वह 24 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में भाग नहीं ले पाएंगी। ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने वर्ष के अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन से नाम वापस ले लिया है। झेंग कोहली की चोट से जूझ रही हैं जिस कारण वह इस टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। यूएस ओपन 24 अगस्त से शुरू होगा। चीन की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने दो दिन पहले घोषणा की थी कि उनकी दाहिनी कोहनी की लगातार दर्द के कारण आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई है। दुनिया में छठी रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग पिछले महीने विंबलडन में पहले दौर में हार गई थीं। झेंग ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि उन्हें ठीक होने में महीनों लगेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित हो गया था कि वह 24 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में भाग नहीं ले पाएंगी। यूएस ओपन में उनकी जगह फ्रांस की लेओलिया जीनजीन को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है।

# टाईब्रेकर में जीत से दिव्या शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में

## वूमेंस चेस कप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिव्या ने टाईब्रेकर की पहली बाजी सफेद मोहरों से, जबकि दूसरी बाजी काले मोहरों से जीतीं। दोनों के बीच क्लासिकल प्रारूप की बाजियां बराबरी पर छूटी थीं। दिव्या पहली बार विश्वकप में खेल रही हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने टाईब्रेकर में हमवतन द्रोणावल्ली हरिका को हराया। 19 साल की दिव्या ने टाईब्रेकर की पहली बाजी सफेद मोहरों से, जबकि दूसरी बाजी काले मोहरों से जीतीं। दोनों के बीच क्लासिकल प्रारूप की बाजियां बराबरी पर छूटी थीं। दिव्या पहली बार विश्वकप में खेल रही हैं। दिव्या से पहले 37 वर्षीय कोनेरू हंपी भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। दिव्या की सेमीफाइनल में चीन की तान जोंगयी से और हंपी की चीन की ही ली टिंग जी से टक्कर होगी।

**शीर्ष तीन को मिलेगा कैंडिडेट्स का टिकट-** यह पहली बार है जब दो भारतीय खिलाड़ियों ने विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। हंपी और दिव्या के पास कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने का बेहतरीन मौका है।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रायन म्ब्यूमो के साथ 5 साल का अनुबंध किया

**लंदन, एजेंसी।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रेंटफोर्ड के फॉरवर्ड ब्रायन म्ब्यूमो के साथ जून 2030 तक के लिए अनुबंध किया है। यह अनुबंध 65 मिलियन पाउंड (करीब 88 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में हुआ, जिसमें एक साल के विस्तार का विकल्प भी शामिल है। कैमरून के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी म्ब्यूमो इस समर ट्रांसफर विंडो में यूनाइटेड की ओर से साइन किए गए तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले क्लब ने स्ट्राइकर मैथियस कुन्हा और डिफेंडर डिएगो लियोन को टीम में शामिल किया था। म्ब्यूमो ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा, जैसे ही मुझे पता चला कि मैनचेस्टर यूनाइटेड में शामिल होने का मौका है, मैंने अपने सपनों के क्लब के में शामिल होने का फैसला किया। मैं बचपन में इस टीम की जर्सी पहनता था।



उन्होंने आगे कहा, मेरी हमेशा यही सोच होती है कि मैं कल से बेहतर बनूं। पता है कि मुझमें वह जज्बा है, जिससे मैं यहां एक नया स्तर हासिल कर सकता हूं। सभी ने मुझे यहां बन रहे माहौल और भविष्य के लिए रोमांचक योजनाओं के बारे में बताया। यह शानदार स्टेडियम और जबरदस्त फैंस के साथ एक बड़ा क्लब है। हम सभी सबसे बड़े खिताबों के लिए चुनौती पेश करने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। म्ब्यूमो गुरुवार से शुरू हो रहे मैनचेस्टर यूनाइटेड के अमेरिका दौरे का हिस्सा हो सकते हैं, जो प्री-सीजन के तहत आयोजित किया जा रहा है। ब्रायन म्ब्यूमो ने ब्रेंटफोर्ड के लिए 242 मुकाबलों में 70 गोल करने के साथ 51 असिस्ट दिए। इनमें से 20 गोल पिछले सीजन में आए। पिछले सीजन में 25 वर्षीय म्ब्यूमो ने प्रीमियर लीग में 20 गोल दागे, जो लीग में चौथे सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड था। इसके साथ ही उन्होंने 8 असिस्ट भी दिए। ब्रेंटफोर्ड के शीर्ष लीग में प्रमोशन के बाद से, म्ब्यूमो ने प्रति सीजन औसतन 18 गोल किए, जो एक बेहद प्रभावशाली रिकॉर्ड है।

# सोलन की निधि ठाकुर ने 800 मीटर दौड़ व सिरमौर की दीक्षिता ने किक बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलन जिले की निधि ठाकुर ने बिहार के पटना में राष्ट्रीय स्तर की ओपन एथलेटिक्स मीट में गोल्ड मेडल हासिल किया है। निधि ने 800 मीटर की दौड़ में सफलता हासिल की। बीते एक वर्ष से निधि ऊना में खेल विभाग के कोच राकेश चौधरी के पास प्रशिक्षण हासिल कर रही हैं। ऊना कॉलेज में एमए अंग्रेजी की द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। निधि इससे पहले बिलासपुर में भी राकेश चौधरी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं थी। उनका तबादला यहां होने के बाद से वह अपने उम्दा प्रदर्शन




को जारी नहीं रख पाई। आखिरकार बीते वर्ष निधि यहां ऊना आकर फिर से कोच राकेश से प्रशिक्षण पाकर कड़ी मेहनत में जुट गई। अब राष्ट्रीय स्तर की ओपन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। निधि सोलन के अर्को तहसील के गांव खनोल की रहने वाली हैं, उनके पिता जतिंदर ठाकुर पेशे से चालक हैं माता सुनीता ठाकुर हैं।

वहीं छत्तीसगढ़ में हुई राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दीक्षिता चौहान ने गोल्ड मेडल जीता है। उनका चयन आबूधाबी में नवंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए हुआ है। मूल रूप से टिक्कर डिसवानी निवासी दीक्षिता चौहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। पहले भी दीक्षिता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार जीत का परचम लहरा चुकी हैं। विपरीत आर्थिक और पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद दीक्षिता ने हार नहीं मानी। पिता का सिर से साया उठ चुका है। वह चार बहनें हैं। मां ने किसी तरह पालन पोषण किया। तीन बहनों की शादी हो चुकी है और दीक्षिता अब मां के साथ रहती हैं।

## वीनस विलियम्स ने 16 महीने के अंतराल के बाद

# जीता पहला पेशेवर मैच

वॉशिंगटन, एजेंसी। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के लंबे अंतराल के बाद अपना पहला पेशेवर टेनिस मैच जीत लिया है। विलियम्स ने हैली बैप्टिस्ट के साथ जोड़ी बनाते हुए डीसी ओपन के पहले दौर में डबल्स वाइल्ड कार्ड जोड़ी यूजिनी बूचार्ड और क्लरवी नगुनुए को शिकस्त दी। यह एक बड़ा उलटफेर था। 3-1 से पिछड़ने और ब्रेक प्वाइंट का सामना करने के बाद, वीनस और बैप्टिस्ट ने वापसी करते हुए आखिरी 12 में से 11 गेम जीते। साल 2022 में पहले दौर में हार के बाद, यह डीसी टूर्नामेंट में वीनस की दूसरी उपस्थिति है।



45 वर्षीय पूर्व विश्व नंबर-1 वीनस विलियम्स ने इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली थी। उन्होंने मार्च 2024 के मियामी ओपन के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था। उनकी पिछली जीत अगस्त 2023 में सिनसिनाटी ओपन में आई थी। वीनस ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, कोर्ट पर वापसी प्रेरणादायक थी। मुझे अब भी यह खेल बेहद पसंद है। मैं अब भी दमदार शॉट्स लगा रही हूं। मुझे पहले ही प्वाइंट से लग गया था कि हम एक अच्छी टीम हैं। हमें वर्षों पहले ही यह जोड़ी बना लेनी चाहिए थी। वर्तमान में वीनस की कोई आधिकारिक रैंकिंग नहीं है। उन्होंने अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ मिलकर महिला डबल्स में 14 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। विलियम्स बहनों ने कई वर्षों तक टेनिस की दुनिया पर दबदबा बनाए रखा है। मंगलवार को वीनस सिंगल्स प्रतियोगिता के पहले दौर में एक और अमेरिकी खिलाड़ी, पेटन स्टर्न्स का सामना करेंगी। इस मुकाबले में वाइल्ड कार्ड एंट्री के साथ कोर्ट पर उतरते ही वीनस डब्ल्यूटीए टूर-स्तरीय मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगी। इससे पहले 46 वर्ष की उम्र में किमिको डेटे ने सात साल पहले टोक्यो में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं, पुरुष एकल में ब्रिटेन के डैन इवांस और कैमरन नॉरी वाशिंगटन में दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। साल 2023 में वाशिंगटन का खिताब जीतने वाले इवांस ने जिजो बर्ग्स के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-3 से कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। 35 वर्षीय वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी का अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी एलेक्स मिशेलसन से होगा। इस बीच, कैमरून नोरी ने ब्रिटिश क्वालीफायर बिली हैरिस को 6-3, 7-6 (7-4) से हराया और दूसरे दौर में उनका सामना फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट और दूसरी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।

## केनेडियन ओपन

# सिनर और जोकोविच के बाद कार्लोस अल्कारेज भी टोरंटो मास्टर्स से हटे, जानें किस कारण लिया फैसला

टोरंटो, एजेंसी। अल्कारेज से पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था। विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन की तैयारियों से पहले इस एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अल्कारेज के नहीं खेलने से इसकी चमक फीकी पड़ गई है। अल्कारेज पहले ऐसे खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने इस टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है। अल्कारेज से पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था। पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्कारेज विंबलडन के फाइनल में सिनर से हार गए थे और इस तरह से ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार तीसरा खिताब जीतने से चूक गए थे। अल्कारेज ने बताया कि उन्होंने थकान के कारण टोरंटो मास्टर्स से हटने का फैसला किया है।



# शतरंज विश्व कप 2025 की मेजबानी भारत को मिलना गौरव का पल :मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को भारत को मेजबानी मिलने पर खुशी जाहिर की। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत को फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी मिलने पर खुशी जताते हुए इसे गौरव का पल बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए अत्यंत गौरव की बात है। यह ऐतिहासिक आयोजन भारत की शतरंज यात्रा में एक नई ऊंचाई का प्रतीक है और वैश्विक शतरंज की बिसात पर हमारे बढ़ते कद को दर्शाता है। इससे पहले फिडे ने भारत की मेजबानी की घोषणा की। वहीं, मेजबान शहरों की घोषणा बाद में की जाएगी।



2025 विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे, जो विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए दावेदार का निर्धारण करेगा। फिडे ने एक बयान में कहा, प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप इस साल भारत आ रहा है। 30 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के प्रतिष्ठित खिताब और क्वालिफिकेशन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

मेजबान शहर की घोषणा सहित अन्य विवरण समय आने पर जारी किए जाएंगे। भारत ने हाल ही में कई बड़े आयोजनों की मेजबानी की है, जिनमें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2022, टाटा स्टील शतरंज इंडिया, फिडे विश्व जूनियर अंडर-20 चैंपियनशिप 2024 और फिडे महिला ग्रां प्री का पांचवां चरण (अप्रैल 2025) शामिल हैं।

# विराट कोहली ने की इंग्लैंड के खिलाड़ी की मदद

## दोहरा शतक ठोका, बनाए 848 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के क्रिकेटर हसीब हमीद इस वक्त कमाल की फॉर्म में हैं. इस खिलाड़ी ने काउंटी चैंपियनशिप में कमाल का प्रदर्शन किया है. नॉटिंघमशर के कप्तान ने अब खुलासा किया है कि उनकी बैटिंग में तो दम दिखाई दे रहा है उसका श्रेय विराट कोहली को भी जाता है. हसीब हमीद ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि विराट कोहली ने उनकी काफी मदद की है. बल्लेबाजी को लेकर उनका जो भी सवाल था उसका उन्हें विराट से जवाब मिला. हसीब हमीद ने बताया कि खुद विराट कोहली ने उन्हें अपना फोन नंबर देकर कहा कि जब जरूरत हो फोन कर लेना.



## हसीब हमीद 3 सालों से इंग्लैंड की टीम से बाहर

हसीब हमीद ने साल 2016 में टेस्ट डेब्यू किया था और वो 2022 के बाद से इंग्लैंड की टीम से बाहर हैं. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 10 मैचों में 439 रन बनाए, उनके बल्ले से 4 अर्धशतक निकले. हमीद का औसत सिर्फ 24.38 का रहा और इसीलिए उन्हें इंग्लिश टीम से हटा दिया गया.

## विराट ने की हमीद की मदद

विराट कोहली ने कैसे और क्यों हसीब हमीद की मदद की इसपर इंग्लैंड के इस क्रिकेटर ने कहा, 'विराट कोहली हमेशा से ही काफी मददगार रहे हैं. जब भी मुझे बल्लेबाजी को लेकर कुछ पूछना होता था तो उन्होंने मेरी मदद की. मैं उनका काफी सम्मान करता हूं. उन्होंने मुश्किल वक्त पर मेरी मदद की है.' हमीद ने कहा कि साल 2016 में हुए राजकोट टेस्ट के बाद खुद विराट कोहली ने उन्हें अपना नंबर देकर मदद की पेशकश की जो कि उनके बड़प्पन को दिखाता है.

# बूम बूम बुमराह का फिर चलेगा मैजिक...

## मैनचेस्टर टेस्ट में बना सकते हैं 2 धाकड़ रिकॉर्ड, पीछे छूटेंगे वसीम अकरम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार (23 जुलाई) से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट मुकाबला खेला जाना है. इस मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के भी खेलने की संभावना है. बुमराह ने लीड्स और लॉर्ड्स में खेले गए मुकाबलों में हिस्सा लिया था, जबकि बर्मिंघम टेस्ट मैच से वो बाहर रहे थे. टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने साफ कर दिया था कि बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत इंग्लैंड दौरे पर केवल तीन टेस्ट मैच खेलेंगे. ऐसे में बुमराह इस दौरे पर शायद अपना आखिरी मैच खेलते नजर आ सकते हैं.

मोहम्मद सिराज ने सोमवार को मैनचेस्टर में कहा, अभी तक हम केवल इतना जानते हैं कि जस्सी (बुमराह) भाई खेलेंगे. उनसे भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के बारे में पूछा गया था, क्योंकि आकाश दीप और अर्शदीप सिंह चोटिल हैं. जसप्रीत बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट मैच में दो बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर सकते हैं. बुमराह के पास इंग्लैंड में सबसे ज्याद टेस्ट विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज बनने का है. बुमराह ने इंग्लैंड में अब तक 11 टेस्ट मैचों में 49 विकेट लिए हैं. पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम फिलहाल इंग्लैंड में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एशियाई बॉलर हैं. अकरम ने इंग्लैंड में 14 टेस्ट मैच खेलकर 53 विकेट लिए थे. यानी बुमराह को अकरम का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए सिर्फ 5 विकेट और चाहिए. पहले ये अनुमान लगाया जा रहा था कि जसप्रीत बुमराह मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होने वाले टेस्ट मैच से रेस्ट लेंगे, जबकि ओवल टेस्ट मैच में वो खेलेंगे. लेकिन आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के इंजर्ड होने के चलते बुमराह को अब शायद आराम नहीं मिलेगा. अर्शदीप बाएं हाथ के अंगूठे में लगी चोट के कारण चौथे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं. वहीं आकाश दीप का खेलना काफी मुश्किल है, जो ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे हैं.



**सेना कंट्रीज में सर्वाधिक पांच विकेट वॉल (एशियाई गेंदबाज)**

जसप्रीत बुमराह (भारत)- 33 टेस्ट, 157 विकेट, 11 बार 5 विकेट हॉल

वसीम अकरम (पाकिस्तान)- 32 टेस्ट, 146 विकेट, 11 बार 5 विकेट हॉल

## मुथैया मुरलीधरन (श्रीलंका)- 23 टेस्ट, 125 विकेट, 10 बार 5 विकेट हॉल

बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह दो बार पारी में पांच विकेट हॉल ले चुके हैं. ये पांच विकेट हॉल उन्होंने लीड्स और लॉर्ड्स टेस्ट मैच में लिए थे. अब बुमराह का मैजिक मैनचेस्टर टेस्ट मैच में भी देखने को मिल सकता है. फिलहाल टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 1-2 से आगे है. ऐसे मैनचेस्टर टेस्ट जीतकर भारतीय टीम के पास सीरीज को 2-2 से बराबरी करने का मौका है. हालांकि इसके लिए शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम को तीनों डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन करना होगा.

## वसीम अकरम का ये रिकॉर्ड भी तोड़ेंगे बुमराह?

जसप्रीत बुमराह के पास वसीम अकरम को एक और मामले में पछाड़ने का मौका है. दरअसल बुमराह अब तक सेना (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) कंट्रीज में 11 बार टेस्ट पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट ले चुके हैं. अकरम के नाम भी सेना कंट्रीज में इतने ही पांच विकेट हॉल हैं. फिलहाल बुमराह और अकरम सेना कंट्रीज में सबसे ज्यादा बार पांच विकेट हॉल लेने वाले एशियाई गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से टॉप पर हैं. अगर बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट में 5 विकेट हॉल ले लेते हैं, तो वो सेना कंट्रीज में सबसे ज्यादा बार टेस्ट पारी में पांच विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाजों में अकेले टॉप पर काबिज हो जाएंगे.

सीएम रेखा गुप्ता ने दिए आदेश

# दिल्ली की पेंशन योजनाओं में जल्द जोड़े जाएंगे नए नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार की ओर से चलाई जा रही पेंशन योजनाओं में जल्द नए नाम शामिल किए जाएंगे। सरकार इसके लिए अपात्र लोगों को चिह्नित कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को इस विषय पर समाज कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दिनों महिला समृद्धि योजना में हजारों ऐसी महिलाओं की पहचान की गई, जो अपात्र थीं। उनके नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेंशन के अपात्र लोगों का नाम काटकर पात्र लोगों को शामिल करने के निर्देश अफसरों को दिए गए हैं।



मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सामाजिक कल्याण विभाग और अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार केवल आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि पुनर्वास, कौशल विकास, शैक्षिक सहायता और अन्य सामाजिक सेवाएं भी प्रदान कर रही है। उनकी सरकार गरीबों, बुजुर्गों और सरकारी आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले लोगों के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है।

उन्होंने कहा कि इन वर्गों के लिए चलाई जा रही सभी मौजूदा योजनाओं को दोबारा से परखा जाएगा, ताकि योग्य लाभार्थियों तक सहायता पहुंचे और अपात्र व्यक्तियों को योजनाओं से बाहर किया जा सके।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को डिजिटल कार्ड देने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। पिछली सरकार ने इस वर्ग के साथ धोखाधड़ी की है, लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इन योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार और पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हम सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र व्यक्ति इसके लाभ से वंचित न रह जाए और सरकारी संसाधनों का सदुपयोग हो। बैठक में विकलांगता प्रमाणन में देरी, भिक्षुओं के पुनर्वास और लाभार्थी डेटा के डिजिटलीकरण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि गरीब, बुजुर्ग व अन्य वर्ग के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। इनमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए आर्थिक सहायता योजना शामिल है। यह योजना 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। पात्र व्यक्तियों को उनकी आयु के अनुसार 2000 से 2500 रुपये तक की राशि दी जाती है। इस योजना के तहत चार लाख से अधिक बुजुर्गों को यह राशि प्रदान की जा रही है।

# अब यमुना के बाढ़ क्षेत्र में नहीं हो सकेगा अतिक्रमण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में अब यमुना के बाढ़ क्षेत्र में अतिक्रमण करना संभव नहीं हो सकेगा। वजीराबाद बैराज से आईटीओ बैराज तक यमुना के बाढ़ क्षेत्र के 11 किलोमीटर लंबे हिस्से पर अतिक्रमण रोकने के लिए डीडीए ने खास तैयारी शुरू कर दी है। डीडीए यमुना के बाढ़ क्षेत्र में स्थित अपने सभी मौजूदा और भावी पार्कों को आपस में जोड़ने की भी योजना बना रहा है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) वजीराबाद बैराज से आईटीओ बैराज तक यमुना के बाढ़ क्षेत्र के 11 किलोमीटर लंबे हिस्से पर स्टील की बाड़ लगाएगा। इसका उद्देश्य पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील इस क्षेत्र को अतिक्रमण से बचाना है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि लगभग 18 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना को चयनित ठेकेदार द्वारा चार महीनों के भीतर पूरा किया जाएगा। यह पहल नदी के डूब क्षेत्र को फिर से प्राप्त करने और संरक्षित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। इस वर्ष अप्रैल में डीडीए ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को बताया था कि उसने जनवरी और अप्रैल के बीच यमुना वनस्थली परियोजना के तहत 24 एकड़ अतिक्रमित जमीन से कब्जा हटाकर उसे फिर से प्राप्त कर लिया है।

# उमस के बीच झूमकर हुई सावन की बारिश

## दिल्ली-एनसीआर में आईएमडी का ऑरेंज अलर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार का दिन राहत लेकर आया है। दो दिनों से रुका बारिश का सिलसिला और उसपर उमस का सितम दिल्ली के साथ आसपास के शहरों को भी परेशान कर रहा था। आज सुबह से ही बादलों ने मन बना लिया था और अब देश की राजधानी, नोएडा और बाकी शहरों में भी बारिश ने ठंडक पहुंचाने का काम किया है। दिल्ली के अलावा नोएडा,गाजियाबाद समेत एनसीआर में आज इंद्रदेव सुबह से ही संकेत दे चुके थे। बादलों के बीच गायब हुए सूर्यदेव और बाद में हुई झमाझम बरसात दो दिन की उमस को कम करने में थोड़ी ही सही पर सफल हुई है। आज के लिए मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट भी है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में आज हल्की से मध्यम बारिश होगी। इसके साथ गरज-चमक और 40 की स्पीड से हवाएं भी चलेंगी। दिल्ली के अलावा एनसीआर इलाकों की बात करें तो यहां भी हल्की बरसात का अलर्ट है। इसके साथ आज दिनभर के लिए एनसीआर शहरों में येलो अलर्ट घोषित कर दिया गया है। मौसम विभाग ने बारिश की भविष्यवाणी पहले ही कर दी थी। आईएमडी ने बताया था कि अगले 2 घंटों के दौरान दिल्ली और एनसीआर के पूरे इलाके, सोनीपत, रोहतक,



खरखौदा, मट्टनहेल, झज्जर, फर्रुखनगर, कौसली, महेंद्रगढ़, सोहना, रेवाड़ी, पलवल, बावल, नूंह, औरंगाबाद (हरियाणा), बागपत, मेरठ, खेकड़ा, मोदीनगर, किठौर, गढ़मुक्तेश्वर, पिलखुवा, हापुड़, गुलाओठी, स्याना, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, खुर्जा (यूपी), भिवाड़ी, तिजारा, खैरथल बारिश हो सकती है।

# सैन्य सेवा में हुई बीमारी पर ताउम्र दिव्यांगता पेंशन मिलेगी

## हाईकोर्ट ने एयरफोर्स अफसर के हक में सुनाया फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने वायुसेना में 31 साल सेवा देने वाले एक ग्रुप कैप्टन को नौकरी के दौरान हुए हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज टाइप-टू को दिव्यांगता की श्रेणी में मानते हुए ताउम्र दिव्यांगता पेंशन देने का आदेश दिया है।

जस्टिस सी. हरीशंकर और जस्टिस अजय दिग्पॉल की बेंच ने कहा कि सशस्त्र बलों में भर्ती के समय उम्मीदवारों की शारीरिक व मानसिक स्थिति की जांच होती है। यदि वह भर्ती के समय पूर्ण रूप से स्वस्थ पाया गया हो, तो बाद में हुई स्वास्थ्य गिरावट को सैन्य सेवा का परिणाम माना जाएगा। बेंच ने माना कि सशस्त्र बलों में तैनाती के दौरान अधिकारी तनाव और दबाव में काम करते हैं, जिससे हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं। यह तनाव और दबाव सेवा का अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन इससे होने वाली बीमारियां दिव्यांगता की श्रेणी में आती हैं। कोर्ट ने केन्द्र सरकार और वायुसेना की उस



याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें इस बीमारी को दिव्यांगता मानने के आदेश को चुनौती दी गई थी। ग्रुप कैप्टन गिरीश कुमार जौहरी, जिन्होंने वायुसेना में 31 वर्षों तक सेवा दी, ने सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) में याचिका दायर कर दिव्यांगता पेंशन की मांग की थी। उन्होंने दावा किया कि उन्हें नौकरी के दौरान ही हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज टाइप- हो गई थी। एएफटी ने उनके पक्ष में फैसला दिया, लेकिन केन्द्र सरकार और वायुसेना ने इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। अदालत ने माना कि सशस्त्र बलों में तनावपूर्ण सेवाएं इन बीमारियों का कारण बन सकती हैं, इसलिए अधिकारी दिव्यांगता पेंशन के पात्र हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने केन्द्र सरकार को आदेश दिया है कि वह वायुसेना के दिव्यांग अधिकारी को वर्ष 1996 से, जब उसे हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज टाइप-द्धद्ध की बीमारी हुई, उसके जीवनकाल तक मूल वेतन का 50 प्रतिशत दिव्यांगता पेंशन के रूप में दे। इसके साथ ही 1996 से अब तक की पूरी राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी अदा करने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने तीन महीने के भीतर पेंशन और बकाया राशि चुकाने को कहा है। यह पेंशन, अधिकारी की मूल रिटायरमेंट पेंशन के अतिरिक्त होगी।

# दिल्ली में फिर बच्चों ने किया बड़ा कांड, चाकू लेकर दोगुनी उम्र के शख्स पर टूट पड़े; मार ही डाला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक बार फिर बच्चों ने बड़ा कांड कर डाला है। दिल्ली के वेलकम इलाके में तीन नाबालिग लड़कों ने चाकू से हमला करके अपनी से दोगुनी उम्र के शख्स की हत्या कर डाली। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है और घटना की वजहों की तलाश की जा रही है। इस इलाके में इससे पहले भी कई बार नाबालिग लड़कों ने चाकूबाजी की घटनाओं को अंजाम दिया है। 21 जुलाई की देर रात लगभग 11:21 बजे पुलिस को वेलकम इलाके में जनता कॉलोनी में एक युवक पर चाकू से हमले की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को पता चला कि घायल को पहले ही जेपीसी अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मारने वाले की पहचान मुस्तकीन (39), पुत्र बब्बू खान, निवासी जनता मजदूर कॉलोनी के रूप में हुई। इस वारदात को लेकर वेलकम थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)/3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। वारदात वालीं जगह पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में तीन नाबालिग आरोपियों को वेलकम इलाके से पकड़ लिया। उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि मरने वाला मुस्तकीन और आरोपियों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद यह वारदात हुई।

# दिल्ली में स्वास्थ्य कर्मियों ने किया हड़ताल का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में स्वास्थ्य कर्मियों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है। इन स्वास्थ्य कर्मियों ने 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने की मांग की है। इनका कहना है कि 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने से जुड़ी फाइलें सरकारी कार्यालयों में पेंडिंग है। इन पर फैसला नहीं लिया जा रहा है। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि उनकी मांगों पर सरकार की ओर से विचार नहीं किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दिल्ली स्टेट हेल्थ मिशन (डीएसएचएम) के हजारों कर्मचारियों ने 28 जुलाई को पूरे दिन की सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया। कर्मचारी लंबे समय से लंबित अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगा रहे हैं। माना जा रहा है कि यदि कर्मचारी अपने फैसले पर अडिग रहते हैं तो इससे राष्ट्रीय राजधानी की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। टीबी एम्प्लॉई वेलफेयर असोसिएशन के प्रमुख सतविंदर सिंह ने इस डेवलपमेंट की जानकारी देते हुए कहा कि 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने वाली फाइलें सरकारी दफ्तरों में धूल फांक रही हैं। स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों को सरकार की ओर से बार-बार नजरअंदाज किया जा रहा है। यही नहीं दिल्ली स्टेट ऑल वर्टिकल प्रोग्राम एक्शन कमिटी की नेता भावना ने भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। इस बीच दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए और एनडीएमसी के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में दिल्लीवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और विश्व स्तरीय बनाने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने ऐलान किया कि जुलाई में दिल्ली को 30 से अधिक नए 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' मिलेंगे, जबकि अगस्त तक 75 और केंद्र शुरू किए जाएंगे।

# कांवड़ियों की संख्या बढ़ने से कई रूटों पर दिक्कत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अब कांवड़ियों की संख्या और बढ़ गई है। इस वजह से सोमवार को कई प्रमुख सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा और वाहन चालकों को जाम का सामना करना पड़ा। इसे ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस की ओर से कुछ रास्तों को बुधवार सुबह 8 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, दिल्ली से कांवड़ लेने गए श्रद्धालुओं के अलावा हरियाणा और राजस्थान के शिवभक्त भी लौट रहे हैं। इस वजह से सोमवार को राजधानी की सड़कों पर कई स्थानों पर जाम की समस्या देखने को मिली। इनमें रोहतक रोड, नजफगढ़ रोड, मथुरा रोड, कालिंदी कुंज चौक, सराय काले खां, आईटीओ, रिंग रोड, बाहरी रिंग रोड आदि शामिल हैं। ट्रैफिक पुलिस ने अपील की कि लोग सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें या अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलें।

# दिल्ली में पहले बाइक को ठोंका, फिर पैदल यात्रियों को कुचलता चला गया ट्रक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार सुबह गैस सिलेंडर से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी, जिससे 36 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ओखला टैंक बस स्टैंड के पास सड़क दुर्घटना के संबंध में सुबह करीब 10 बजकर 45 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को सूचना प्राप्त हुई। आश्रम की ओर से आ रहे एक ट्रक ने पहले सड़क पर खड़ी एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर भागने की कोशिश में कई पैदल यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। पास में अपोलो अस्पताल की लाल बत्ती पर तैनात यातायात कर्मचारियों ने वाहन को रोका और आरोपी चालक को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि हादसे में चार व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और पीसीआर कर्मियों ने अपोलो अस्पताल पहुंचाया। उनमें से एक व्यक्ति को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान सब्बीर (36) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है। वहीं दिल्ल्ली की डिफेंस कालोनी के पास रिंग रोड पर एक तेज रफ्तार डंपर ने रिक्शे पर जा रहे एक सब्जी विक्रेता को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

# ब्रिटेन की पूर्व सांसद का पति पर आरोप- 10 साल तक शोषण किया

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की पूर्व सांसद केट निवेटन ने अपने पति और पूर्व सांसद एंड्रयू ग्रिफिथ्स पर यौन शोषण और शादीशुदा जिंदगी में घरेलू हिंसा के गंभीर आरोप लगाए हैं। ब्रिटेन के टीवी चैनल आईटीवी1 की एक डॉक्यूमेंट्री में केट ने बताया कि ग्रिफिथ्स ने उनके साथ कई बार तब रेप किया, जब वह सो रही थीं। केट ने बताया वह तब मेरे साथ जबरन संबंध बनाता जब मैं नींद में होती थी। कई बार मैं बस सह लेती थी, लेकिन कई बार रो देती थी। तब वह गुस्से में मुझे बिस्तर से लात मारकर बाहर फेंक देता था। मैं रोती थी, डरती थी, लेकिन वह कहता था- कोई तुम्हारी बात पर भरोसा नहीं करेगा, मैं सांसद हूं, पुलिस भी मेरे साथ है। मैं खुद को एक कमरे में बंद कर लेती या घर छोड़कर चली जाती थी। ग्रिफिथ्स और केट की शादी 2013 में हुई थी। हालांकि 5 साल बाद ही 2018 में दोनों अलग हो गए।

**दो हफ्ते की बेटी को कहा- चुप हो जा हरामखोर:** एक घटना याद करते हुए केट ने बताया कि उनकी बेटी सिर्फ दो हफ्ते की थी। एक सुबह जब वह दूध के लिए रो रही थी और ग्रिफिथ्स संसद जाने की तैयारी कर रहा था। तब उसने बच्ची पर चिल्लाते हुए कहा- चुप हो जा हरामखोर.... केट आगे कहती है -लोग सोचते हैं कि मिडिल क्लास प्रोफेशनल लोगों के साथ ऐसा नहीं होता। लोगों को लगता है कि घरेलू हिंसा सिर्फ गरीब तबके में होती है, लेकिन सच ये है कि यह किसी के भी साथ हो सकती है। अदालत ने माना- रेप और मारपीट हुई थी ब्रिटेन के एक फैमिली कोर्ट ने 2021 में माना कि ग्रिफिथ्स ने केट के साथ रेप किया और बार-बार शारीरिक हिंसा की। कोर्ट ने यह भी माना कि उसने मानसिक रूप से भी उन्हें प्रताड़ित किया। केट ने कहा कि वो 5 साल की यातना झेलने के बाद भी 5 साल तक कानूनी सिस्टम से लड़ती रहीं। केट के मुताबिक अलग होने के बाद भी ग्रिफिथ्स उन्हें 5 साल तक लीगल सिस्टम के जरिए परेशान करते रहे। वे कहती हैं कि यही हाल हजारों महिलाओं का है, जिन्हें कोर्ट भी सुरक्षा नहीं दे पाता। केट की यह पूरी कहानी चैनल आईटीवी1 और उसके डिजिटल प्लेटफॉर्म आईटीवीएक्स पर ब्रेकिंग द साइलेंसः केट्स स्टोरी नाम की डॉक्यूमेंट्री में दिखाई जा रही है। इसमें केट की निजी कहानी के अलावा यह भी दिखाया गया।

## 26 देशों ने कहा- युद्ध रोके इस्राइल, निंदा प्रस्ताव पारित; अमेरिका-जर्मनी ने नहीं किए हस्ताक्षर

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन, फ्रांस और कई यूरोपीय देशों सहित 26 राष्ट्रों ने संयुक्त बयान जारी कर गाजा युद्ध को तुरंत समाप्त करने की मांग की है। दूसरी ओर, इस्राइली सेना ने सोमवार को पहली बार गाजा के मध्यवर्ती शहर दीर अल-बलाह में प्रवेश किया। 21 महीने के युद्ध में अब तक यह शहर बड़े युद्धक विनाश से बचा हुआ था। 26 देशों की ओर से संयुक्त बयान में गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला दिया गया है। इसमें 800 से अधिक फलस्तीनियों की मौत को भयावह बताया गया। वे भोजन-पानी की तलाश में थे। उन्होंने अमेरिका समर्थित संगठन गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के माध्यम से भेजे जा रहे भोजन वितरण के दौरान इस्राइली सैनिकों की गोलीबारी में सैकड़ों फलस्तीनियों के मारे जाने की भी निंदा की गई। इस बयान पर यूरोप के 20 देशों के साथ कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के विदेश मंत्रियों ने भी हस्ताक्षर किए, जबकि अमेरिका और जर्मनी इस सूची में शामिल नहीं है। गौरतलब है कि गाजा की 20 लाख से ज्यादा फलस्तीनी आबादी भयावह मानवीय संकट से जूझ रही है। अब वे मुख्यत: उस क्षेत्र में आने वाली सीमित मानवीय सहायता पर निर्भर हैं। यहां पर तमाम लोग कई बार विस्थापित हो चुके हैं। गाजा में जारी लड़ाई ने क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी संघर्षों को जन्म दिया है। इसमें इस्राइल और यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के बीच संघर्ष भी शामिल है। दीर अल-बलाह में इस्राइली सेना के प्रवेश करने के कदम को गाजा को सैन्य गलियारों में बांटने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। बंधकों के परिवारों ने इस्राइल के इस पर चिंता जताई है। इस्राइल का मानना है कि इस क्षेत्र में हमास के कब्जे वाले बंधकों का रखा गया है।

# निमिषा प्रिया को रिहा किया जाएगा, ईसाई प्रचारक केए पॉल का दावा; पीएम मोदी को कहा धन्यवाद

**सना, एजेंसी।**
यमन की जेल में बंद भारतीय नर्ष निमिषा प्रिया को रिहा किया जाएगा। ईसाई धर्म के प्रचारक केए पॉल ने ये दावा किया है। साथ ही केए पॉल ने पीएम मोदी को धन्यवाद भी कहा है। ईसाई धर्म के प्रचारक और ग्लोबल पीस इनीशिएटिव के संस्थापक डॉ. केए पॉल ने मंगलवार रात को एक वीडियो संदेश में दावा किया कि यमन की राजधानी सना की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा रद्द कर दी गई है। डॉ. केए पॉल ने वीडियो संदेश में यमन के नेताओं को धन्यवाद दिया और उनकी कोशिशों की सराहना की।

डॉ. केए पॉल ने कहा कि यमन के नेताओं ने बीते 10 दिनों तक दिन रात काम किया। डॉ. पॉल ने कहा कि मैं उन सभी नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने निमिषा प्रिया की मौत की सजा को रद्द कराने में मदद की। भगवान के आशीर्वाद से निमिषा प्रिया को जल्द ही रिहा किया जाएगा और फिर वह भारत लौटेगी। मैं प्रधानमंत्री मोदी को भी धन्यवाद करता हूं, जो निमिषा प्रिया को ले जाने के लिए राजनयिक भेज रहे हैं। बीते हफ्ते भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी अपने एक बयान में बताया था कि सरकार निमिषा प्रिया को बचाने के लिए क्या-क्या कदम उठा रही है। सरकार ने निमिषा प्रिया के परिवार की मदद के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है, जो यमन के कानून के मुताबिक उनकी मदद कर रहा है। साथ ही शरिया कानून के तहत निमिषा को माफी मिलने के कोशिशों की भी जानकारी दी।

विदेश मंत्रालय के बयान से पहले केरल के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबुबकर अहमद कांतापुरम ने बताया कि उन्होंने यमन के मुस्लिम धर्मगुरुओं से बात की है और उनसे निमिषा प्रिया की रिहाई की अपील की। शेख अबुबकर ने दावा किया कि उनके बात करने के बाद ही निमिषा को 16 जुलाई को दी जाने वाली फांसी की सजा टाल दी गई थी। केरल के पलक्कड़ की निवासी निमिषा प्रिया साल 2008 में एक नर्स के रूप में काम करने के लिए यमन गई थीं। वहां कई अस्पतालों में काम करने के बाद निमिषा प्रिया साल 2011 में केरल वापस आई और यहां टॉमी थॉमस से उनकी शादी हुई। दोनों की एक बेटी है, जो इस समय केरल में रहती है। साल 2015 में निमिषा ने यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी के साथ मिलकर एक मेडिकल क्लीनिक की शुरुआत की थी। साल 2017 में



महदी का शव एक वॉटर टैंक में पाया गया और हत्या का आरोप निमिषा पर लगा। आरोप है कि निमिषा ने नींद की दवा की अधिक डोज देकर महदी की हत्या की और उनके शव को छिपाने की कोशिश की। इसके एक महीने बाद निमिषा को यमन-सऊदी अरब की सीमा से गिरफ्तार किया गया। निमिषा के वकील ने दलील दी कि महदी ने निमिषा का शारीरिक उत्पीड़न किया और उसका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया था और निमिषा को धमकाया था। हालांकि तलाल अब्दो महदी के भाई ने इन आरोपों से इनकार किया। साल 2020 में, सना की एक अदालत ने निमिषा को मौत की सजा सुनाई। साल 2023 में यमन के सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस सजा को बरक़रार रखा। निमिषा प्रिया फ़िलहाल सना जेल में बंद है। निमिषा प्रिया के लिए कथित मसीहा बने सैमुअल जेरोम पर तलाल के परिवार ने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। तलाल अब्दो महदी के भाई अब्दुल फतह ने कहा है कि सैमुअल जेरोम ने उनके परिवार से कभी मुलाकात ही नहीं की। उन्होंने कहा कि जेरोम निमिषा प्रिया के नाम पर अवैध रूप से फंड इकट्ठा कर रहे हैं। उन्होंने जेरोम पर 40 हजार डॉलर के गबन का आरोप लगाया है। यमन के ही एक मीडिया एक्टिविस्ट सैमुएल जेरोम ने निमिषा प्रिया से संबंधित जानकारी दी थी। जेरोम का कहना था कि वह निमिषा को बचाने के लिए कई साल से प्रयास कर रहे हैं। वहीं अब तलाल अब्दो के भाई ने जेरोम पर गुस्सा जाहिर करत हुए उन्हें फर्जी बताया है। मृतक तलाल के भाई अब्दुल फतह महदी ने कहा कि जेरोम खुद को वकील बताता है जो कि सही नहीं है। उन्होंने कहा कि जेरोम ने निमिषा प्रिया के नाम पर क्राउड फंडिंग के जरिए 40 हजार डॉलर इकट्ठे कर लिए। इसकी जानकारी पीड़ित के परिवार को भी नहीं थी। महदी ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा कि यमन के राष्ट्रपति ने जब निमिषा प्रिया की फांसी को मंजूरी दी तो उनकी मुलाकात जेरोम से हुई थी। जेरोम मुस्करा रहे थे और उन्होंने कानूनी जीत के लिए फतह को बधाई भी दी थी। महदी ने कहा कि बिचौलिए का काम करते हुए जेरोम हमारे लहू का सौदा कर रहे हैं। अगर उन्होने यह सब नहीं बंद किया तो सच सबके सामने आ जाएगा। निमिषा प्रिया को बचाने के लिए बनी इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल ने भी जेरोम से दूरी बना ली है। काउंसिल के कानूनी सलाहकार सुभाष चंद्रन केआर ने कहा कि जेरोम ने 28 दिसंबर 2024 को ही ग्रुप छोड़ दिया था। इससे पहले 27 दिसंबर को ही दूतावास के माध्यम से उन्हें 20 हजार डॉलर दिए गए थे। काउंसिल ने जब उनकी कार्यशैली के बारे में जानने की कोशिश की तो उन्होंने दूरी बना ली। उन्होंने कहा कि निमिषा प्रिया के मामले में बातचीत कर रहे सुन्नी लीडर कांतापुरम एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के सूफी स्कॉलर्स का अपमान करने के बाद जेरमो से काउंसिल ने दूरी बना ली।

# कार्यालय से बाहर निकल डीडीसी ने दुर्घटनाग्रस्त कृष्णकांत की फरियाद सुनीं

## जनता दरबार पहुंचे लोगों के कई मामलों का मौके पर किया निष्पादन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं गुड गवर्नेंस की प्रतिबद्धता के तहत मंगलवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आम लोगों की समस्याओं पर सुनवाई की। मौके पर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए 41 से अधिक लोगों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। डीडीसी ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुना और कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को अविलंब जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**दुर्घटनाग्रस्त युवक की पीड़ा को लेकर मित्रों ने रखी बात**

जनता दरबार के दौरान एक विशेष मामला रेलवे कालोनी चास के दुर्घटनाग्रस्त युवक कृष्णकांत महतो से संबंधित सामने आया। उसके मित्रों ने उपस्थित होकर बताया कि दुर्घटना के कारण कृष्णकांत चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वह सीढ़ी चढ़कर ऊपर नहीं आ सकते, इसलिए अपनी समस्या स्वयं नहीं रख पा रहे हैं। इस पर डीडीसी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कहा कि वे स्वयं युवक से मिलने जाएंगी। जनता दरबार के उपरांत डीडीसी समाहरणालय के नीचले तल्ले पर पहुंचीं और कृष्णकांत से भेंट कर उसकी समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके से ही सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं चिकित्सकीय टीम को निर्देश दिया कि समन्वय स्थापित कर कृष्णकांत को बेहतर इलाज और समुचित चिकित्सकीय सुविधा तत्काल मुहैया कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन हर जरूरतमंद और असहाय व्यक्ति के साथ है, और जिले में सेवा भाव ही प्रशासनिक मूल मंत्र है।

**विभिन्न विभागों से संबंधित रहीं शिकायतें**

जनता दरबार में जिन विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उनमें प्रमुख रूप से भूमि अतिक्रमण, जमीन पर अवैध कब्जा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, सिविल सर्जन कार्यालय, बीएसएल, श्रम अधीक्षक कार्यालय, भू-अर्जन, राजस्व, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं पदाधिकारी कार्यालय, जिला समाज कल्याण विभाग, अंचलाधिकारी कार्यालय, जिला आपूर्ति कार्यालय, लीड बैंक प्रबंधन एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आदि शामिल रहा। डीडीसी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य केवल सुनवाई नहीं, बल्कि समाधान है। आम जनता का विश्वास बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों की त्वरित जांच कर आवेदकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करें और समाधान सुनिश्चित करें। जनता दरबार में डीपीएलआर निदेशक मेनका, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# बीएसएल के सेक्टर 2सी स्थित ठेका श्रमिक प्रशिक्षण केंद्र में वी आर लैब एवं योग प्रशिक्षण का शुभारम्भ



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 22 जुलाई को बीएसएल के सेक्टर 2C स्थित ठेका श्रमिक प्रशिक्षण केंद्र में वी आर लैब एवं योग प्रशिक्षण का शुभारम्भ निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया. इस मौके पर अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर मिश्रा, बीजीएच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (एस & एफ एस) श्री बी के सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) श्री शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल) लक्ष्मी दास, वरीय अधिशासी, कर्मचारी तथा ठेका श्रमिक उपस्थित थे. कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (एस & एफ एस) श्री बी के सरतापे ने ठेका श्रमिकों के सुरक्षा प्रशिक्षण हेतु वर्चुअल रियलिटी लैब के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह लैब सभी ठेका श्रमिकों के कार्य सम्बंधित सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए उन्नत तकनीक से सामान्य सुरक्षा, ऊंचाई पर काम करने के सुरक्षात्मक पहलु, सीमित स्थान में काम के प्रति सुरक्षा तथा जटिल कार्य विधियों के खतरों के बारे में प्रशिक्षण का नया आयाम खोलने का माध्यम है. निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने वीआर लैब प्रशिक्षण कक्ष के शुभारम्भ के लिए सभी को बधाई दी तथा उन्होंने कहा कि वी आर लैब ठेका श्रमिकों के सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा. निदेशक प्रभारी ने ठेका श्रमिकों को इस केंद्र में योग प्रशिक्षण की सुविधा का भी लाभ उठाने का आह्वान किया. उद्घाटन के पश्चात निदेशक प्रभारी ने प्रशिक्षण केंद्र परिसर में वृक्ष रोपण भी किया. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) श्री हिमांशु शर्मा ने किया.

## संक्षिप्त समाचार

### चैंपियन बनी धनबाद टीम को उपायुक्त ने किया सम्मानित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने 64 वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में स्टेट चैंपियन बनी धनबाद की टीम को आज सम्मानित किया। उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों की नेशनल प्रतियोगिता में भी चैंपियन बनने के लिए हौसला अफजाई की। उन्होंने टीम के सभी खिलाड़ियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि पीएम बीटीएम हाई स्कूल, मलकेरा ने जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद रामगढ़ में आयोजित प्रमंडलीय प्रतियोगिता में धनबाद की टीम ने हजारीबाग की टीम को हराया। इसके बाद 19 जुलाई को रांची में आयोजित अंडर 17 बालक वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में धनबाद की टीम ने दुमका को 2-0 से हराकर विजय प्राप्त की। अब टीम बेंगलुरु में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने के लिए तैयारी कर रही है। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, एडीपीओ आशीष कुमार, टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रदीप नियोगी, विद्यालय के प्राचार्य जय होरो, टीम के कप्तान जॉन कुमार तथा टीम के सदस्य विश्वजीत कुमार, अंकित कुमार, रोहित कुमार, दीपक कुमार, बसंत कुमार, सुजल कुमार, बबलू कुमार, प्रिंस चौहान, प्रशांत दिगर, श्री आकाश कुमार, अभय कुमार तथा रघुनंदन बाउरी मौजूद थे।



### 780 किलो मिलावटी पनीर सहित अन्य खाद्य सामग्री जब्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर आज तड़के 4 बजे अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सिविल सर्जन आलोक विश्वकर्मा, डीएसपी मुख्यालय के सहयोग से खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने बिहार से धनबाद आने वाली बसों में श्रमिक चौक से पूजा टॉकीज के बीच छापामारी की। छापामारी के दौरान बिहार से धनबाद आने वाली विभिन्न बसों की जांच की गई। जिसमें बुंदेला बस से 780 किलो मिलावटी पनीर, 80 किलो खोवा, 25 किलो पेड़ा एवं 25 किलो लड्डू जब्त किए गए। उपायुक्त ने बताया कि झारखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री एवं खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने सख्त निर्देश दिया है कि आगामी त्योहारों को लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया जाए। इसी संदर्भ में आज तड़के जांच अभियान चलाया गया।उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी पिछले दो दिनों से इन बसों की रेकी कर रहे थे। जिसमें पाया गया कि इन बसों में भारी मात्रा में पनीर एवं अन्य खाद्य सामग्री उतारी जाती है। जब्त पनीर, खोवा, पेड़ा एवं लड्डू की खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने स्पोट पर जांच की। जांच में सभी सामग्रियों में स्टार्च की मौजूदगी पायी गयी है। सभी मिलावाटी सामग्रियों को जब्त कर लिया गया है एवं सभी सामग्री का नमूना लेकर रासायनिक जांच हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम, रांची भेजा जा रहा है। वहीं बुन्देला बस के मालिक पर भी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारों के मजद्देनजर खाद्य समाग्री में मिलावट के विरूद्ध छापामारी अभियान जारी रहेगा।



### दर्जनों गरीब बच्चों का डालसा ने बनवाया आधार कार्ड

**सरकारी योजनाओं से गरीब बच्चे न रहें वंचित : न्यायाधीश**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नालसा एवं झालसा द्वारा गरीब बच्चों के लिए चलाए गए विशेष योजना साथी के तहत मंगलवार को विशेष कैंप लगा कर दर्जनों गरीब बच्चों का आधार कार्ड बनवाया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर जिले में साथी योजना चलायी जा रही है जिसके तहत गरीब बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को विभिन्न ब्लॉक एवं पंचायत स्तर से डालसा के अधिकार मित्रों ने गरीब बच्चों को चिन्हित किया जिन्हे आधार सेन्टर पर ले जाकर उनका आधार कार्ड बनवाया गया। अब उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साथी इकाई की टीम व अधिकार मित्र द्वारा धनबाद जिले के सभी प्रखंडों और पंचायतो में इस योजना के तहत ऐसे बच्चों को चिन्हित किया गया जिनका अभी तक आधार कार्ड नहीं बना था इस कारण उन्हें किसी भी सरकारी योजनाओं से नहीं जोड़ा जा सका था।

# डीडीसी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (बी-पीएमएफबीवाई) खरीफ 2025 में जिले के शत प्रतिशत किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के दोनों अनुमंडल क्षेत्र चास एवं बेरमो के विभिन्न प्रखंडों/पंचायत क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ झ उद्देश्य के प्रति जागरूक करेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार ने किसानों की सहूलियत एवं उनके आर्थिक सुदढ़ीकरण को लेकर खरीफ वर्ष 2025 के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (बी-पीएमएफबीवाई) लांच की है। जिले के किसान योजना का लाभ लेने के लिए आगामी 31 जुलाई तक अपना बी-पीएमएफबीवाई में नांमाकन कराएं। किसान नामांकन एवं योजना की अधिक जानकारी के लिए बैंक शाखा, सीएससी, बीमा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी (डीसीओ) ने कहा कि किसानों को क्षतिपूर्ति राशि धान के लिए 81,291.40 रुपए प्रति हेक्टेयर तथा मक्का के लिए 50,767.20 रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। किसान एक रुपए टोकन मनी पर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं, बीमा के लिए अलग से कोई प्रीमियम देय नहीं है। उन्होंने कहा कि फसल बीमा के लिए किसान को आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि स्वामित्व सम्बन्धी प्रपत्र, बटाई प्रमाण पत्र (बटाईदार कृषक होने पर नोटराईज्ड), फसल बुवाई प्रमाण पत्र (स्वसत्यापित), मोबाइल नंबर आदि प्रस्तुत करना होगा। किसान योजना से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी कार्यालय और अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय या कृषि रक्षक टाल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं।

## रोटरी क्लब चास ने मनाया राष्ट्रीय आम दिवस

# प्राथमिक विद्यालय चास को लिया गोद



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास ने आज प्राथमिक विद्यालय स्पेशल हरिजन चास-1 को सर्वांगीण विकास के लिए गोद लिया तथा वहां के बच्चों के साथ राष्ट्रीय आम दिवस मनाया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच रोटरी क्लब चास द्वारा आम का वितरण किया गया। बच्चों ने रसीले आम का स्वाद लिया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि आम फलों का राजा है। सबसे ज्यादा पसंद किए जाने फलों में से एक है। इसीलिए इस स्वादिष्ट फल के सम्मान में 22 जुलाई को राष्ट्रीय आम दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में पौधे भी लगाए गए और बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। स्कूल की प्रभारी प्राचार्य मंजुला कुमारी ने कहा कि रोटरी क्लब चास द्वारा आयोजित कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्यवर्धक के साथ उनका बौद्धिक विकास होगा। रोटरी क्लब चास की सचिव ने कहा कि आम खाने से सेहत को एक नहीं बल्कि कई फायदे मिलते है। श्वेता ने कहा, आम केवल स्वाद में नहीं बल्कि पोषण में भी अग्रणी है। इस अवसर पर बिनोद चोपड़ा, पूजा बैद, कुमार अमरदीप, डॉ परिंदा सिंह, ललिता चोपड़ा, मंजीत सिंह, गौरव रस्तोगी, ज्योति अग्रवाल, मनप्रीत कौर, चनप्रीत सिंह, हरबंस सिंह ,विजय अग्रवाल, कविता मल्लिक, आनंद अग्रवाल, शैल रस्तोगी, संजय बैद आदि उपस्थित रहे। स्कूल के शिक्षक राजेश सिंह, तपन सर, केश्वरी मेम मैं कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# टाफी गाइडलाइन का प्राथमिकता से अनुपालन करें स्कूल के प्राचार्य : जिला परामर्शी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन व जिला शिक्षा पदाधिकारी के संयुक्त निर्देशन में बेरमो, नावाडीह एवं चन्द्रपुरा प्रखंड के सभी +2 स्कूल के प्राचार्य, बीपीओ एवं बीआरपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन चंद्रपुरा बीआरसी के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परामर्शी मो. असलम के द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो में वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। जिला परामर्शी ने प्रशिक्षण में आए सभी प्रतिभागियों को बताया कि विद्यालय को तम्बाकू मुक्त रखने के लिए टाफी गाईड लाईन के अनुसार कुल 9 बिन्दुओं पर कार्य करने हैं जो निम्न है :-

विद्यालय के मुख्य द्वार पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का बोर्ड/दिवाल लेखन होना चाहिए। विद्यालय के अन्दर यह परिसर/भवन तम्बाकू मुक्त है इसका बोर्ड/दिवाल लेखन होना चाहिए। परिसर के अन्दर तम्बाकू, तम्बाकू उत्पाद के उपयोग का कोई सबूत नही है, अर्थात सिगरेट/बीड़ी बटस या छोडे गए गुटका/तम्बाकू के पाउच/थूकने के धब्बे नही होना चाहिए। परिसर में तबाकू के दुष्परिणाम को दशार्ती पोस्टर एवं अन्य जागरूकता सामग्री का प्रर्दशन किया गया हो। पिछले 6 महीनों के दौरान कम से कम एक बार तम्बाकू नियंत्रण पर कोई गतिविधि का आयोजन करना। तम्बाकू मॉनिटर का नाम/ पदनाम और सम्पर्क नम्बर का उल्लेख साइनेज पर किया गया हो। शिक्षण संस्थान के आचार संहिता के कोड में हृतम्बाकू का उपयोग नहीह किए जाने संबंधित मानदंड का समावेश। शिक्षण संस्थान की चाहरदीवारी से 100 मीटर के दायरे में पीली रेखा द्वारा हृतम्बाकू मुक्त क्षेत्रह अंकित किया गया हो। शिक्षण संस्थान के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचने वाली दुकाने न हों।

जिला परामर्शी ने सभी शिक्षको को टाफी गाईड लाईन के अलावा ई-सिगरेट के बारे में भी जानकारी दी, कि ई-सिगरेट एक ऐसा उपकरण है जो सिगरेट, सिगार, पाईप, पेन एवं यूएसबी ड्राईव जैसा दिख सकता है जोकि निकोटीन लिकविड रूप में उपयोग करते है। यह विभिन्न फलेवर में लोग उपयोग करते है जो कि काफी खतरनाक होता है। साथ ही उनके द्वारा सभी से अनुरोध किया गया कि स्कूल स्तर पर एक जांच अभियान चला की इसकी जांच करना सुनिश्चित करें। नोडल पदाधिकारी एन0सी0डी0 डॉ सुधा सिंह ने बताया कि एक यह प्रशिक्षण के उपरान्त सभी स्कूल इसका अनुपालन करते हुए अपने स्कूल को तम्बाकू मुक्त घोषित करें।

# बीजीएच आकस्मिक वार्ड में एसी ब्लास्ट से लगी आग, सभी सुरक्षित





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल, बीएसएल के बोकारो जनरल अस्पताल के न्यू कैजुअल्टी जुड़े वार्ड में एसी ब्लास्ट होने से अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण पूरे कैजुअल्टी में धुआं भर गया। अस्पताल कर्मियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। अस्पताल कर्मी और सीआईएसएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मरीजों को मौके से पुराने कैजुअल्टी में शिफ्ट किया। जिस कारण एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इस घटना के कारण कैजुअल्टी में अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ उस समय कैजुअल्टी में चार मैरिज इलाजरत थे। जिन्हें आननफानन में पुराने कैजुअल्टी में शिफ्ट किया गया। इसकी सूचना बोकारो स्टील के फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और एसी में लगी आग को बुझाया और खिड़की दरवाजों को तोड़कर उसे धुआं निकालने का भी काम किया।

कैजुअल्टी में मौजूद नर्स ने बताया कि अचानक एयर कंडीशन फटने से आग लगी, जिस कारण पूरा कैजुअल्टी धुआं धुआं हो गया। मौके पर मौजूद डॉक्टर अवध किशोर ने बताया कि एयर कंडीशन में बाहर आग लगी थी । जिस कारण धुआं भर गया था। किसी तरह के जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। अस्पताल कर्मियों ने तुरंत अपने बुद्धि विवेक का इस्तेमाल करते हुए मरीजों को पुराने कैजुअल्टी में शिफ्ट किया है। बोकारो स्टील सुरक्षा कर्मी के पोस्ट प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अचानक आग लगने की सूचना हुई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई ।फायर ब्रिगेड के आने से पहले सभी मरीजों को हम लोगों ने मिलकर शिफ्ट कर दिया। आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया है।

# बीएसएल विस्तारीकरण के समर्थन में 3 अगस्त को संगोष्ठी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने हेतु प्रस्तावित विस्तारीकरण के जनसमर्थन में आगामी 3 अगस्त को संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय सेक्टर 3 में विस्थापित नेता सुनील कुमार महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में दस हजार बोकारो वासियों द्वारा इस विस्तारीकरण परियोजना के समर्थन में और बोकारो जेनरल अस्पताल को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने हेतु प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजने को लेकर भी रणनीति बनी। तय किया गया कि संगोष्ठी कार्यक्रम में बोकारो के सभी वर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सघन जनसंपर्क चलाया जाएगा। इस संगोष्ठी कार्यक्रम से हीं दो लाख लोगों का उपरोक्त विषयों के समर्थन में हस्ताक्षर कराने के कार्य का भी शुभारंभ होगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए कुमार अमित ने कहा कि इस विस्तारीकरण को धरातल पर आने से हीं बोकारो के विस्थापितों, कर्मचारियों और युवा बेरोजगारों की समस्याओं का समाधान होगा। इससे बोकारो के साथ साथ झारखण्ड के विकास को भी रफ़्तार मिलेगा। विस्थापित नेता निवारण प्रसाद महतो ने कहा कि विस्तारीकरण से एक ओर बेरोजगार विस्थापित युवाओं के समक्ष रोजगार के अवसर खुलेंगें वहीं दूसरी ओर विस्थापित गाँवों का भी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। डिप्लोमा यूनियन महामंत्री संदीप कुमार ने कहा कि बीएसएल के विस्तार होने से यहाँ मजदूरों की सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी साथ साथ लम्बित माँगें भी पुरी होंगी।

# कसमार में दो दिवसीय राज्य स्तरीय क्षेत्रीय एफएनएचडब्ल्यू प्रशिक्षण प्रारंभ



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य स्तरीय क्षेत्रीय एफएनएचडब्ल्यू दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कसमार में मंगलवार को शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण में जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए सचिव स्तर के अधिकारी से लेकर जमीनी स्तर पर कार्यरत प्रतिनिधियों सहित कुल 20 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रतिभागियों ने कसमार प्रखंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम संगठनों और आजीविका से जुड़ी गतिविधियों का क्षेत्रीय भ्रमण किया गया। साथ ही, कार्यों की स्थिति व प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

**खुडिबेड़ा ग्राम संगठनः आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य - पोषण कार्यों की हुई सराहना**

प्रतिभागियों ने खुडिबेड़ा ग्राम संगठन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच सहित पोषण से संबंधित कार्यों पर विस्तृत जानकारी ली। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र खुडिबेड़ा का भ्रमण कर वहां दी जा रही सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान एक गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें दीदियों की सक्रिय सहभागिता रही।

**मंजुरा संकुल संगठन की बैठक में जमीनी कार्यों पर हुई चर्चा**

आगे, मंजुरा आजीविका महिला स्वावलंबी संकुल संगठन द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में संगठन द्वारा शौचालय उपयोग, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, पशुपालन, बाल विवाह, पोषण, खानपान आदि विषयों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। मॉडल सीएलएफ द्वारा क्षेत्रीय प्रगति की एक विस्तृत पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी गई, जिसे प्रतिभागियों ने खूब सराहा।

**जीआरसी/गरिमा केंद्र एवं जेंडर सीआरपी की भूमिका की हुई सराहना**

प्रतिभागियों ने जीआरसी (जेंडर रिसोर्स सेंटर) / गरिमा केंद्र का भी भ्रमण किया, जहां डायन कुप्रथा, घरेलू हिंसा जैसे सामाजिक मुद्दों पर संकुल संगठन व जेंडर सीआरपी द्वारा किए जा रहे जागरूकता और हस्तक्षेप कार्यों की जानकारी दी गई। महिला अधिकार, सुरक्षा और सामाजिक समानता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रतिभागियों ने विशेष रूप से प्रशंसा की।

**मनरेगा एवं डीएमएफटी से बने संसाधनों का भी किया निरीक्षण**

अंत में प्रतिभागियों ने कसमार आजीविका संसाधन केंद्र का भ्रमण किया, जहां मनरेगा व डीएमएफटी मद से निर्मित सोलर यूनिट, बागवानी क्षेत्र, गाय शेड, वर्मी कम्पोस्ट शेड जैसे आजीविका आधारित संसाधनों का निरीक्षण किया गया। इन नवाचारों ने प्रतिभागियों को जमीनी स्तर पर आर्थिक सशक्तिकरण के सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया। इस भ्रमण में प्रखंड विकास पदाधिकारी कसमार नम्रता जोशी, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल डुंग डुंग, रामकृष्ण पाठक, रजनीकांत, सुभाष, कालीचरण, अमरनाथ सिंह, अतुल, मनोज कुमार यादव, यशोदा देवी, रंजीत, रमेश, बिस्वेश्वर, कुंती, चांदनी, सबिता, रजत, मीना समेत अन्य उपस्थित थे। साथ ही, ग्राम संगठन, वीओ और संकुल संगठन से उषा देवी (अध्यक्ष), शीमा देवी (सचिव), पबिता देवी (कोषाध्यक्ष), रीना, रीता, मुनि, गीता, आशा, सीता, शकुंतला, खुशबू, मंजु, रेखा, पम्मी, जिरू, मीना, प्रीति, सरिता आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मी द्वारा जालसाजी करने की शिकायत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्या सुनी। समस्या का समाधान करने के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में झरिया से आए एक व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने एक फाइनेंस कंपनी से जीविकाउपार्जन के लिए टेंपो फाइनेंस कराया था। नियमित रूप से किस्त भी भरता था, जिसकी रसीद उनके पास है। इसी बीच फाइनेंस कंपनी ने बकाया किस्त बताकर टेंपो अपनी शाखा में जमा कर दिया। जब पीड़ित ने किस्त की रसीद दिखाई तो फाइनेंस कंपनी ने कहा कि जिस शाखा कर्मी ने किस्त की रकम प्राप्त की है उसने ब्रांच में रकम जमा नहीं कराई है। उस कर्मी को ब्रांच द्वारा हटा दिया गया है तथा उसने जलसाजी की है। मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर उपायुक्त ने अग्रणी जिला प्रबंधक को इसकी विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com